सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 05 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 121, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**सेंसेक्स में 356 अंकों की उछाल**

विधानसभा चुनाव नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहने से सेंसेक्स में 356 अंक की मजबूती रही जबकि निफ्टी 122 अंक चढ़ा। }

10

**भारत-जमैका के बीच मजबूत हो रहे सम्बंध**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत-जमैका के बीच संबंध निरंतरता और बदलाव से प्रेरित हैं। जो वर्तमान सहयोग से मजबूत हो रहा है और भविष्य में अधिक संभावनाओं की ओर अग्रसर है। }

12



# बंगाल और असम में लहराया भगवा

❍ तमिलनाडु में अभिनेता विजय की पार्टी ने रचा इतिहास ❍ केरलम में यूडीएफ ने की सत्ता में वापसी ❍ पुडुचेरी में राजग ने हासिल की जीत







एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सोमवार को पश्चिम बंगाल में पहली बार जीत हासिल करने की ओर अग्रसर है और असम में एक बार फिर सरकार बनाने के लिए तैयार है। वहीं, अभिनेता-नेता विजय की टीवीके ने तमिलनाडु में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में शानदार शुरुआत कर धमाकेदार प्रदर्शन किया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, भाजपा ने 294 सीटों में से 152 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है और 52 सीटों पर आगे चल रही है। तृणमूल कांग्रेस के खाते में 79 सीटें जाती दिख रही हैं। तमिलनाडु में अभिनय से राजनीति में कदम रखने वाले विजय के नेतृत्व वाली नवगठित पार्टी टीवीके चुनावी मैदान में अप्रत्याशित प्रदर्शन कर रही है। तमिलनाडु में 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके 106 सीट पर आगे है और द्रविड़ दलों द्रमुक और अन्नाद्रमुक को पीछे छोड़ रही है। सत्ताधारी द्रमुक 59 सीटों पर और अन्नाद्रमुक 47 सीटों पर आगे है। द्रमुक के शीर्ष नेता एवं मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन चुनाव हार गए हैं और कई मंत्री अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से पीछे चल रहे हैं। केरल में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने एलडीएफ पर बढ़त बनाई है। पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की मतगणना जारी रहने के बीच, पूर्वी भारत भगवा रंग में रंगता नजर आ रहा है। विधानसभा चुनाव 2026 में सबकी नजर पश्चिम बंगाल पर रही, जहां ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी का लंबे समय से दबदबा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के साथ अब गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमलखिला हुआ है और उन्होंने सभी दलों से बदले के बजाय बदलाव के लिए काम करने का आह्वान किया। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह देश के उज्ज्वल भविष्य की उद्घोषणा का दिन है। प्रधानमंत्री ने कहा यह भरोसे का दिन है। यह भारत के महान लोकतंत्र ...शेष पृष्ठ 10 पर

## गंगोत्री से गंगासागर तक खिला कमल

### बंगाल में हुई जनशक्ति की जीत, असम में शानदार जनादेश, पुडडूचेरी में मिला जनता का आशीर्वाद : मोदी



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के साथ अब गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिला हुआ है, और उन्होंने सभी दलों से बदले के बजाय बदलाव के लिए काम करने का आह्वान किया। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह देश के उज्ज्वल भविष्य की उद्घोषणा का दिन है।

प्रधानमंत्री ने कहा, यह भरोसे का दिन है। यह भारत के महान लोकतंत्र पर भरोसे का दिन है, (जनता के लिए) काम करने की राजनीति पर भरोसे का दिन है, स्थिरता के संकल्प पर भरोसे का दिन है, और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना पर भरोसे का दिन है। उन्होंने विजय समारोह में कहा मैं पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और केरल की जनता को नमन करता ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भवानीपुर सीट से हारीं ममता बनर्जी



नई दिल्ली। देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना जारी है। बंगाल में भाजपा ने बड़ा उलटफेर करते हुए भवानीपुर सीट से ममता बनर्जी को हरा दिया है। भाजपा प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी ने ममता दीदी को 15000 वोट से हरा दिया है। भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी उम्मीदवार ममता बनर्जी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नये भारत के संकल्प की शक्ति है यह जनादेश

### पीएम मोदी की नीतियों पर मजबूत हो रहा जनता का विश्वास : योगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के ऐतिहासिक परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे पीएम मोदी के प्रति देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व और लोक-कल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है।

अपनी पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व एवं लोक-कल्याणकारी नीतियों पर देशवासियों का अटूट विश्वास है, जो आज विधानसभा चुनाव के ऐतिहासिक परिणामों के रूप में पुनः परिलक्षित हुआ है। पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनना इसी अगाध विश्वास का सुफल है। जन-जन का यह अभूतपूर्व जनादेश प्रधानमंत्री जी के 'नए भारत-विकसित भारत' के विराट संकल्प की सिद्धि को एक नई गति प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक विजय के लिए बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के भाजपा संगठन से जुड़े सभी समर्पित पदाधिकारियों, कर्मठ कार्यकताओं व विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई दी है।

## संक्षेप

### जालौन : खड़े ट्रक में घुसी कार, छह की मौत

जालौन (उप्र)। जालौन जिले के कालपी क्षेत्र में सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर तेज गति से गुजर रहा एक वाहन (एसयूवी) एक खड़े ट्रक से टकरा गया जिससे छह लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे हुई जब कानपुर की ओर से आ रहे वाहन (एसयूवी) के चालक ने नियंत्रण खो दिया और वह सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। पुलिस ने बताया कि अयोध्या से लौट रहे पीड़ित ललितपुर जिले के रहने वाले थे। चार घायलों को उरई के मेडिकल कॉलेज ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नयी तबादला नीति को कैबिनेट की मंजूरी, एक जनपद-एक व्यंजन योजना लागू

### नयी पॉलिसी के तहत 31 मई 2026 तक हो सकेंगे राज्य कर्मियों के ट्रांसफर, हाईटेंशन लाइनों से प्रभावित किसानों का मुआवजा बढ़ा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में सोमवार को कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। फैसलों में स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने, किसानों को राहत, युवाओं के कौशल विकास और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर रहा। इनमें एक महत्वपूर्ण निर्णय एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना का रहा, जिसे प्रदेश की नई पहचान के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसके साथ ही कैबिनेट ने सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए नई ट्रांसफर पॉलिसी को भी मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने बिजली की हाईटेंशन लाइनों से प्रभावित किसानों के लिए मुआवजा बढ़ाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। टावर के नीचे आने वाली जमीन पर अब 200 प्रतिशत मुआवजा मिलेगा, जबकि लाइन के नीचे आने वाली जमीन पर 30 प्रतिशत मुआवजा दिया जाएगा। इससे किसानों को कुल मिलाकर 21 प्रतिशत से 33 प्रतिशत तक अधिक लाभ मिलेगा।



**"योगी कैबिनेट ने नई न्याय संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तीन महत्वपूर्ण नियम लागू किए हैं, पहला ई-साक्ष्य प्रबंधन नियम, दूसरा ई-समन (इलेक्ट्रॉनिक आदेशिका) नियम और तीसरा सामुदायिक सेवा गाइडलाइंस 2026 है। ई-साक्ष्य के तहत अब डिजिटल सबूत सुरक्षित और मजबूत होंगे। सामुदायिक सेवा की नई गाइडलाइंस के अनुसार छोटे अपराधों में अब जेल भेजने के बजाय सामुदायिक सेवा कराई जा सकेगी। इससे अपराधियों को सुधार का मौका मिलेगा। जेलों पर बोझ कम होगा और समाज के लिए उपयोगी कार्य (जैसे सफाई, वृक्षारोपण, गो-सेवा, ट्रैफिक मैनेजमेंट) होंगे।"**

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट की तर्ज पर एक जनपद-एक व्यंजन योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत हर जिले के पारंपरिक व्यंजन को चिह्नित कर उसकी ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। योजना में गुणवत्ता सुधार, शेल्फ लाइफ बढ़ाने और निर्यात अवसर विकसित करने पर विशेष फोकस रहेगा। खाद्य कारोबार से जुड़े कारीगरों और उद्यमियों को 25% तक की सब्सिडी (अधिकतम 20 लाख रुपये) दी जाएगी। इसके लिए 150 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। आगरा का पेठा, मथुरा का पेड़ा व जौनपुर की इमरती जैसे व्यंजनों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में इसे बड़ा कदम माना जा रहा है। कैबिनेट बैठक में अधिकारियों/कर्मचारियों की नई स्थानांतरण नीति 2026-27 को मंजूरी दी गई है। इसके तहत, सभी ट्रांसफर 31 मई 2026 तक किए जाएंगे। नीति के तहत समूह क व ख के ऐसे अधिकारी, जिन्होंने किसी जनपद में 3 वर्ष या मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं, उनका स्थानांतरण अनिवार्य होगा, जबकि विभागाध्यक्ष/मंडलीय कार्यालय में तैनाती की अवधि इसमें शामिल नहीं होगी। मंडलीय कार्यालय में तैनाती की अधिकतम अवधि 3 वर्ष होगी। समूह क व ख के स्थानांतरण संवर्गवार कार्यरत अधिकारियों की संख्या के अधिकतम 20% और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अल-फलाह के प्रमुख की जमानत खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 493 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में अल-फलाह विश्वविद्यालय समूह के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी की जमानत अर्जी यह कहते हुए खारिज कर दी है कि उन पर लगे आरोप गंभीर प्रवृत्ति के हैं।

इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने कहा कि आरोपी अल-फलाह विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध संस्थानों के प्रशासन एवं वित्त प्रबंधन मेंं अहम भूमिकौ रखता है और अगर उसे जमानत पर रिहा किया जाता है, तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है। न्यायमूर्ति प्रधान ने कहा कि सभी तथ्यों, अपराध की गंभीरता और याचिकाकर्ता के पिछले आपराधिक इतिहास को ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 46.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ अब टावर के नीचे भूमि का दोगुना मुआवजा (पृष्ठ-02)
❍ माध्यमिक के छात्र एआई रोबोटिक्स में होंगे दक्ष (पृष्ठ-02)
❍ 39 पैसे टूटकर निचले स्तर 95.23 पर डॉलर (पृष्ठ-10)
❍ बढ़ते वैश्विक जोखिम के बीच कच्चे तेल में तेजी (पृष्ठ-14)
❍ पर्यवेक्षण को अनुपालन से देखना चाहिए आगे (पृष्ठ-14)

**त्वरित टिप्पणी** अब दो तिहाई भारत पर भगवा राज, सिर्फ छह राज्यों में सिमट कर रह गया है विपक्ष

## संयम व सेवा भाव से ही मिलता है सिंहासन

*मनोज बाजपेयी*

*पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है तो तमिलनाडु में थलापति विजय की पार्टी टीवी के ने इतिहास रच दिया है। केरलम में कांग्रेस को सरकार बनाने का मौका मिल रहा है। कुल मिलाकर अगर यह कहें कि इस चुनाव ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरलम में परिवर्तन की इबारत लिखी है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं होगा।*

*इन चुनावी नतीजों के साथ ही भाजपा और उसके सहयोगी दलों का दो तिहाई राज्यों पर कब्जा हो गया है जबकि इंडिया गठबंधन केवल छह राज्यों तक ही सिमट कर रह गयाहै। 21 राज्यों में राजग का भगवा ध्वज लहरा रहा है। इससे एक बात और जाहिर हो गई है कि सिंहासन तुनकमिजाजी से नहीं, बल्कि सबके हित की कामना से संयमित रहकर सबका साथ, सबका विकास करने और निःस्वार्थ सेवा करने से ही मिलता है। वैसे भी चुनाव में हार और जीत आम बात है लेकिन कुछ जीत सबको चौंकाती है। हारने वाले को भी और विजेता को भी। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का राजनीतिक गढ़ इतनी आसानी से ढह जाएगा, इसकी कल्पना तो शायद भाजपा को भी नहीं थी। जिस गढ़ में भगवा ध्वज लहराने के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी प्रयासरत रहे, उस पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अपना विजय ध्वज मजबूती से गाड़ दिया। ममता बनर्जी को राजनीतिक शिकस्त देने में सबसे बड़ी भूमिका शुभेंदु अधिकारी की रही जो कभी उनके अत्यंत वफादार सहयोगी हुआ करते थे लेकिन कहते हैं न कि 'जाहि पिकारो गेह ते कस न भेद कहि देई।' शुभेंदु अधिकारी के साथ का खाद-पानी पाकर भाजपा का कमल पश्चिम बंगाल में खिलता ही गया और हालात यह है कि ममता बनर्जी के पास पछतावे के सिवा कुछ भी नहीं बचा है।*



*मां-माटी और मानुष वाला उनका दांव उलटा पड़ गया है। इसके लिए उनके फैसले और नीतियां भी बहुत हद तक जिम्मेदार रही हैं। महिला होकर भी वे राज्य की महिलाओं की पीड़ा नहीं समझ पाईं। पिछला विधानसभा चुनाव प्रचार उन्होंने व्हील चेयर पर बैठकर किया था लेकिन चुनाव नतीजे आते ही वे जिस तरह अपने पैरों पर खड़ी हो गई थीं, उनके प्रति* ...शेष पृष्ठ 10 पर

## प्रीपेड मीटर अब पोस्टपेड मीटर की तरह कार्य करेगें : ऊर्जा मंत्री

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटर अब अनिवार्य रूप से प्रीपेड नहीं रहेगें। बल्कि उपभोक्ता अपनी मर्जी से इसे पोस्टपेड में बदल सकते हैं। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीएए) द्वारा प्रीपेड की अनिवार्यता खत्म करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। जिससे 75 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। इसके साथ ही सोमवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने ट्वीटर पर यह जानकारी दिया है।

शक्ति भवन में अधिकारियों के साथ बैठक में मंत्री ने निर्णय लिया है कि सभी स्मार्ट मीटर अब पोस्ट पेड मीटर की तरह ही काम करेंगे। मंत्री के अनुसार सभी उपभोक्ताओं का स्मार्ट मीटर सामान्य/पोस्ट-पेड मीटर की तरह ही कार्य करेगा। इसको इस तरह भी कह सकते है कि प्री-पेड नाम की व्यवस्था समाप्त हो गयी है। उन्होंने कहा कि जैसे आप पहले मासिक बिल भरते थे वैसे ही महीने की 1 तारीख से 30 तारीख तक का बिल अगले दस दिन में आपको एसएमएस या व्हाट्सऐप पर भेजा जाएगा। बिल मिलने के बाद दी गई समय सीमा में आप कृपया बिल अवश्य भरें, आपसे यह भी निवेदन है कि अपना फोन नंबर अपने बिल में जोड ले जिससे बिजली विभाग से आने वाले संदेशों पर बिल आसानी से देखा जा सके। विभाग को यह भी निर्देशित किया है कि किसी भी स्थिति में महीने ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# तीन राज्यों की अभूतपूर्व जीत पर ढोल-नगाड़ों की थाप पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर मना जश्न

- उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक और भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं का बढ़ाया जोश
- पार्टी कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई, आतिशबाजी कर किया खुशी का इजहार





विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली अभूतपूर्व सफलता पर उत्तर प्रदेश भाजपा मुख्यालय में सोमवार को जोरदार उत्सव मनाया गया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए, आतिशबाजी कर और एक-दूसरे का मुंह मीठा कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, रामप्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, हीरो बाजपेयी, मनीष शुक्ला, संजय चौधरी, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित व सहप्रभारी अतुल अवस्थी व चौधरी लक्ष्मण सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा के साथ अन्य पार्टी पदाधिकारी व बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा की विजय जनभावना का स्पष्ट प्रतिबिंब : केशव मौर्य

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की विजय नए भारत की जनभावना का स्पष्ट प्रतिबिंब है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को इस सफलता का मुख्य आधार बताते हुए कहा कि देश की जनता अब विकास और सुरक्षा की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों की जनता ने परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकारते हुए भाजपा के सुशासन मॉडल पर मुहर लगाई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि यह जीत उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं के लिए भी प्रेरणा है और आने वाले चुनावों में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे देश में विकास और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ती रहेगी।

## लोकतंत्र की जीत : बृजेश पाठक

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इन चुनाव परिणामों को भारतीय लोकतंत्र की जीत बताते हुए कहा कि यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की स्वीकृति है। उन्होंने कहा कि जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह स्थिरता, विकास और मजबूत नेतृत्व चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों ने गरीब, किसान, महिला और युवा सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है, जिसका परिणाम इन चुनावों में देखने को मिला है।

**जनता राष्ट्रहित की राजनीति को अपना रही : आनंद द्विवेदी :** लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे मजबूत और जन-आधारित राजनीतिक शक्ति बन चुकी है। यह परिणाम केवल वोटों का आंकड़ा नहीं, बल्कि जन-विश्वास, राष्ट्रवाद और विकास की राजनीति की विजय है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की रणनीतिक क्षमता तथा गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही है। विपरीत परिस्थितियों, चुनौतियों और बाधाओं के बावजूद हमारे कार्यकर्ताओं ने जिस साहस और समर्पण के साथ कार्य किया, वह प्रेरणादायक है। बंगाल की धरती पर भाजपा का निरंतर बढ़ता जनाधार इस बात का प्रमाण है कि जनता अब परिवर्तन चाहती है और राष्ट्रहित की राजनीति को अपना रही है।

## देश में विकास, सुशासन और विश्वास की राजनीतिक जीत

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने दी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को इस विजय का आधार बताते हुए इसे देश में विकास, सुशासन और विश्वास की राजनीति की जीत बताया।

उन्होंने कहा गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा को मां गंगा और जनता जनार्दन का आशीर्वाद मिल रहा है। बंगाल में टीएमसी का 'भय' परास्त हुआ है और प्रधानमंत्री मोदी का 'भरोसा' विजयी हुआ है। असम में विकास की 'हैट्रिक' ने साबित कर दिया है कि जनता अब केवल 'परफॉर्मेंस' की राजनीति चुन रही है। पूर्वी भारत से उठी यह लहर उत्तर प्रदेश के 'मिशन 2027' को अभूतपूर्व ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि साल के 365 दिन जनता की सेवा में समर्पित रहते हैं। हमारा संकल्प है कि डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक शत-प्रतिशत पहुंचाया जाए। हमारी पार्टी चुनाव के लिए हर वक्त तैयार रहती है, जिसे हम अब और 'फाइन-ट्यून' कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं लगातार प्रदेश का दौरा कर जमीनी हकीकत और कार्यकर्ताओं के उत्साह को देख रहा हूं। बंगाल और असम का यह परिणाम तो केवल ट्रेलर है, यूपी 2027 में सुशासन की हैट्रिक के साथ पूरी पिक्चर अभी बाकी है! प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी संगठन को और सशक्त बनाते हुए मिशन 2027 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जुटे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा आने वाले समय में और अधिक मजबूती के साथ जनता की सेवा करती रहेगी।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा की विजय पर बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम राष्ट्रवाद और विकास के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा ने देशभर में जनसेवा और पारदर्शी शासन का जो मॉडल प्रस्तुत किया है, उसी का परिणाम है कि जनता ने एक बार फिर भाजपा को अपना समर्थन दिया है।

# अब टावर के नीचे दोगुना मुआवजा, किसानों को मिलेगा ज्यादा लाभ

## टावर बेस पर 200% और लाइन कॉरिडोर पर 30% का होगा भुगतान, किसानों को कुल मिलाकर 21% से 33% तक अधिक लाभ मिलने का अनुमान




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने बिजली की हाईटेंशन लाइनों (765, 400, 220 और 132 केवी) से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत देते हुए मुआवजा व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। अब टावर (खंभे) के नीचे आने वाली जमीन पर किसानों को 200% यानी जमीन की कीमत का दोगुना मुआवजा मिलेगा। इसके साथ ही जिन खेतों के ऊपर से बिजली की लाइनें गुजरती हैं (राइट ऑफ वे/कॉरिडोर), वहां जमीन की कीमत का 30% मुआवजा दिया जाएगा। योगी कैबिनेट का इस निर्णय से किसानों को कुल मिलाकर 21% से 33% तक अधिक लाभ मिलने का अनुमान है।

ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने बताया कि 2018 से पहले टावर के नीचे या लाइन के कॉरिडोर में आने वाली जमीन पर प्रायः कोई मुआवजा नहीं मिलता था। 2018 में कुछ सुधार हुआ और टावर बेस के नीचे जमीन की कीमत का करीब 85% मुआवजा देने का प्रावधान किया गया, लेकिन लाइन के नीचे (कॉरिडोर) आने वाली जमीन के लिए तब भी कोई व्यवस्था नहीं थी। इससे किसानों में असंतोष रहता था और परियोजनाओं को पूरा करने में भी बाधाएं आती थीं। नई व्यवस्था में टावर (खंभे) के नीचे की जमीन पर 200% (दोगुना) मुआवजा निर्धारित किया गया है। तारों के नीचे आने वाले क्षेत्र (रो कॉरिडोर) पर 30% मुआवजा प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई है। मुआवजा जिलाधिकारी की ओर से तय सर्किल रेट के आधार पर दिया जाएगा।

इस फैसले से अब किसानों को पहले की तुलना में काफी ज्यादा और न्यायसंगत मुआवजा मिलेगा। जहां पहले या तो मुआवजा नहीं मिलता था या कम मिलता था, वहीं अब जमीन के उपयोग पर सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। इससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि बिजली परियोजनाओं में उनकी सहमति और सहयोग भी बढ़ेगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह निर्णय किसानों के हित में कदम है। इससे उन्हें उचित मुआवजा मिलेगा और विकास कार्यों के साथ किसान हितों का संतुलन भी सुनिश्चित होगा।

## 150 सरकारी स्कूलों में बनेंगी ड्रीम स्किल लैब्स

कैबिनेट ने मिलका नेटवर्क प्रोडक्ट्स लि. के सहयोग से प्रदेश के 150 राजकीय विद्यालयों में ड्रीम (डिजाइन, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग) स्किल लैब्स स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य छात्रों को नई तकनीकों से जोड़कर उन्हें भविष्य की औद्योगिक जरूरतों के अनुसार तैयार करना है। इन लैब्स के जरिए छात्रों को रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और आधुनिक डिजाइन जैसी स्किल्स सीखने का मौका मिलेगा। इस परियोजना में 68% निवेश टाटा नेल्को नेटवर्क प्रोडक्ट्स लि. द्वारा और 32% राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

**नोएडा में 653 करोड़ से बनेगा नया हाईटेक बिजली उपकेंद्र :** कैबिनेट बैठक में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र (गौतमबुद्ध नगर) में नया आधुनिक बिजली उपकेंद्र बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसके तहत सेक्टर-28, यीडा में 400/220 केवी का जीआईएस (गैस इंसुलेटेड) उपकेंद्र स्थापित किया जाएगा, जिसकी कुल क्षमता 3500 एमवीए होगी। करीब 653.53 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह उपकेंद्र क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे उद्योगों को मजबूत बिजली आपूर्ति देगा। इससे इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डेटा सेंटर, फिल्म सिटी और अन्य औद्योगिक इकाइयों को बिना रुकावट बिजली मिल सकेगी। यह परियोजना आने वाले समय में बिजली की मांग को भी ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है।

## कुशीनगर में राजकीय नर्सिंग कॉलेज की स्थापना का रास्ता साफ

**मेडिकल कॉलेज के बगल में निशुल्क भूमि हस्तांतरण को मंजूरी**

**लखनऊ/कुशीनगर।** तथागत बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में राजकीय नर्सिंग कॉलेज की स्थापना का मार्ग सोमवार को प्रशस्त हो गया। योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए कुशीनगर के मेडिकल कॉलेज (स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय) के बगल में स्थित सीलिंग भूमि में से 0.405 हेक्टेयर भूमि चिकित्सा शिक्षा विभाग को निशुल्क हस्तांतरित करने को मंजूरी मिल गई है। केंद्र सहायतित योजना के तहत भारत सरकार ने प्रदेश को 27 नर्सिंग कॉलेज आवंटित किए हैं। इन नर्सिंग कॉलेजों में जनपद कुशीनगर भी शामिल है। केंद्र सरकार की तरफ से प्रति नर्सिंग कॉलेज की लागत 10 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इसमें 60 प्रतिशत केंद्र का अंश होगा जबकि 40 प्रतिशत राज्यांश है। कुशीनगर में राजकीय नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए पडरौना तहसील के मौजा रामपुर में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) के बगल में 1.054 हेक्टेयर सीलिंग भूमि में से 0.405 हेक्टेयर भूमि का निशुल्क हस्तांतरण होना था। यह भूमि पडरौना-कुबेरस्थान मुख्य मार्ग से 500 मीटर दक्षिण में स्थित है। राजकीय नर्सिंग कॉलेज को निशुल्क भूमि हस्तांतरण के लिए प्रदेश कैबिनेट ने सोमवार को मंजूरी दे दी। कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में राजकीय नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से उच्च स्तरीय चिकित्सा में सहायता तो मिलेगी ही, स्थानीय स्तर पर रोजगार का भी सृजन होगा।

## हर जिले में तैनात होंगे ओटीडी सीएम फेलो, वन ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य को मिलेगी रफ्तार

- डेटा आधारित मॉनिटरिंग से विकास योजनाओं की होगी सटीक समीक्षा
- चयनित फेलो को 50,000 रुपये प्रतिमाह पारिश्रमिक के साथ मिलेंगी अन्य सुविधाएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश को ह्यवन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए बड़ा निर्णय लिया गया है। इसके तहत हर जिले में ओटीडी सीएम फेलो (वन ट्रिलियन डॉलर मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम) लागू किया जाएगा, जिससे जिला स्तर पर विकास योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन को और प्रभावी बनाया जा सके।

कैबिनेट के निर्णय के अनुसार प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचालित ओटीडी सेल को मजबूत करने के लिए दो विशेषज्ञ तैनात किए जाएंगे, एक आर्थिक विकास फेलो और एक डेटा विश्लेषक फेलो।

\ये दोनों मिलकर जिले की आर्थिक गतिविधियों की निगरानी और रणनीति निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। ये फेलो विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कृषि, उद्योग, निवेश, अवसंरचना, पर्यटन, रोजगार और जिला घरेलू उत्पाद (डीडीपी) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की नियमित समीक्षा करेंगे। नियोजन विभाग के डैशबोर्ड के माध्यम से ऑनलाइन रिपोर्टिंग और केपीआई आधारित मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे निर्णय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तथ्यपरक और परिणामोन्मुख बनेगी।

## डिजिटल सिस्टम से साक्ष्य होंगे सुरक्षित, छोटे अपराधों में जेल के बजाय सेवा

योगी कैबिनेट ने नई न्याय संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तीन महत्वपूर्ण नियम लागू किए हैं, पहला ई-साक्ष्य प्रबंधन नियम, दूसरा ई-समन (इलेक्ट्रॉनिक आदेशिका) नियम और तीसरा सामुदायिक सेवा गाइडलाइंस 2026 है। ये नियम न्याय प्रक्रिया को आधुनिक, तेज और ज्यादा प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम माने जा रहे हैं। ई-साक्ष्य के तहत अब डिजिटल सबूत सुरक्षित और मजबूत होंगे। नए ई-साक्ष्य प्रबंधन नियमों के तहत डिजिटल सबूत (जैसे मोबाइल डेटा, वीडियो, ईमेल आदि) को एक वैज्ञानिक तरीके से इकट्ठा, सुरक्षित और अदालत में पेश किया जाएगा। इससे सबूत के साथ छेड़छाड़ की संभावना कम होगी। केस मजबूत होंगे और फैसले ज्यादा सटीक होंगे।

वहीं, ई-समन नियम के तहत अब कोर्ट के समन और वारंट डिजिटल माध्यम से भेजे जा सकेंगे, जैसे ईमेल, मोबाइल मैसेज या अन्य ऐप्स के जरिए। इससे नोटिस जल्दी पहुंचेगा। साथ ही, प्रक्रिया पारदर्शी और ट्रैक करने योग्य बनेगी तो वहीं महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों में पहचान गोपनीय रहेगी। सामुदायिक सेवा की नई गाइडलाइंस के अनुसार छोटे अपराधों में अब जेल भेजने के बजाय ह्यसामुदायिक सेवाह्न कराई जा सकेगी। इससे अपराधियों को सुधार का मौका मिलेगा। जेलों पर बोझ कम होगा और समाज के लिए उपयोगी कार्य (जैसे सफाई, वृक्षारोपण, गो-सेवा, ट्रैफिक मैनेजमेंट) होंगे।

## अमरदीप विवि, फिरोजाबाद की स्थापना के लिए आशय पत्र जारी

- उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मेट्रो विवि नोएडा को संचालन के लिए अनुमति पत्र किया प्रदान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विस्तार और गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के अंतर्गत अमरदीप मेमोरियल ट्रस्ट, फिरोजाबाद को अमरदीप विश्वविद्यालय, फिरोजाबाद की स्थापना के लिए आशय पत्र निर्गत किया गया है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मंत्रिपरिषद के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि योगी सरकार का लक्ष्य उच्च शिक्षा को अंतिम पायदान तक सरल, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक जिले में उच्च शिक्षा संस्थानों का विस्तार हो, जिससे विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक अवसर प्राप्त हो सकें।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 एवं उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना) नियमावली, 2021 के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन उच्च स्तरीय समिति द्वारा किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा की जाती है। समिति की संस्तुति के आधार पर ही आशय पत्र निर्गत किया जाता है। उच्च शिक्षा मंत्री ने जानकारी दी कि उच्च स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 29 जुलाई 2025 को सम्पन्न हुई थी, जिसमें फिरोजाबाद के ग्राम पचवान स्थित 20.08 एकड़ भूमि पर अमरदीप विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुए आशय पत्र निर्गत करने की संस्तुति की गई। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय स्थापना की प्रक्रिया के तहत संबंधित संस्था के पास न्यूनतम 20 एकड़ भूमि का प्रावधान अनिवार्य है, जिसे अमरदीप मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा पूर्ण किया गया है।

समिति की संस्तुति के बाद सरकार द्वारा आशय पत्र जारी किया गया है, जिससे विश्वविद्यालय स्थापना की औपचारिक प्रक्रिया प्रारंभ हो सकेगी। इसके साथ ही सोमवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने अपने मंत्री आवास पर नोएडा में एक अन्य प्रतिष्ठित समूह द्वारा प्रस्तावित मेट्रो विश्वविद्यालय को संचालन के लिए आवश्यक अनुमति पत्र (एलओपी) प्रदान किया है, जिससे राज्य में उच्च शिक्षा के निजी क्षेत्र में विस्तार को और गति मिली है।

## माध्यमिक के छात्र एआई रोबोटिक्स में होंगे दक्ष

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा नौ से 12 के छात्र डिजाइन, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, एडिटिव मैनुफेक्चरिंग, एआई, ई-व्हीकल आदि क्षेत्रों से जुड़ी न सिर्फ पढ़ाई करेंगे। बल्कि इस क्षेत्र का अत्याधुनिक लैब के माध्यम से प्रशिक्षण भी लेंगे। इसके लिए टाटा के नेल्को नेटवर्क प्रोडक्ट लिमिटेड (टाटा) की ओर से प्रदेश के 150 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में ड्रीम स्किल लैब स्थापित की जाएगी।

प्रदेश सरकार की योगी कैबिनेट ने सोमवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग व नेल्को नेटवर्क के बीच मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एमओए) करने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दी। योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश के 18 राजकीय माध्यमिक विद्यालय एक हब के रूप में विकसित किए जाएंगे। यहां पर नेल्को नेटवर्क की ओर से अत्याधुनिक क्षेत्र से जुड़ी मशीनें लगाई जाएंगी। साथ ही प्रशिक्षक भी तैनात किए जाएंगे।

**भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रथम अध्यादेश को मंजूरी :** प्रदेश में सांस्कृतिक शिक्षा को अब और रफ्तार मिलेगी। प्रदेश कैबिनेट ने सोमवार को भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रथम अध्यादेश 2026 को मंजूरी दे दी है। इससे प्रदेश में कला, संगीत और संस्कृति से जुड़ी शिक्षा और शोध को व्यवस्थित करने में और सहयोग मिलेगा।

**दो फिल्में टैक्स फ्री :** कैबिनेट ने आरएसएस से संबंधित फिल्म शतक-राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष और गोदान को टैक्स फ्री करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इन दोनों फिल्मों को दर्शकों द्वारा प्रवेश के लिए देय जीएसटी के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

# यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले नहीं होंगे समाप्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने समेत कई तरह के गैर शमनीय अपराध करने के बाद अब बचना नामुमकिन होगा। योगी कैबिनेट ने इस बाबत सुप्रीम कोर्ट में लंबित रिट याचिका पर दिए गए आदेश का पालन करने के लिए उप्र आपराधिक विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन) (संशोधन) अध्यादेश लाने के गृह विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह अध्यादेश बीती 7 अप्रैल को भी कैबिनेट में मंजूर हुआ था हालांकि विधानसभा सत्र के दौरान पारित नहीं हो सका। इसकी वजह से इसे दोबारा कैबिनेट के सामने पेश करके सदन के पटल पर रखने की मंजूरी दी गई। इसके तहत गैर शमनीय अपराध पूर्व की तरह उपशमित (समाप्त) नहीं होंगे। अध्यादेश में संशोधन के बाद जिन अपराधों में अनिवार्य कारावास का दंड है, वे अपराध जो प्रथम अपराध नहीं हैं, अर्थात वे बाद के अपराध है, वे पूर्व की भांति स्वतः समाप्त नहीं होंगे। खासकर यातायात नियमों के उल्लंघन के कुछ मामले स्वतः समाप्त नहीं होंगे। उदाहरण के लिए यदि वर्तमान में किसी व्यक्ति के द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत अपराध किया गया है और वह जुमार्ना नहीं देता है तो एक समय बीतने के बाद कार्यवाही स्वतः समाप्त हो जाती है। अब उसे भी दंड का सामना करना होगा। साक्ष्यों के आधार पर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इससे नियमों का उल्लंघन करने वालों के भीतर कानून का भय उत्पन्न होगा, जिससे अपराधों में कमी आएगी।

**चार कताई मिल पर पार्क विकसित होंगे :** वाराणसी में टेक्सटाइल बनेगा। चार कताई मिल पर पार्क विकसित होंगे। अमरोहा, बरेली, संतकबीर नगर, बिजनौर की बंद पड़ी कताई मिल पर टेक्सटाइल पार्क विकसित किए जाएंगे। लखनऊ में बने टेक्सटाइल पार्क का जल्द पीएम करेंगे उद्घाटन करेंगे। प्रदेश में जितनी कताई मिले थी, उनकी जमीनों का उपयोग टेक्सटाइल पार्क बनाने में किया जाएगा।

**जालौन में सोलर प्लांट :** रिवीनिवेबल एनर्जी के लिए जालौन में 500 मेगा वाट का सोलर प्लांट लगाया जाएगा। यूपी उत्पादन लिमिटेड और कोल इंडिया मिलकर इसको विकसित करेंगे। 49 प्रतिशत राज्य का और 51 प्रतिशत कॉल इंडिया का है। शुरूआती लगात 10 करोड़ होगी. क्षेत्र में कई नए उद्योग लग रहे हैं। वहां बिजली वितरण की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। 400/220 का नया पॉवर स्टेशन बनाया जाएगा। जिस पर 653 करोड़ की लागत आएगी।

राज्य सरकार ने झांसी बबीना पेयजल योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में की गई जलापूर्ति का 17.65 करोड़ रुपये जल निगम (नगरीय) को देने का फैसला किया है। पंचायती राज विभाग यह पैसा पंचम राज्य वित्त आयोग से उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। झांसी बबीना पेयजल योजना से कुल सात ग्राम पंचायतों सिमरावली (तिलक नगर), खैलार, मानपुर, सैयर, बबीना रूरल, घिसौली व पुरा को पेयजल आपूर्ति की जाती है। इन ग्राम पंचायतों को केंद्रीय वित्त आयोग व राज्य वित्त आयोग की पर्याप्त धनराशि प्राप्त नहीं होती है। पंचायती राज विभाग इससे पेयजल आपूर्ति का बकाया बिल का भुगतान नहीं कर पा रहा है। जल निगम (नगरीय) ने पैसे की मांग करते हुए कहा है कि कार्मिकों के वेतन, पेंशन व अन्य देयकों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसीलिए पंचम राज्य वित्त आयोग की वित्तीय वर्ष 2025-26 की अंतिम किस्त मार्च 2026 की धनराशि 900 करोड़ रुपये में 17.65 करोड़ रुपये जल निगम (नगरीय) के भुगतान के लिए रोक कर शेष पंचायती राज निदेशालय को अनुपात के आधार पर किए जाने का फैसला किया है।

**मंडी परिषद कर्मियों की गड़बड़ियों का होगा निपटारा :** कैबिनेट ने मंडी समिति कर्मियों की भांति मंडी परिरषद कर्मियों की गड़बड़ियों के निपटारे की व्यवस्था संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। मंडी समितियों व मंडी परिषद के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सेवानिवृति के उपरांत पेंशन की सुविधा नहीं मिलती है। ऐसे में किसी कर्मचारी या अधिकारी की ओर से किसी गड़बड़ी के कारण मंडी समितियां अथवा मंडी परिषद को कोई आर्थिक क्षति पहुंचती है तो सेवानिवृति के बाद उनसे वसूली करना असंभव सा था। ऐसे में अब तक मंडी समितियों में इस प्रकार की आर्थिक गड़बड़ियों के कारण होने वाली क्षति के आधार पर समिति के सभापति को अधिकार है कि वह संबंधित पक्ष को सुनकर क्षतिपूर्ति या माफी का निर्धारण कर सकता है।

**गोरखपुर के वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश को मंजूरी :** गोरखपुर में पहला उत्तर प्रदेश वानिकी और औद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना से जुड़े पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रस्ताव को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। इसके लिए उत्तर प्रदेश वानिकी और औद्यानिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश-2026 के प्रख्यापन को स्वीकृति मिली है।

**कुशीनगर नर्सिंग कॉलेज के लिए मिली निःशुल्क जमीन :** कुशीनगर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। इसका निर्माण कुशीनगर के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के बगल वाली जमीन पर किया जाएगा। सीलिंग की इस भूमि को चिकित्सा शिक्षा विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने संबंधी चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रस्ताव को सोमवार को योगी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। प्रदेश में नर्सिंग सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने यूपी में 27 सरकारी नर्सिंग कॉलेजों को मंजूरी दी थी। इनमें कुशीनगर का नर्सिंग कॉलेज भी शामिल है। प्रत्येक नर्सिंग कॉलेज के निर्माण के लिए 10 करोड़ लागत निर्धारित की गई है, जिसमें 60 फीसदी केंद्रांश व 40 फीसदी राज्यांश है। कुशीनगर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए मौजा रामपुर तप्पा चौरा बड़गांव परगना तहसील पडरौना में स्थित सीलिंग की भूमि में से .405 हेक्टेअर भूमि निःशुल्क दी गई है।

# बिना कर्ज लिए 42,000 करोड़ की गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना पूरी : सीएम

## पिछले नौ वर्षों में उप्र बीमारू से रेवेन्यू सरप्लस राज्य बना, वित्तीय अनियमितता और कुप्रबंधन का उदाहरण है अधूरा जेपीएनआईसी प्रोजेक्ट

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आज बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को भी अपने वित्तीय संसाधनों से पूरा करने की क्षमता रखता है। देश के सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे में शामिल करीब 600 किलोमीटर के गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण बिना बैंकों से कर्ज लिए पूरा किया गया। इसमें 36,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुआ। एक्सप्रेसवे के किनारे नौ इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जिनके लिए करीब 7,000 एकड़ अतिरिक्त जमीन ली गई है। इंडस्ट्रियल क्लस्टर व लॉजिस्टिक हब को मिलाकर पूरी परियोजना पर 42,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। वर्ष 2017 से पहले यह स्थिति नहीं थी, प्रदेश को बीमारू माना जाता था। कोई भी बैंक या वित्तीय संस्थान राज्य को कर्ज देने के लिए तैयार नहीं था। लेकिन, अब यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग के लिए नवचयनित 371 लेखा परीक्षकों एवं स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के लिए नवचयनित 129 लेखा परीक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहीं। अपने संबोधन से पहले सीएम ने नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब हमने सरकार बनाई, खजाना खाली था। हमें अपने चुनावी वादों को निभाना था, लेकिन किसी भी बैंक का चेयरमैन या सीएमडी मेरा फोन उठाने को तैयार नहीं था। यानी, यूपी को कर्जा नहीं देना है। ऐसी छवि बना दी गई थी हमारे प्रदेश की। वित्त विभाग की टीम, स्थानीय लेखा और पंचायत लेखा से जुड़े परीक्षकों ने एक आंतरिक इकाई के रूप में मिलकर काम किया और मजबूत वित्तीय ढांचा तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। परिणाम यह रहा कि यूपी न सिर्फ रेवेन्यू सरप्लस राज्य बना, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था, प्रति व्यक्ति आय और प्रदेश के बजट को तीन गुना करने में सफलता मिली। इसीलिए गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए तमाम बैंकों व वित्तीय संस्थानों ने लाइन लगाकर कहा कि हम पैसा देना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश की टॉप-3 अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है, जबकि पहले यह बॉटम-3 में शामिल था। सपा सरकार के दौरान 2017 से पहले लखनऊ में शुरू हुए जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) प्रोजेक्ट की लागत 200 करोड़ रुपये थी, लेकिन खर्च बढ़कर 860 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और इसके बावजूद परियोजना अधूरी है। यह वित्तीय अनुशासनहीनता और कुप्रबंधन का गंभीर उदाहरण है। यह जनता के पैसे का दुरुपयोग है। यह एक महापुरुष के नाम को अपमानित करने जैसा है। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश को एक्साइज से मात्र 12 हजार करोड़ रुपये की आय होती थी, जो अब बढ़कर 62-63 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। यह बढ़ोतरी लीकेज पर लगाम से हुई है। जो पैसा विकास में लगना चाहिए था, वह दुरुपयोग और लूट का शिकार हो रहा था। लगभग हर क्षेत्र में यही स्थिति थी। इंटरनल ऑडिट की भूमिका इस दिशा में अहम है।

नवचयनित अभ्यर्थियों में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं है, जिसने किसी प्रकार की सिफारिश कराई हो। भर्ती प्रक्रिया इतने गोपनीय तरीके से संचालित की जाती है कि मुझे, वित्तमंत्री या अपर मुख्य सचिव (वित्त) को भी कोई जानकारी नहीं होती। कोई नहीं जानता होगा कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष के नेतृत्व में पूरी नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई।

### 2017 से पहले भर्ती में हावी थी चाचा-भतीजा संस्कृति

- बिना सिफारिश नौकरी मिलने पर युवाओं ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं के चेहरे पर उत्साह और गर्व साफ झलक रहा था। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं से लेकर विभिन्न आयोगों तथा पुलिस भर्ती की परीक्षाओं में पेपर लीक आम बात थी। तब चाचा-भतीजा संस्कृति हावी थी और विभिन्न स्तरों से सिफारिशों की सूचियां आती थीं। जहां 50 पद होते थे, वहां 75 लोगों की भर्ती कर दी जाती थी, जिससे विवाद खड़े होते थे और मामले अदालत चले जाते थे। नुकसान युवाओं को उठाना पड़ता था। वर्तमान व्यवस्था में हर धर्म-जाति व क्षेत्र के योग्य उम्मीदवारों को समान अवसर मिला है। आज गोरखपुर का एक सिख युवक और लखनऊ की एक मुस्लिम युवती भी चयनित हुई है, जो प्रमाण है कि बिना किसी भेदभाव के योग्यता के आधार पर चयन किया गया। हमारी नीति अपराध और अपराधियों के साथ-साथ भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के प्रति भी जीरो टॉलरेंस की है।

सीएम ने कहा कि प्रदेश में आज बेटियों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। सहकारी समिति और पंचायती लेखा परीक्षा में चयनित 371 अभ्यर्थियों में 78 महिलाएं शामिल हैं, जबकि स्थानीय निधि लेखा परीक्षा में चयनित 129 अभ्यर्थियों में 25 बेटियों ने स्थान प्राप्त किया है। निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के कारण ही बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिल रहा है। अब तक प्रदेश में 9 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। लगातार नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे हैं और पिछले एक महीने में यह चौथा या पांचवां ऐसा कार्यक्रम है। इन भर्तियों की पारदर्शिता पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। हमारी सरकार की नीतियों से एमएसएमई सेक्टर में करीब 3 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है।

नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चयन होना जितना महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक गर्व की बात यह है कि उन्हें स्वयं मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। लखनऊ की आयुषी त्रिपाठी ने कहा कि यह उनके जीवन का ऐतिहासिक क्षण है।

## लविवि में फीस वृद्धि को लेकर प्रदर्शन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में छात्रों ने इस फैसले की निंदा करते हुए आक्रोश जताया। लखनऊ विश्वविद्यालय गेट संख्या 1 डीएसडब्लयू कार्यालय के बाहर चार घंटे धरने के बाद कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें सत्र 2025-26 के अपेक्षा सत्र 2026-27 में लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रति सेमेस्टर शिक्षा शुल्क बड़े स्तर पर विवि प्रशासन द्वारा बढ़ा दिया जाना जैसे, बी.ए ऑनर्स, बी.कॉम ऑनर्स, बी.ए एल.एल.बी, एम.एस.सी बायोटेक, एम.एस.सी बायोकेम आदि। प्रदर्शनकारी छात्रों ने बताया कि यह निर्णय बड़ी संख्या में छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित करने वाला है, इस तरह के फैसले राष्ट्र निर्माण के लिए गति अवरोधक साबित हो सकता है।

छात्रों ने प्रमुख दो मांगे रखी, जिसमें बिना किसी संशोधन के सत्र 2025-26 की सेमेस्टर फीस प्रणाली से ही इस नए सत्र में भी नए छात्रों का प्रवेश संपन्न करे और विगत दिनों फीस वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों पर किए गए मुकदमे एवं कुलानुशासनात्मक कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से खत्म करें। यदि ये दोनों मांगे 6 दिनों में नहीं मानी गई तो छात्र राष्ट्रव्यापी आंदोलन को बाध्य होंगे। विरोध प्रदर्शन के आयोजक समाजवादी छात्र सभा के इकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश का सरकारी संस्थान है जिससे बड़े पैमाने में गरीब, किसान एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चो और उनके समूचे परिवार का भविष्य आश्रित होता है। इस प्रकार फीस वृद्धि जैसा कठोर कदम उन भारत के भविष्यो को काल कोठरी में कैद करने जैसे है।

## आंधी-बारिश से जनजीवन प्रभावित मौसम विभाग का 48 घंटे अलर्ट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में सोमवार को आंधी-बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। सुबह अयोध्या, सीतापुर और बाराबंकी में ओले गिरे। लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर और कानपुर समेत 22 जिलों में आंधी के बाद बारिश हुई। राजधानी में तूफान के साथ करीब डेढ़ घंटे तक पानी बरसा। यहां सुबह 8:20 बजे अचानक मौसम बदल गया। दिन में रात जैसा अंधेरा छा गया। फिर बिजली कड़कने लगी। इसके बाद जोरदार बारिश हुई। मौसम विभाग की मानें तो लखनऊ समेत पूरे उत्तर प्रदेश में अगले 48 घंटे अलर्ट जारी किया गया है।

खराब मौसम की वजह से दिल्ली से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ए-6476 की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान ने तीन बार लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन तेज हवाओं और खराब विजिबिलिटी के चलते लैंडिंग नहीं हो सकी। राजधानी लखनऊ में सोमवार सुबह मौसम अचानक बदल गया। तेज हवाओं के साथ ऐसा अंधेरा छाया मानो रात हो गई हो. इसके बाद जोरदार गर्जना और बिजली चमकने लगी, और करीब डेढ़ घंटे तक लगातार बारिश होती रही, जिसकी वजह से सोमवार को दिन के अधिकतम तापमान में 5-7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार 5 मई को आंधी-तूफान के साथ बारिश और गरज-चमक की संभावना बनी हुई है। बिजली गिरने और तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। 6-7 मई से पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने लगेगा और 10 मई तक आसमान पूरी तरह से साफ होने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने लोगों को आंधी और बिजली के दौरान खुले स्थानों से दूर रहने, पेड़ों और कमजोर ढांचों के पास न खड़े होने की सलाह दी है।

लखनऊ और आसपास के इलाकों में फिलहाल मौसम का मिजाज बदला हुआ है, और अगले कुछ दिन सतर्क रहने की जरूरत है। पिछले 24 घंटों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संभल के गुन्नौर में सर्वाधिक 130 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। कासगंज के सहावर में 97 मिमी, खीरी के पलियाकलां में 49.2 मिमी और मुरादाबाद में 45 मिमी बारिश हुई। रामपुर के बिलासपुर में 43.5 मिमी, अलीगढ़ में 40.4 मिमी, एटा के अलीगंज में 40 मिमी और बदायूं के सहसवान में 34 मिमी पानी गिरा। कन्नौज के छिबरामऊ में 33 मिमी, सहारनपुर के नकुर में 32 मिमी, हरदोई में 31 मिमी, बुलंदशहर के अनूपशहर में 34 मिमी और अंबेडकर नगर के टांडा में 30 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बिजनौर के नगीना में 24.4 मिमी, मेरठ के मवाना में 28 मिमी और राजधानी लखनऊ में 21.2 मिमी बारिश हुई। मुजफ्फरनगर के जानसठ में 19.3 मिमी, बागपत के बड़ौत में 18 मिमी, उन्नाव के हसनगंज में 16 मिमी, पीलीभीत के बीसलपुर में 12.5 मिमी और शाहजहांपुर में 26.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई।

## लविवि कर्मचारियों ने उच्च शिक्षा प्रमुख से की मुलाकात

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में व्याप्त प्रशासनिक अराजकता, शासन के निर्देशों व शासनादेशों का खुला उल्लंघन और कार्यकारी कर्मचारी समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला और लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव ने प्रदेश के प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल से मुलाकात की।

कर्मचारी नेताओं ने प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा को दो ज्ञापन सौंपा और जिस पर प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा से बहुत विन्दुवार चर्चा की। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने बताया कि लविवि प्रशासन/ कुलसचिव तानाशाही रवैया अपना रही है तथा लगातार कर्मचारी हितों की अनदेखी कर रही हैं जिसके कारण मृतक आश्रित नियुक्ति, वेतनमान, एसीपी और प्रोन्नति का लाभ कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है। वहीं शासनादेश और कार्यपरिषद के निर्णय के विपरीत चार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग कर दिया गया है जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी के पद पर प्रोन्नति नहीं दी जा रही है, शासन के निर्देश के बाद भी विनियमितीकरण नहीं की जा रही है। इस दौरान उप्र राज्य विवि कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष संजय शुक्ला ने प्रमुख सचिव को स्वयं अवगत कराया कि आउटसोर्सिंग के संबंध में शासन द्वारा निर्गत शासनादेश का खुला उल्लंघन किया जा रहा है।

## नौमेष त्रिपाठी ने भाजपा की जीत पर सीएम योगी को दी बधाई

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य नौमेष त्रिपाठी ने असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया। इस अवसर पर वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस जीत की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस जीत के असली हकदार देश की जनता है। जिन्होंने बीजेपी पर विश्वास कर उन्हें प्रचंड बहुमत से विजय बनाया। उन्होंने कहा भाजपा की कथनी और करनी में भी कोई अंतर नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र दास



मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से विकास के जितने भी वादे किए थे, उन वादों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया।

आज देश की जनता का मत है कि देश को बुलंदियों पर कोई पार्टी ले जा सकती है तो वह भाजपा है। उन्होंने कहा कि आज विपक्षी दलों का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है। यह दल एक साथ मिलकर भाजपा के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी देकर देश की छवि को बिगड़ने का काम कर रहे थे। जनता ने उनके मंसूबों पर पानी डाल दिया। उन्होंने कहा असम पश्चिम बंगाल में रोहिंग्या घुसपैठियों को बसाकर यह पार्टी देश का डेमोक्रेसी चेंज करना चाहते हैं। इनका एक ही मकसद है कि किसी प्रकार से हमेशा सत्ता सुख भोगा जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार एक भी घुसपैठियों को देश में रहने नहीं देगी। एक-एक घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर निकलने का काम किया जाएगा। यह घुसपैठी असली हकदार का हक खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा राष्ट्रवाद देश के हित के लिए कार्य किया है, यही कारण है कि आज किसानों, महिलाओं, मजदूर, नौजवानों और बुजुर्गों का विश्वास भाजपा पर बड़ा है।

## एकेटीयू के सम सेमेस्टर की परीक्षा सात से

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा सात मई से शुरू हो रही है। परीक्षा के लिए पूरे प्रदेश में 135 केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा में करीब तीन लाख तीस हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। हर परीक्षा केंद्र पर शुचिता बनाये रखने के लिए दो पर्यवेक्षकों की भी को भी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय में बने कंट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी। परीक्षार्थियों की जांच के बाद ही केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। दोनों पालियों में होने वाली यह परीक्षा छह जून तक चलेगी।

## केजीएमयू में दवा के बिल न मिलने पर नाराजगी

**लखनऊ।** केजीएमयू के हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) काउंटर से से मरीजों को खरीदी दवा के बिल की रसीद नहीं दी जा रही है। विरोध पर प्रिंटर खराब होने का हवाला दिया जा रहा है। सोमवार को इसका कई तीमारदारों ने विरोध जताया। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह ने बताया कि यदि प्रिंटर खराब उन्हें ठीक कराया जाएगा। जिनके बिल नहीं बन पाए हैं सभी बिल दिए जाएंगे।

## भारत का प्रतिनिधित्व करेगी अरुन्धति सिंह



**लखनऊ।** सीएमएस के अलीगंज प्रथम कैम्पस की कक्षा 12 की मेधावी छात्रा अरुंधति सिंह डागुर इण्टरनेशनल एसोसिएशन ऑफ चिल्ड्रेन्स आर्गनाइजेशन के तहत रूस की राजधानी मास्को में आयोजित हो रहे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 30 मई से 3 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सीएमएस छात्रा ब्रिक्स यूथ इण्डिया टीम के रूप में अपनी प्रतिभागिता दर्ज करायेगी। वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत से मात्र दो ही छात्रों को देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है, जिनमें सीएमएस की अरुंधति एवं नागपुर का छात्र चिन्मय शामिल है। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल के दोनों सदस्यों की रूस यात्रा का सम्पूर्ण खर्च आयोजकों द्वारा वहन किया जायेगा।

## कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता का विश्वास सबसे बड़ी पूंजी : मुख्यमंत्री धामी

- देहरादून में प्रदेश भाजपा ने मनाया जीत उत्सव, कार्यकर्ताओं के साथ सीएम धामी ने लिया झालमुड़ी का स्वाद

प्रमुख संवाददाता



**देहरादून (उत्तराखंड)।** देश के विभिन्न राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिले चुनावी समर्थन के बाद देहरादून स्थित प्रदेश मुख्यालय में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के परिणामों ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भर दी, जिसका असर राजधानी में आयोजित इस जश्न में साफ दिखाई दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ सीधे जुड़ाव का संदेश दिया। उन्होंने औपचारिक मंच से दूर रहकर कार्यकर्ताओं के बीच बैठना पसंद किया और उनसे खुलकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय अंदाज में झालमुड़ी का स्वाद लेते हुए सहज वातावरण में समय बिताया, जिससे कार्यक्रम में आत्मीयता का भाव और गहरा हो गया।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि चुनावी सफलता किसी एक चेहरे या नेतृत्व की नहीं, बल्कि संगठन की सामूहिक प्रतिबद्धता का परिणाम होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्यप्रणाली सेवा, समर्पण और सुशासन पर आधारित है, और यही सिद्धांत जनता के बीच पार्टी को लगातार मजबूत बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में पार्टी को समर्थन मिला है, वहां के मतदाताओं ने विकास और स्थिरता को प्राथमिकता देते हुए अपना जनादेश दिया है। यह परिणाम आने वाले समय में उन राज्यों में नई नीतियों और विकास योजनाओं को गति देगा।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से जमीनी कार्यकर्ताओं की भूमिका को सराहा और कहा कि पार्टी की वास्तविक ताकत वही लोग हैं जो गांव-गांव, बूथ-बूथ तक जाकर संगठन को जीवंत बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि निरंतर जनसंपर्क और मजबूत संगठनात्मक ढांचा ही भाजपा की सफलता की रीढ़ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों ने आम लोगों के जीवन में ठोस बदलाव लाए हैं, जिससे जनता का विश्वास और भी गहरा हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस जीत को अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत के रूप में देखें और अधिक जिम्मेदारी के साथ समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाएं।

## प्रतिकूल मौसम में आमजन के बीच रहें अधिकारी: सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह लखनऊ समेत प्रदेश के कई जनपदों में हुई आंधी-बारिश व विपरीत मौसम की स्थितियों को देखते आम नागरिकों को होने वाली परेशानियों को लेकर प्रशासन को निर्देश दिए हैं। सीएम ने मौसम से प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी मशीनरी सक्रिय रहे, हर हाल में प्रयास करें कि विपरीत मौसम का न्यूनतम असर हो। जनहानि, पशुहानि, घायलों व आपदा प्रभावितों को 24 घंटे में मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं नहीं होनी चाहिए।

सीएम योगी ने कहा कि सरकार हर प्रतिकूल परिस्थिति में किसानों व समस्त प्रदेशवासियों के साथ निरंतर खड़ी है। प्रशासनिक अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपरीत मौसम में कई जनपदों में सड़क दुर्घटनाएं हुईं। वहां राहत-बचाव कार्य तेज गति से हों। घायलों का निकटवर्ती अस्पतालों में त्वरित इलाज सुनिश्चित किया जाए।

## भाजपा की जीत सनातन के पक्ष में स्पष्ट जनादेश है : डॉ. राजेश्वर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पराग चौराहा स्थित विधायक कार्यालय पर पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए की ऐतिहासिक विजय पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और सरोजनीनगर परिवार के सदस्यों ने लड्डू बांटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया तथा ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी का इजहार किया।



यह प्रचंड जनादेश देश की जनता के उस अटूट विश्वास का प्रतीक है, जो विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व के प्रति निरंतर मजबूत हो रहा है। पश्चिम बंगाल में मिली ऐतिहासिक सफलता को एक निर्णायक राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जहां जनता ने अव्यवस्था पर विकास, दिखावे पर सुशासन और अराजकता पर स्थिरता को प्राथमिकता दी है। असम और पुडुचेरी में मिला जनादेश निरंतरता, स्थिरता और जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों की स्वीकृति को दर्शाता है। वहीं केरल और तमिलनाडु में पार्टी के सशक्त प्रदर्शन ने बदलते राजनीतिक परिदृश्य व बढ़ते जनविश्वास का संकेत है।

यह जनादेश उन ताकतों के लिए स्पष्ट संदेश है जो सनातन परंपराओं और आस्थाओं का अपमान करती रही हैं। जनता ने ऐसी राजनीति को नकारते हुए अपने सांस्कृतिक मूल्यों, आस्था और राष्ट्रीय अस्मिता के पक्ष में स्पष्ट समर्थन दिया है। इस विजय का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह की रणनीतिक कुशलता, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के संगठनात्मक नेतृत्व तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रभावी चुनाव प्रचार और जनसंपर्क को जाता है।

## एआई आधारिक कॉर्डियक इमेजिंग और डिजिटल कैथलैब सिस्टम इलाज में कारगर: डा. भुवन

- एसोसिएशन ऑफ कार्डियक टेक्नोलॉजिस्ट (एओसीटी) की ओर से कार्डियोवैस्कुलर टेक्नोलॉजिस्ट कॉन्फ्रेंस

वरिष्ठ संवाददाता

**लखनऊ।** दिल की बीमारी बढ़ी तो नई दवाएं और इलाज की तकनीक में बदलाव आया है। यह जानकारी गोमतीनगर स्थित राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में कॉर्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डा. भुवन चन्द्र तिवारी ने सोमवार को एसोसिएशन ऑफ कार्डियक टेक्नोलॉजिस्ट (एओसीटी) की ओर से कार्डियोवैस्कुलर टेक्नोलॉजिस्ट कॉन्फ्रेंस दी।

कानपुर रोड स्थित होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में डा. भुवन चन्द्र तिवारी ने कहा कि एआई आधारित कार्डियक इमेजिंग और डिजिटल कैथलैब सिस्टम आने वाले समय में इलाज की गुणवत्ता और सटीकता को नई ऊंचाई देंगे। आधुनिक कैथलैब अब पूरी तरह डिजिटल और स्मार्ट होते जा रहे हैं, इनमें हाई-रिजॉल्यूशन इमेजिंग, रियल-टाइम डेटा एनालिसिस और ऑटोमेटेड रिपोर्टिंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

लोहिया संस्थान में कॉर्डियक टेक्नोलॉजिस्ट प्रियरंजन पांडेय ने कहा कि एआई आधारिक कॉर्डियक इमेजिंग की मदद से दिल की धमनियों में ब्लॉकेज, रक्त प्रवाह और ऊतकों की स्थिति का बेहद सटीक आकलन संभव हो गया है। पीजीआई कॉर्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आदित्य कपूर ने कहा कि आधुनिक कैथलैब में कार्डियोवैस्कुलर टेक्नोलॉजिस्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो चुकी है। जटिल एंजियोप्लास्टी, टावी, एएसडीए-वीएसडी क्लोजर, सीटीओ इंटरवेंशन एवं इंट्रावास्कुलर इमेजिंग जैसी प्रक्रियाओं में टेक्नोलॉजिस्ट की तकनीकी दक्षता मरीज की सुरक्षा एवं सफल उपचार में अहम योगदान देती है।

कैथलैब टेक्नोलॉजिस्ट न केवल मशीनों का संचालन करते हैं, बल्कि वे डॉक्टरों की टीम का एक मजबूत स्तंभ बनकर कठिन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय, सटीक इमेजिंग एवं बेहतर प्रोसीजर सपोर्ट प्रदान करते हैं। ऑर्गनाइजिंग प्रेसिडेंट मातवर शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल बदलाव के इस दौर में एआई और स्मार्ट सिस्टम का समावेश मरीजों को बेहतर, सुरक्षित और त्वरित इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में लोहिया संस्थान में कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. आशीष झा, डॉ. गौतम स्वरूप, शिवदयाल, संतोष कुमार, मीडिया प्रभारी राजेश ठाकुर मौजूद रहे।

## ग्रीन कॉरिडोर पर सैन्य शक्ति का प्रतीक बनेगा तेजस



**लखनऊ।** नव निर्मित ग्रीन कॉरिडोर पर स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस का शानदार मॉडल स्थापित होगा। यह न सिर्फ शहर को नयी पहचान देगा, बल्कि सैन्य शक्ति का प्रतीक बनकर युवाओं को प्रेरित करेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की पहल पर यह कार्य कराया जा रहा है। उनकी अनुशंसा पर हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की ओर से लाइट कॉम्बेट एयरक्रॉफ्ट तेजस के मॉडल को बंगलुरू से मंगाया है। फिलहाल इसे जनेश्वर मिश्र पार्क में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने बताया कि समतामूलक चौराहे के पास ग्रीन कॉरिडोर के इंट्री प्वाइंट पर यह मॉडल लगाया जाएगा। साथ ही इस रोटरी को तेजस चौराहे का नाम दिया जाएगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि तेजस का मॉडल स्थापित करने के लिए स्थल पर फाउंडेशन और सौंदीर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। लगभग 15 दिन में कार्य पूर्ण कराकर मॉडल को जनेश्वर मिश्र पार्क से ग्रीन कॉरिडोर की रोटरी पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। जहां सफर करने वाले हजारों लोग भारतीय वायुसेना के गौरव के साक्षी बन सकेंगे। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि तेजस का यह मॉडल 15 फिट लंबा है, जबकि इसके पंखों की चौड़ाई 9.5 फिट है। यह मॉडल हू-ब-हू असली तेजस विमान जैसा है और इसका वजन लगभग 200 किलोग्राम है। उन्होंने बताया कि तेजस का यह मॉडल लखनऊ की रक्षा क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी और सैन्य शक्ति को दशार्येगा।

## 1912 पर शिकायत का फर्जी निस्तारण, होगी सख्त कार्रवाई

- स्मार्ट मीटर लगने के बाद 36 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने पहली बार बिल जमा किया
- संविदा कर्मी निकाले जाने के बाद दोबारा नही रखे जायेंगे

वरिष्ठ संवाददाता

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत निगम के टोल फ्री 1912 पर शिकायतों का फर्जी निस्तारण करने वाले इंजीनियरों पर कार्रवाई की जाएगी। निगम की एमडी रिया केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि जो संविदाकर्मी दोषी होने पर निकाले गये है उन्हे फिर से किसी और कार्य में नही रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता क्षेत्र में बिजली बंदी या बार-बार ट्रिपिंग की समस्या, गलत बिजली बिलों का संशोधन, खराब या पुराने मीटरों को बदलने, लोड बढ़ाने या कम करने संबंधी आवेदन, नए बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया में होने वाली देरी की शिकायत करता है तो समय सीमा के भीतर समाधान होना चाहिए।

हालांकि सिस्टम की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मध्यांचल निगम की एक विशेष टीम रोजाना उपभोक्ताओं को रैंडम कॉल कर रही है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में बिजली चोरी और बिल भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। । मध्यांचल निगम ने 13 मार्च से अब तक 14.21 लाख प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। जिनपर 315 करोड़ रुपये का बकाया था, लेकिन 357 करोड़ रुपये जमा हुए।



यानि 42 करोड़ रुपये पोस्टपेड का बकाया भी वसूला गया। वहीं पिछले छह महीने में 2.38 लाख उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किया था, लेकिन प्रीपेड मीटर लगने के बाद 1.29 लाख उपभोक्ताओं ने बिल जमा किया। यानि 54.38 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने पैसा जमा किया। निगम की एमडी ने बताया कि कुल 86,400 ऐसे उपभोक्ता चिन्हित किए गए थे, जिन्होंने कनेक्शन लेने के बाद से आज तक कभी भी (नेवर पेड) अपने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया था, लेकिन स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद 42 फीसदी यानि 36,450 उपभोक्ताओं ने बिल जमा किया।

इसके बावजूद लगभग 50 हजार उपभोक्ता अभी भी रडार पर है। निगम अब इन उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है, जिसमें कनेक्शन काटने से लेकर विधिक कार्रवाई तक शामिल हो सकती है।

> स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है। टोल फ्री 1912 पर फर्जी निस्तारण करने वाले इंजीनियरों पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **रिया केजरीवाल**
> **एमडी, मध्यांचल विद्युत निगम**

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# बारिश के बाद दीवार ढहने से दो की मौत, मिस्त्री सहित तीन घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मड़ियांव क्षेत्र में सोमवार सुबह आयी तेज आंधी और बारिश के बाद दीवार ढही, जिसके मलबे में दबकर युवक की मौत हो गयी। हादसे में पंचर बनाने वाला मिस्त्री भी मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं विभूतिखण्ड थाना क्षेत्र में सोमवार को तेज आंधी एवं बारिश के दौरान जेएसवी हुण्डई वर्कशॉप से लगी दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दो व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मड़ियांव के भरत नगर में आंधी के बाद एक जर्जर दीवार गिरने से 34 वर्षीय अंकित शर्मा की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि सुबह करीब 11:30 बजे की है। भरत नगर स्थित 'नाज पैलेस' के सामने एक पुरानी ईंट की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। उस समय अंकित शर्मा वहां खड़े होकर मालिक की कार का पंचर बनवाने के लिए कार का पहिया खोल रहे थे। बताया गया कि सुबह आई तेज आंधी और बारिश के चलते दीवार पहले से ही कमजोर हो गई थी, जो अचानक गिर पड़ी और अंकित उसकी चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस मौके पर पहुंची।



स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल अंकित को मलबे से बाहर निकालकर तत्काल केजीएमयू ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अंकित शर्मा मूल रूप से जनपद हरदोई के अतरौली का रहने वाला था। वर्तमान में मड़ियांव थाना क्षेत्र के भरत नगर में रहकर ग्रीन वैली मटर के एक विक्रेता के यहां काम करता था। परिवारजनों के मुताबिक अंकित विवाहित था और उसके दो छोटे बच्चे हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में सन्नाटा छा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अंकित अपने मालिक की कार का पंचर बनवाने के लिए मिस्त्री के साथ पहिया खोल रहे थे। उसी दौरान पास की जर्जर दीवार अचानक गिर गई। हादसे में पंचर मिस्त्री को भी मामूली चोट आई, जो मौके से चला गया। भरतनगर में हैं कई जर्जर दीवारें, नहीं दे रहा कोई ध्यानः स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कई जर्जर दीवारें और भवन खड़े हैं, जो आंधी-बारिश के दौरान खतरा बन सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से ऐसे खतरनाक ढांचों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। परिवारजन की तरफ से कोई आरोप नहीं लगाया गया है। अगर कोई तहरीर मिलती है, तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**जेएसवी हुण्डई विभूतिखंडः** विभूतिखण्ड थाना क्षेत्र में सोमवार को तेज आंधी एवं बारिश के दौरान जेएसवी हुण्डई वर्कशॉप से लगी दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दो व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



हादसा सोमवार को हुआ, इस दौरान पुलिस को डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली कि जेएसवी हुण्डई वर्कशॉप से लगी दीवार गिर जाने से कुछ लोग घायल हो गये हैं, जिन्हें उपचार के लिए डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा गया है। सूचना प्राप्त होते ही विभूतिखंड पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा घटना के संबंध में जानकारी की।

प्रारम्भिक जांच में ज्ञात हुआ कि सोमवार सुबह लगभग 08:30 बजे से 09:00 बजे के मध्य क्षेत्र में तेज आंधी एवं बारिश हो रही थी। उसी दौरान जेएसवी हुण्डई वर्कशॉप परिसर से लगी दीवार अचानक भरभराकर ढह गयी, जिसकी चपेट में वहां चाय की दुकान लगाने वाले दो व्यक्ति एवं एक अन्य व्यक्ति आ गये, जिससे वे घायल हो गये। सभी घायलों को उपचार के लिए डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा गया।

पुलिस ने बताया कि हादसे में अमित यादव (34) पुत्र स्व. रामलखन यादव, अमरीश यादव (32) पुत्र स्व. रामलखन यादव निवासीगण ग्राम गुलाम हुसैन पुरवा, थाना विभूतिखण्ड व मनोज कुमार (40) पुत्र चन्द्रीका प्रसाद निवासी झ ग्राम मरकामऊ, थाना बदोसराय, जनपद बाराबंकी शामिल थे, जिसमें घायल अमित यादव की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। अमरीश यादव के बाएं कान एवं कमर में चोट आयी है, जिनका उपचार जारी है। वहीं मनोज कुमार के दाहिनी आंख के पास चोट आयी है तथा उनका भी उपचार चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। अमित यादव के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी के लिए भेज दिया गया है। मृतक अमित यादव के परिजनों मौके पर बुला लिया गया है। घटना के संबंध में पुलिस विधिक कार्यवाही कर मौके का निरीक्षण कर रही है। अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है।

# स्कूलों के आसपास ट्रैफिक अव्यवस्था पर हाईकोर्ट सख्त

● कोर्ट ने अधिकारियों व स्कूल प्रबंधन की उदासीनता पर जतायी नाराजगी

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्कूलों के आसपास ट्रैफिक अव्यवस्था के मुद्दे पर राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता सुदीप कुमार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ को बताया कि सरकार के जिम्मेदार अफसरों ने कोर्ट के निर्देश पर हुई पिछली बैठक को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि इस बैठक में सरकार के सक्षम अधिकारियों ने भाग ही नहीं लिया।

सुदीप कुमार ने यह भी कहा कि स्कूलों ने भी वही रवैया अपनाया और उसके ऐसे प्रतिनिधि बैठक में नहीं पहुंचे जो निर्णय लेने की स्थिति में हों। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार और स्कूल प्रबंधन की इस लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि समस्या के समाधान को लेकर न तो पर्याप्त गंभीरता दिखाई गई और न ही पहले दिए गए निर्देशों का प्रभावी पालन हुआ। न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति



बृज राज सिंह की पीठ, गोमती रिवर बैंक रेजिडेंट्स द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता सुदीप कुमार ने बताया कि कोर्ट के पूर्व आदेश के अनुपालन में अप्रैल 2026 में विभिन्न स्कूलों के साथ बैठक आयोजित की गई थी, ताकि उनकी समस्याएं सुनी जा सकें और ट्रैफिक विभाग के निदेशों, विशेषकर मार्शलों की तैनाती, पर चर्चा हो सके। उन्होंने कोर्ट को सरकारी अफसरों व स्कूल प्रबंधकों के लापरवाही पूर्ण व्यवहार से अवगत कराया।

हालांकि उन्होंने कोर्ट से एक बैठक के लिए एक और अवसर की मांग की। सुनवायी के दौरान पीठ ने पाया कि राज्य सरकार द्वारा प्रशिक्षित किए गए मार्शलों की अधिकांश स्कूलों में समुचित तैनाती नहीं की गई है, जिससे ट्रैफिक की स्थिति जस की तस बनी हुई है। कोर्ट ने कहा कि पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद हालात में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ, जिससे स्पष्ट है कि आवश्यक पहल का अभाव है। इस बीच, राज्य सरकार की ओर से ट्रैफिक प्रबंधन के लिए व्यापक दिशानिर्देश तैयार किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। कोर्ट ने इसे स्वीकार करते हुए निर्देश दिया कि प्रस्तावित दिशानिर्देशों को विभिन्न विभागों और स्कूलों के बीच साझा किया जाए, ताकि उनसे सुझाव लेकर अंतिम रूप दिया जा सके। मामले की अगली सुनवाई 15 मई 2026 को निर्धारित की गई है, जब राज्य सरकार को दिशानिर्देशों की प्रगति और विभिन्न संस्थानों से प्राप्त सुझावों की जानकारी कोर्ट को देनी होगी।

# जमीन दिलाने के नाम पर 52.60 लाख रुपये ठगी, विरोध पर धमकी का आरोप, केस दर्ज

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके में रहने वाले युवक ने एक व्यक्ति पर जमीन दिलाने के नाम पर 52.60 लाख रुपए ठगी करने के साथ विरोध पर धमकी देने का आरोप लगाया है ?। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित मधुबन नगर निवासी विमल कुमार पाण्डेय पुत्र स्व शिव प्रसाद पाण्डेय के अनुसार वह एलआईसी एजेंट हैं। उनकी मुलाकात वर्ष 2016-17 में सतीश कुमार शुक्ला से हुई थी। आरोप है कि सतीश कुमार शुक्ला ने ग्राम खसरखारा, तहसील सरोजनीनगर में जमीन दिलाने का झांसा दिया और एक बीघा जमीन का बैनामा कराने का वादा किया। जिसपर उसने भरोसा करके वर्ष 2016 से 2019 के बीच अलग-अलग तारीखों में आईसीआईसीआई बैंक और सेंट्रल बैंक के जरिए चेकों से 44.60 लाख रुपये व 8 लाख रुपये नगद कुल 52.60 लाख रुपये दिए थे। वही का कहना था जब उसने आरोपित सतीश कुमार शुक्ला से जमीन का बैनामा कराने की बात की, आरोपी टालमटोल करता रहा। काफी समय बीतने के बाद भी जब न जमीन मिली और न पैसा वापस हुआ, तो उन्होंने दोबारा दबाव बनाया। जिसपर आरोपी ने साफ इनकार करते हुए धमकी दी कि दोबारा पैसे या बैनामे की बात की तो जान से मरवा देगा। साथ ही वह खुद की पुलिस-प्रशासन में पकड़ होने का भी डर दिखाता है। जिसके चलते उसने स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस से शिकायत करने के साथ सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णा नगर से मदद की गुहार लगाई है। पुलिस के मुताबिक उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रविवार को आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

## पुलिस को निषेधाज्ञा जैसा आदेश जारी करने का अधिकार है या नहीं

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बीएनएसएस की धारा 168 के तहत पुलिस अधिकारी द्वारा जारी एक परिसर में घुसने पर रोक सम्बंधी आदेश पर स्थगन आदेश पारित किया है। न्यायालय ने कहा है कि पुलिस को ऐसे आदेश जारी करने का अधिकार है या नहीं, जो प्रभावी रूप से निषेधाज्ञा के समान हों, यह गंभीर विचारणीय प्रश्न है, जिस पर अगली तिथि पर सुनवायी की जाएगी। मामले की अगली सुनवायी 18 मई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान व न्यायमूर्ति जफईर अहमद की खंडपीठ ने सोम शंकर व एक अन्य की याचिका पर पारित किया है। याचिका में 18 अप्रैल 2026 को थाना सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ के प्रभारी निरीक्षक द्वारा जारी नोटिस को चुनौती दी गई थी। उक्त नोटिस बीएनएसएस की धारा 168 के तहत जारी किया गया था, जिसके जरिए सेक्टर-डी, सुशांत गोल्फ सिटी स्थित याची की कंपनी के परिसर में प्रवेश को सीमित कर दिया गया था। याचियों की ओर से यह भी मांग की गई है कि कंपनी के शांतिपूर्ण कब्जे और दैनिक कार्यों में हस्तक्षेप करने से पुलिस को रोका जाए। उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने तर्क रखा कि बीएनएसएस की दूसरी अनुसूची में विभिन्न नोटिसों और आदेशों के लिए निर्धारित प्रारूप दिए गए हैं, लेकिन धारा 168 के अंतर्गत किसी नोटिस का कोई निर्धारित प्रारूप मौजूद नहीं है लिहाजा पुलिस द्वारा जारी किया गया ऐसा नोटिस विधिक अधिकार क्षेत्र से परे है। यह भी कहा गया कि धारा 168 पुलिस को संज्ञेय अपराध रोकने के लिए हस्तक्षेप करने की शक्ति देती है, लेकिन किसी परिसर में प्रवेश पर रोक लगाकर निषेधाज्ञा जैसा आदेश जारी करने की शक्ति नहीं देती। राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि यह आदेश केवल अनाधिकृत व्यक्तियों को रोकने के लिए जारी किया गया था ताकि किसी संभावित अपराध को रोका जा सके। हालांकि, सरकार की ओर से यह जानकारी प्राप्त करने के लिए समय मांगा गया कि क्या नोटिस जारी करने से पहले सक्षम वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को इसकी सूचना दी गई थी।

## कपड़े पर चाय गिरने के विवाद पर दबंगों ने युवक को पीटा, केस दर्ज

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके में चाय गिरने के विवाद दबंगों ने युवक की जमकर पिटाई कर उसे धमकी दे फरार हो गए। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित मधुवन नगर निवासी मनीष यादव के अनुसार, शनिवार रात करीब 9:30 बजे वह चाय की दुकान पर था, तभी चार युवक बाइक से पहुंचे। बुलेट से उतरते समय एक युवक का हाथ लगने से चाय उसके कपड़ों पर गिर गई। आरोप है कि इसी बात पर बड़ा बरहा निवासी अभिषेक मिश्रा नामक युवक ने साथियों संग गाली-गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी और आसपास के लोगों के हस्तक्षेप पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे फरार हो गया। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर रविवार को मारपीट, गाली-गलौज, धमकी की धारा में केस दर्ज कर लिया गया है।

## बस की चपेट में आने से बालक घायल, पैर में गंभीर चोट

लखनऊ। ठाकुरगंज क्षेत्र के घंटाघर क्षेत्र में बस की चपेट में आने से बालक घायल हो हो गया। बच्चे का पैर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस का कहना है कि थाना ठाकुरगंज क्षेत्रान्तर्गत दुर्गा देवी मार्ग स्थित फूड कोर्ट घंटाघर के पास शाम करीब 06:30 बजे सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि विपिन (03) पुत्र कहनूर निवासी ग्राम बसंतपुर थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी, हाल पता पक्का पुल थाना मदेयगंज जनपद लखनऊ सड़क पार करते समय बस संख्या यूपी 51बीटी 0683 की चपेट में आ गया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस एंबुलेंस से घायल बालक को उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर केजीएमयू ले गयी, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चौकी सतखंडा में खड़ा कराया है। थाना ठाकुरगंज पुलिस द्वारा घायल बच्चे को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलते ही नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। वाहन चालक के संबंध में जानकारी संकलित की जा रही है तथा मौके से प्राप्त साक्ष्यों एवं सीसीटीवी फुटेज आदि के आधार पर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## हत्या के मामले में 42 साल बाद दोषी करार

लखनऊ, विधि संवाददाता। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने हत्या के एक मामले में 42 वर्ष बाद दो अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। मामले में कुल चार अभियुक्त थे जिन्हें ट्रायल कोर्ट द्वारा आत्मरक्षा का लाभ देते हुए, बरी कर दिया गया था। अपील के विचाराधीन रहने के दौरान दो अभियुक्तों की मृत्यु हो गई। न्यायालय ने बचे हुए दो अभियुक्तों को आपराधिक मानव वध (धारा 304 पार्ट टू आईपीसी) का दोषी करार दिया है, साथ ही सजा के बिन्दु पर सुनवायी के लिए उन्हें हिरासत में लेकर 11 मई को कोर्ट में प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। यह निर्णय न्यायमूर्ति रजनीश कुमार व न्यायमूर्ति बबीता रानी की खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया है।

## 2.20 किलोग्राम अफीम जब्त, तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने रविवार देर रात पॉलीटेक्निक चौराहे के पास से अफीम की तस्करी करने वाले ठेकेदार को दबोचा। उसके पास से 2.20 किलो अफीम बरामद की गयी है। आरोपित अंतर्राज्यीय तस्कर बताया जा रहा है। तस्कर के पास से बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 11 लाख रुपये आंकी गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक विशाल विक्रम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान मोहम्मद शहबाज उर्फ राजू के रूप में हुई है, जो मूलरूप से पश्चिमी चंपारण (बिहार) का निवासी है और वर्तमान में जालंधर (पंजाब) में रह रहा था। आरोपित को तीन मई 2026 की रात करीब 11:30 बजे पालीटेक्निक चौराहे से भूतनाथ जाने वाली मुख्य सड़क पर पकड़ा गया। वह बरेली से अफीम लेकर पालीटेक्निक चौराहे के पास सप्लाई करने के लिए पहुंचा था। तस्कर के पास से अफीम के अलावा दो मोबाइल फोन और नकदी समेत अन्य माल बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने वर्ष 2024 में बीएससी (केमेस्ट्री) की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद नेपाल के पोखरा में सिविल कंस्ट्रक्शन का काम किया, लेकिन कम आमदनी के चलते उसने तस्करी का रास्ता अपनाया। जालंधर में उसकी पहचान राहुल नामक युवक से हुई, जो मादक पदार्थों की तस्करी करता था। राहुल की मौत के बाद वह खुद इस धंधे में सक्रिय हो गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने मारा ब्रेक, पीछे आ रही पिकअप डाला जा घुसी, चालक की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में शहीद पथ पर अहिमामऊ के पास राविवार की रात करीब एक बजे एक ट्रक द्वारा देर रात ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रहा डाला ट्रक में पीछे से घुस गया। जिससे डाला चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कटर मशीन से डाले को काट कर चालक को बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवाया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक जनपद हरदोई मझेटा गांव के रहने वाले भानु प्रताप सिंह (23) सरोजिनी नगर स्थित अमौसी में अपनी ननिहाल में मामा उदयभान के घर में रहकर डाला चलाते थे। भाई अरविंद ने बताया उनका भाई रविवार देर रात एक बजे डाला में फल लादकर अयोध्या सप्लाई के लिए जा रहा था। रास्ते में सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अहिमामऊ के पास तेज रफ्तार आगे जा रहे ट्रक चालक ने अचानक ट्रक में ब्रेक मार दिया जिससे कि डाला ट्रक में पीछे से जा घुसा,

जिससे की डाला का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया एवं अंदर भानु प्रताप फंस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देखकर आसपास गुजर रहे राहगिरो ने पुलिस को सूचना




दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जब भानु को अंदर डाला में भानु को फंसा देखा तो कटिंग मशीन मंगवा कर डाला को कटवा कर अंदर फंसे भानु प्रताप सिंह को 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे निकाला गया एवं एंबुलेंस बुलवाकर इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जांच कर सुबह 5 बजे घर वालों को सूचना दी गई। परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो जानकारी हुई कि भानु प्रताप सिंह की सांस थम चुकी है। मृतक के पिता कमल कुमार खेती किसानी करते हैं मां शिमला सिंह भाई अरविंद प्रताप सिंह हैं। ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

**सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, भाई की शिकायत पर केस दर्ज :** मानकनगर पुलिस ने थाना क्षेत्र स्थित सिंगार नगर मेट्रो स्टेशन के पास सड़क दुर्घटना में युवक की इलाज दौरान मौत मामले में मृतक के भाई की शिकायत पर रविवार को केस दर्ज कर लिया है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित जय प्रकाश नगर निवासी विकास शुक्ला पुत्र स्व. अरविंद कुमार शुक्ला के अनुसार उनके बड़े भाई अनुराग शुक्ला की बीते 30 अप्रैल की रात्रि सिंगार नगर मेट्रो स्टेशन के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी इलाज दौरान ट्रामा में मौत हो गई। वही मृतक अनुराग शुक्ला के छोटे भाई विकास शुक्ला का कहना था यह हादसा अचानक हुआ और किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से दुर्घटना होने की जानकारी मिली है, लेकिन अभी तक वाहन और चालक की पहचान नहीं हो सकी है। जिसके चलते उसने अज्ञात वाहन की टक्कर से दुर्घटना होने की आशंका जता स्थानीय मानक नगर पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर केस दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपित वाहन और चालक की तलाश की जा रही है।

## आर्मी से रिटायर्ड वृद्ध को ई रिक्शा ने मारी टक्कर, मौत

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र देवी खेड़ा में रविवार शाम एक तेज रफ्तार ई रिक्शा चालक ने आर्मी से रिटायर्ड वृद्ध को टक्कर मार दी। जिनकी इलाज दौरान अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। मिली जानकारी अनुसार आशियाना थाना क्षेत्र के पवनपुरी देवीखेड़ा में रहने वाले जितेंद्र नारायण सिंह (72) रविवार शाम करीब 8 बजे अपने घर से मंदिर पूजा करने के लिए जा रहे थी घर के कुछ दूरी पर ही पीछे से आ रहे ई रिक्शा चालक ने उन्हें टक्कर मार दिया जिससे वृद्ध गंभीर रूप से चोटिल हो गए मौके पर मौजूद लोगों ने कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दे घायल वृद्ध को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख पीजीआई ट्रामा रेफर कर दिया। जिनकी इलाज दौरान देर रात मौत हो गई। मृतक आर्मी से रिटायर्ड कर्मी थे परिवार पत्नी शैल देवी और चार बेटे राजेश, राकेश, रोहित और गुड्डू है।

# खाली पड़े मकान पर कब्जे का आरोप, विरोध करने पर दी धमकी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा दूसरे के मकान पर कब्जा करने और विरोध करने पर धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

ओम प्रकाश पुत्र स्व. जगधर प्रसाद, निवासी ग्राम बलवा बुजुर्ग, जनपद गोरखपुर ने बताया कि उसने वर्ष 2019 में रहमानाबाद, शान्तिनगर (वार्ड राजा बजली पासी), तहसील सरोजनीनगर स्थित लगभग 7260 वर्गफीट भूमि विधिवत विक्रय विलेख के माध्यम से खरीदी थी। यह संपत्ति उसने अपने नाम के साथ अपनी माता सुदामी देवी एवं सगे भाई जय प्रकाश के नाम से दर्ज कराई थी।

पीड़ित के अनुसार, भूमि खरीदने के बाद उसने वहां बाउंड्री वाल तथा दो-तीन कमरे बनवाए और नगर निगम में असेसमेंट कराकर नियमित रूप से गृहकर भी जमा करता रहा है। लेकिन व्यस्तता के चलते वह समय-समय पर ही वहां देखरेख के लिए पहुंच पाता था। पीड़ित का आरोप है कि 20 मार्च 2026 को जब वह अपने मकान पर पहुंचा तो वहां एक ऑटो चालक को रहते हुए पाया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसे रोहित पाण्डेय नामक व्यक्ति ने वहां रहने के लिए कहा है। जब पीड़ित ने रोहित पाण्डेय से संपर्क किया तो उसने कथित रूप से मकान को अपना बताते हुए दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति द्वारा गाली-गलौज कर भयभीत किया जा रहा है। मामले को गंभीर बताते हुए उसने थाना प्रभारी से प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## कोर्ट से स्टे के बावजूद जमीन पर अवैध निर्माण

लखनऊ। उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर की अदालत से स्थगन आदेश के बावजूद बिजनौर की विवादित जमीन पर दबंगों ने निर्माण शुरू कर दिया। रोकने गए प्रार्थी और उनके सहयोगी को गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपी ने खुलेआम कहा - ₹मैं न्यायालय का आदेश नहीं मानता।₹ पीड़ित ने बिजनौर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

**क्या है पूरा मामला :** तहरीर के अनुसार, प्रार्थी सैयद हिसामुद्दीन हुसैन पुत्र सैयद हुसैन नसरुद्दीन, निवासी कुसहरी, तहसील रुदौली, जिला अयोध्या ने बताया कि वह इकबाल अशरफ के मुख्तारेआम हैं। इकबाल अशरफ की ग्राम बिजनौर, परगना बिजनौर, तहसील सरोजनीनगर स्थित भूमि खसरा संख्या 2250 व 2250 स को लेकर उपजिलाधिकारी न्यायालय में इकबाल अशरफ बनाम सलीम अशरफ वाद चल रहा है। उपजिलाधिकारी ने 04/02/2025 को भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का स्थगन आदेश पारित किया था।

**स्टे के बाद भी चला बुलडोजर :** आरोप है कि 02/05/2026 को इन्द्र बहादुर सिंह निवासी बिजनौर, सत्य प्रकाश पुत्र मिश्री लाल निवासी 315 गायत्री नगर, हरिहरपुर लखनऊ तथा 4-5 अज्ञात व्यक्तियों ने स्थगित भूमि पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। सूचना पर प्रार्थी ने अपने सहयोगी मुसीर अहमद को मौके पर भेजा।

**कोर्ट को नहीं मानता :** तहरीर में कहा गया है कि मौके पर इन्द्र बहादुर सिंह व 1-2 अज्ञात लोगों ने प्रार्थी व मुसीर अहमद को भद्दी-भद्दी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इन्द्र बहादुर सिंह ने कथित तौर पर कहा कि ₹मैं न्यायालय के आदेश को नहीं मानता हूं।₹ प्रार्थी का आरोप है कि इन्द्र बहादुर सिंह भू-माफिया किस्म का व्यक्ति है जो लोगों की जमीनें हड़पने का काम करता है।

**लेखपाल-पुलिस के आने पर भागे:** मौके पर लेखपाल व पुलिस के पहुंचने पर सभी आरोपी भाग गए, लेकिन जाते-जाते धमकी दे गए कि ₹अगली बार आएंगे तो कब्जा करके ही जाएंगे।₹

**थाने में दी तहरीर :** प्रार्थी सैयद हिसामुद्दीन हुसैन ने 03/05/2026 को थाना बिजनौर में तहरीर देकर इन्द्र बहादुर सिंह, सत्य प्रकाश व अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में उसका घरेलू नाम मीशा शुक्ल (MISHA SHUKLA) दर्ज है जबकि उसका वास्तविक नाम शाम्भवी शुक्ला (SHAMBHAVI SHUKLA) है। विद्यालय अभिलेखों में उसका वास्तविक नाम ही दर्ज किया जाये। **सौरभ शुक्ला पुत्र श्री गिरिश चन्द्र शुक्ला नि.- 608, राजेन्द्र नगर, जिला लखनऊ।**

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता, तकनीकी, जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचनाः 05/S.E.(TECH)/J.Z./2026-27 वि.आ.सं.-1089 दिनांक 04.05.2026**

कार्य का नाम : अधिशासी अभियन्ता 33 के.वी. जानकीपुरम क्षेत्र के कार्य क्षेत्रान्तर्गत जमा योजना में एकेटीयू के पास डबल पोल, 33/11 के.वी. सहारा स्टेट भूमिगत लाइन व 33 के.वी. सी.डी.आर.आई. की भूमिगत लाइन जोकि व्यवसायिक प्लाट संख्या सी.पी.-1, सेक्टर-जे विस्तार एवं जानकीपुरम विस्तार से होकर गुजरने वाली 33 के.वी. भूमिगत लाइन को विस्थापित करने का कार्य हेतु।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा प्रपत्र शुल्कः रू. 3540.00 | धरोहर राशिः रू. 38000.00 |

ई-निविदा की अन्तिम तिथिः 19 मई 2026, 14.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

# पहला बड़ा मंगल आज, पवनसुत के जयकारों से गूंजेगा शहर









वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर संकटमोचक हनुमान जी के दर्शन-पूजन के लिए मंदिरों में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। हनुमान मंदिरों में रंग-रोगन के साथ ही बिजली की झालरों से सजाया जा रहा है। भक्तों को जेठ की गर्मी से बचाने के लिए मंदिर परिसर में विशेष इंतजाम किए गए हैं। टेंट लगाए गए हैं और फर्श पर कालीन बिछायी गई है। वहीं सुरक्षा के खास इंतजाम के साथ ही महिलाओं और पुरुषों के दर्शन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिरों में सोमवार रात 12 बजे से ही दर्शन शुरू हो जाएंगे। इस दौरान शहर भर में हजारों स्थानों पर भंडारे, सुंदरकांड का पाठ और जागरण भी होंगे।

**अलीगंज हनुमान मंदिर :** अलीगंज नया हनुमान मंदिर में ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल से पूर्व सोमवार रात 12 से हनुमान जी के दर्शन शुरू हो जाएंगे। इस दौरान लेटकर परिक्रमा करने वाले भक्तों को पहले दर्शन कराया जाएगा। अलीगंज श्री महावीर जी ट्रस्ट के सचिव राजेश कुमार पाण्डेय (रिटायर आईपीएस) ने बताया कि मंगलवार सुबह छह आरती और फिर हनुमान जी को बाल भोग लगाया जायेगा। फिर 8.30 बजे से 10 बजे तक प्रसाद वितरण किया जायेगा। बड़े मंगलवार को हनुमान जी को स्वर्ण मुकुट धारण कराया जायेगा। इस बार मंदिर के मुख्य द्वारा का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। इसलिए भक्तों को इसी द्वार से प्रवेश दिया जाएगा। निकासी के लिए नया मार्ग मंदिर के पीछे बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पर्यटन विभाग व ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से आने वाले भक्तों की संख्या की गणना भी करायी जाएगी। जिससे आने वाले मंगलवार को भक्तों की संख्या के अनुसार उनकी सुरक्षा और सुविधाएं बढ़ायी जा सकें। एक अनुमान के अनुसार बीते वर्ष पहले बड़े मंगल को लगभग पांच लाख भक्तों ने दर्शन किए थे।

**हनुमान सेतु मंदिर में आज मध्य रात्रि से दर्शन शुरू :** श्री संकट मोचन हनुमान जी मंदिर, हनुमान सेतु में भी सोमवार मध्य रात्रि 12 बजे से दर्शन प्रारंभ हो जाएंगे और मंगलवार रात्रि 12 बजे चलता रहेगा। भक्तों का प्रवेश परिक्रमा पथ प्रवेश द्वार से होगा और गणेश द्वार की ओर से निकासी होगी। मंदिर के अन्य द्वार बंद रहेंगे। दर्शनार्थियों के वाहनों का प्रवेश गोमती ब्रिज की ओर से होगा और पार्किंग से निकासी न्यू हैदराबाद की ओर से होगी। पार्किंग के भर जाने पर वाहन कॉल्विन कॉलेज औश्र अपार्टमेंट के सामने रोड साइट खड़े किए जाएंगे। उनकी निकासी लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर होगी। मंदिर ट्रस्ट ने भक्तों से अपील की है कि वह बहुमूल्य वस्तुएं पर्स, बैग, किसी प्रकार का अस्त्र या कोई आपत्तिजनक वस्तु लेकर मंदिर में प्रवेश न करें। छाछी कुआं में भक्तों के लिए एसी और कूलर शहर के सबसे पुराने में मंदिरों में एक मेडिकल कॉलेज चौराहे के पास स्थित छाछी कुआं हनुमान मंदिर में भक्तों की गर्मी से राहत देने के लिए एसी और कूलर की व्यवस्था की गई है। मंदिर के पुरजारी राघवेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि मंदिर के कपाट सुबह साढ़े चार बजे खुल जाएंगे। आरती के साथ ही भक्त दर्शन कर सकेंगे। मंदिर में पुताई और सफाई का काम जोरो पर है। वहीं पांचों मंगल भंडारे और प्याऊ लगाये जाएंगे।

**मंदिरों में होगी भजन संध्या और सुंदर कांड का पाठ :** राणा प्रताप मार्ग श्री हनुमंत धाम मंदिर में पहले बड़े मंगल पर सुंदरकांड का पाठ, भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। वहीं दर्शन के लिए मंदिर के कपाट भोर में ही खुल जाएंगे। दोपहर दो बजे से प्रसाद वितरण शुरू हो जाएगा। श्री हनुमान जी मंदिर अमीनाबाद में भी सोमवार रात्रि 12 बजे से बजरंग बली बाबा के दर्शन प्रारंभ हो जाएंगे। मंदिर को रंगबिरंगी बिजली की झलरों और फूलों से सजाया जा रहा है। पक्का पुल स्थित प्राचीन लेटे हुए हनुमान जी मंदिर पहले मंगलवार को सुबह पांच बजे मंगला आरती होगी। इसके साथ ही दर्शन शुरू हो जाएंगे। इसके बाद हनुमान जी को सिंदूर लेपन होगा। आरती और फिर भंडारा होगा। शाम को सुंदर कांड का पाठ और भजन कीर्तन होंगे। वहीं रात्र साढ़े आठ बजे संध्या महाआरती होगी। इस बार जेठ माह में 8 मंगलवार मंगल पड़ रहे हैं। जेठ माह की शुरूआत 2 मई से हो गयी है। पहला मंगल 5 मई, दूसरा 12 मई, तीसरा 19 मई, चौथा 26 , पांचवा मंगल 2 जून , 9 जून , 16 जून , 23 जून को पड़ेगा। ऐसी मान्यता है कि बड़े मंगल पर हनुमान जी पूजा-अर्चना और ध्यान करने से भक्तों को जीवन में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

**अमीनाबाद हनुमान मंदिर:** अमीनाबाद हनुमान मंदिर बड़े मंगल पर रंग बिरंगी झालरों से सजाया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री विजय पाठक ने बताया कि बड़े मंगल पर मेले का आयोजन होगा। बजरंगबली को 51 किलो बेसन के लड्डू का भोग लगेगा।

## शहर के हनुमान मंदिरों में तैयारियां पूरी, जगह-जगह लगेंगे भंडारे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पवनसुत के गुणगान के लिए जहां मंदिरों में तैयारियां पूरी हो गई हैं वही भक्तों की ओर से श्रृंगार करने का कार्य सोमवार दोपहर बाद से ही शुरू हो गया। पक्कापुल स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में एक क्विंटल फूलों से श्रृंगार शुरू होगा तो अलीगंज के नए हनुमान मंदिर के कपाट सोमवार को ही खोल दिए जाएंगे।

मंगलवार को मध्यरात्रि तक भक्तों के लिए मंदिर के कपाट खुले रहेंगे। पहले दिन देशी विदेशी पांच क्विंटल फूलों से बजरंगी का गुणगान होगा। अलीगंज के पुराने व नए मंदिरों में परिक्रमा करने वालों के लिए विशेष इंतजाम किए गए जाएंगे। हनुमान सेतु मंदिर के आचार्य चंद्रकांत द्विवेदी ने बताया कि सुरक्षा के साथ दर्शन का इंतजाम होगा। हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिरए बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के अलावा लेटे हुए हनुमान मंदिर पर भी श्रद्धालुओं के दर्शन के विशेष इंतजाम किए गए हैं।



**जेठ के सभी मंगल पर सजावट की बुकिंग फुलः** हनुमान सेतु मन्दिर में सफाई रंगाई पुताई का कार्य पूरा हो चुका है। जेठ के मंगल के श्रृंगार की बुकिंग फुल हो चुकी है। मन्दिर के बड़े पुजारी ने बताया कि हर बार जेठ के मंगल को एक भक्त द्वारा ही बुकिंग होती थी लेकिन इस बार भक्तों की श्रद्धा को देखते हुए 5-6 भक्तों को हनुमान जी के शृंगार कराने का मौका दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी बड़े मंगल पर हनुमान जी का दो-दो घंटे पर शृंगार बदला जायेगा। बड़े पुजारी ने बताया कि जेठ के सभी मंगल पर मन्दिर परिसर को एयरकंडीशन किया जायेगा। जिससे भक्तों को गर्मी में काफी राहत मिलेगी। मन्दिर सोमवार की रात 12 बजे खुल जाएगा। जो मंगल को रात 12 बजे बन्द होगा। उन्होंने बताया कि मन्दिर के बाहर कई समाजसेवियों द्वारा भण्डारे और प्याऊ की व्यवस्था की जाएगी। मंगल के दिन विश्वविद्यालय मार्ग स्थित मन्दिर का द्वार बन्द रहेगा। उस दिन बंधा मार्ग के गणेश द्वार से दर्शन होंगे।





**पातालपुरी हनुमान मंदिर में लगेगा 56 व्यंजन का भोगः** पक्का पुल स्थित श्री अहिमर्दन पातालपुरी हनुमान जी मंदिर में सुबह सिंदूर लेप कर श्रृंगार किया जाएगा। कोषाध्यक्ष ऋद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि सुबह 9 बजे आरती उतारी जाएगी। बजरंगबली को 56 व्यंजन का भोग लगाया जाएगा। सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन होगा।

**चौक के कोतवालेश्वर हनुमान मन्दिरः** पुजारी विशाल गौड़ ने बताया कि बड़े मंगल पर हनुमान जी को सिन्दूर और चमेली के तेल से लेप होगा। मशीन द्वारा निकले चांदी के वर्क से भगवान का शृंगार होगा। मन्दिर के बाहर भण्डारे का आयोजन भी होगा।

**बालाजी मन्दिरः** तालकटोरा स्थित बालाजी मन्दिर पर जेठ के सभी मंगलों को सोने, चांदी के वर्क से बाबा का शृंगार होगा। शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। इसके अलावा चारबाग के त्रिलोचन हनुमान मन्दिर, हजरतगंज के हनुमान मन्दिर, रकाबगंज चैराहा स्थित हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर सी ब्लाक हनुमान मन्दिर, कुर्सी रोड व बीरबल साहनी मार्ग के पंचमुखी हनुमान मन्दिर, पक्कापुल स्थित लेटे हुये हनुमान मन्दिर, दुबग्गा के बरदानी हनुमान मन्दिर में बड़े मंगल पर भक्त जुटेंगे।

## कालाष्टमी व्रत 9 को , भक्त करेंगे कालभैरव की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में कालाष्टमी व्रत का विशेष महत्व माना जाता है। यह व्रत हर महीने कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है और इसे भगवान काल भैरव की आराधना के लिए समर्पित किया गया है, जो भगवान शिव के रौद्र और शक्तिशाली स्वरूप माने जाते हैं। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से व्रत और पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में चल रही बाधाएं दूर होती हैं, भय और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है। विशेष रूप से इस दिन निशीथ काल (मध्य रात्रि) में काल भैरव की पूजा करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। वहीं यहां हम बात करने जा रहे हैं मई के कालाष्टमी व्रत के बारे में, जो इस बार 9 मई को मनाया जाएगा।

**कालाष्टमी व्रत शुभ मुहूर्तः** इस दिन निशिता काल 11:56 पी एम से 12:38 ए एम, मई 10 तक रहेगा। इस बीच में भगवान काल भैरव की पूजा-अर्चना कर सकते हैं।



**कालाष्टमी व्रत का महत्वः** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कालाष्टमी का व्रत करने से जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और विधि-विधान से भैरव बाबा की आराधना करने से व्यक्ति के सभी भय, संकट और नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। विशेष रूप से मध्यरात्रि में की गई पूजा को अत्यंत फलदायी माना जाता है, क्योंकि यही समय भैरव शक्ति के जागृत होने का माना जाता है। साथ ही, भैरव देव को न्याय का देवता भी कहा जाता है, इसलिए उनकी पूजा करने से व्यक्ति को न्याय और सुरक्षा की प्राप्ति होती है।

**पूजन विधि :** सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े धारण करें। व्रत का संकल्प लेते हुए भगवान शिव और काल भैरव का ध्यान करें। मंदिर में भगवान भैरव के सामने सरसों या तिल के तेल का दीपक जलाएं। भैरव जी की पूजा रात के समय करना ज्यादा फलदायी माना जाता है। अगर हो पाए तो भैरव प्रतिमा पर पंचामृत व जल अर्पित करें। उन्हें लाल चंदन का तिलक लगाएं। पूजा के दौरान ॐ कालभैरवाय नमः या ॐ ह्रीं बटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु बटुकाय ह्रीं मंत्र का 108 बार जाप करें। मंत्र जाप के बाद काल भैरव चालीसा का पाठ करें और अंत में आरती करें।

**भगवान भैरव के प्रिय भोगः** बाबा भैरव को मीठी चीजें जैसे इमरती और जलेबी बहुत प्रिय हैं। इस दिन उड़द की दाल के बड़े या पकोड़े का भोग लगाना शुभ माना जाता है। कई स्थानों पर इस मौके पर दूध से बनी मिठाइयों का भी भोग लगाया जाता है। काल भैरव का वाहन कुत्ता है। ऐसे में कालाष्टमी के दिन किसी काले कुत्ते को रोटी, दूध या बिस्किट जरूर खिलाएं। ऐसा करने से कुंडली से राहु और केतु जैसे अशुभ ग्रहों का प्रभाव भी कम होता है।

## जेठ महीने में सूर्य देव, हनुमान जी और वरुण देव की आराधना मानी जाती है अत्यंत फलदायी

- 19 वर्ष बाद जेठ में मलमास, 59 दिन में 8 बड़े मंगल
- मलमास जेष्ठ के मंगलवार 19 मई 26 मई 2 जुन और 9 जून

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महीने में मलमास पढ़ रहा है। 2 मई से शुरू हो रहा जेठ महीना इस बार 30 के बजाम 59 दिन का होगा। सूर्य देव, हनुमान जी और वरुण देव की आराधना के लिए अत्यंत फलदायी बेत महीने में इस बाद आठ मंगलवार पड़ेंगे। पहला मंगलवार 5 मई को है. इस दिन प्रमुख हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ शहर भर में भंडारे कराए जाएंगे।

काशी पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह 2 मई से 29 जून तक रहेगा। इसमें 2 मई से 16 मई तक शुद्ध जेष्ठ माह रहेगा। 17 मई से 15 जून तक अधिक मास रहेगा फिर 16 जून से 19 जून तक शुद्ध जेष्ठ रहेगा। इन 59 दिनों में 5, 12, 19, 26 मई और 2, 9, 164 23 जून को आठ मंगलवार पड़ेंगे। जिसमें 5 मई, 12 मई, 16 जून व 23 जून के मंगलवार शुद्ध ज्येष्ठ माह में पड़ेगे, जबकि 19, 26 मई, 2 जून और 9 जून के मंगलवार मालमास में पड़ेंगे।



ज्योतिषाचार्य आनंद दुबे के अनुसार खगोलीय और ज्योतिषीय संयोग के चलते इस वर्ष भक्तों को बल्कि पूरे बड़े मंगल के पावन अवसर प्राप्त होगे, जो हनुमान भक्तों के लिए अत्यंत शुभऔर फलदायी माने जा रहे हैं। अधिक मास चंद्र और सूर्य कैलेंडर के बीच अंतर को संतुलित करने के लिए जोड़ा जाता है। चंद्र वर्ष 354 दिनों का होता है, जबकि सौर वर्ष 365 दिनों का, इसी अंतर को दूर करने के लिए लगभग 32 महीने 16 दिन बाद एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि ज्येष्ठ माह में हनुमान जी को श्रद्धा से पूजा करने, व्रत रखने और दान-पुण्य करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और बजरंगबली को विशेष कृपा प्राप्त होती है।

## भोजपुरी फिल्म 'लाखों में एक पवले बानी हम बहुरानी' का फर्स्ट लुक रिलीज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आम्रपाली दुबे भोजपुरी सिनेमा की सबसे चर्चित और पसंदीदा एक्ट्रेस में शामिल हैं। आम्रपाली दुबे फिलहाल अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इसकी पहली झलक उन्होंने फैंस के साथ साझा कर दी है। फिल्म का नाम है- लाखों में एक पवले बानी हम बहुरानी। जैसा कि फिल्म का नाम है, एक्ट्रेस बहूरानी अवतार में नजर आ रही हैं। आम्रपाली दुबे ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का फर्स्ट लुक साझा किया है।

पोस्टर पर वे बहुरानी अवतार में दिख रही हैं। चुनरी प्रिंट की लाल रंग की साड़ी, गले में मंगलसूत्र पहने वे सिर पर पल्लू रखकर मुस्कुराती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'मेरी पहली फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी' के सुपरहिट गाने 'लाखों में एक पवले बानी हम बहुरानी' से शुरू हुआ ये सुनहरा सफर अब उसी नाम की फिल्म तक पहुंच चुका है। तैयार हो जाइए हंसी, प्यार और पारिवारिक भावनाओं से भरपूर एक शानदार कहानी के लिए। इस फिल्म को रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट लेकर आ रहे हैं। यह पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है। आम्रपाली ने लिखा है, 'पूरा परिवार के साथ देखे के तैयार रही ई फिल्म काहें कि ई फिल्म दिल जीत लेई'। आम्रपाली के अलावा इस फिल्म के निमार्ता निशांत उज्जवल ने भी पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने भी पोस्ट साझा करते हुए लिखा है, 'धमाकेदार मनोरंजन खातिर हो जाई तैयार। इस फिल्म का निर्देशन अजय झा ने किया है। आम्रपाली दुबे की इस फिल्म का ट्रेलर 28 अप्रैल को रिलीज होने जा रहा है। वहीं, यह फिल्म 01 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि फिल्म का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला और भोजपुरी सिनेमा टीवी के यूट्यूब चैनल से रिलीज होगा।

## दर्शकों को निराश करती है अविनाश तिवारी की 'गिन्नी वेड्स सनी 2'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदुस्तानी समाज में शादी जितनी जरूरी मानी जाती है, इस रिश्ते में मन का मीत मिलना उतना ही जटिल भी होता है। शादी के इसी उतार-चढ़ाव भरे रिश्ते को हल्के-फुल्के ढंग से दिखाने की कोशिश है फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2', जो साल 2020 में फिल्म का स्पीरिचुअल सीक्वल है। तब फिल्म में विक्रांत मैसी और यामी गौतम थे। इस बार अविनाश तिवारी और '12वीं फेल' फेम मेधा शंकर हैं।

यह भी कम दिलचस्प नहीं है कि 6 साल पहले आई पहली फिल्म ने कोई खास वाहवाही नहीं बटोरी थी, लेकिन बावजूद इसके मेकर्स ने इसका सीक्वल सिनेमाघरों में लाने की हिम्मत दिखाई है। कहानी ऋषिकेश के सीधे-साधे, कम पढ़े-लिखे पहलवान शिवांश चतुर्वेदी उर्फ सनी (अविनाश तिवारी) और दिल्ली की तेज-तर्रार गीतांजलि गोयनका उर्फ गिन्नी (मेधा शंकर) की है। सनी को पत्नी के रूप में एक सरल हृदय वाली, संकोची स्वभाव की, मधुर मुस्कान और उत्तम गृहणी चाहिए। जबकि बिंदास ख्यालों वाली गिन्नी को कोई ऐसा चाहिए जो उसे इज्जत दे, उसका ख्याल रखे। मुश्किल ये है कि इन दोनों को ही उनके मन का मीत नहीं मिल रहा। भारतीय समाज के चिरपरिचत अंदाज में, माता-पिता का दबाव और थोड़े सा झूठ, गिन्नी और सनी को एक-दूसरे का जीवनसाथी बना देता है। मगर गिन्नी के खुले विचारों से सनी को पहली रात ही ऐसा झटका लगता है कि इन दोनों के रिश्ते की नींव हिल जाती है। यही नहीं, जल्द ही दोनों के झूठ भी एक-दूसरे के सामने खुल जाते हैं। ऐसे में, इनकी शादी का क्या हश्र होता है, यह जानने के लिए फिल्म देखनी होगी। फिल्मों में 'अपोजिट अट्रैक्ट्स' वाली मसाला रोम-कॉम कहानियों का अंत किसी से छिपा नहीं है। 'गिन्नी वेड्स सनी 2' भी इस मामले में खासी प्रिडिक्टेबल है। लेखक-निर्देशक प्रशांत झा ने एक छोटे शहर के प्यार-परिवार, शादी-ब्याह, नाच-गाने, मिलने-बिछड़ने वाली टिपिकल फैमिली एंटरटेनर रचने की कोशिश की है, लेकिन स्क्रीनप्ले को वह कस नहीं पाए हैं। सीन इतने मनोरंजक नहीं है कि आपको गुदगुदा सकें। बेशक, सनी की डिस्फंक्शनल फैमिली में पिता रामसेवक (सुधीर पांडे), भाई-भाभी (विश्वनाथ चटर्जी-नयनी दीक्षित) और दोस्त रुब्बल (रोहित चौधरी) के पारिवारिक खींचतान वाले सीन कहीं-कहीं अच्छे हैं, मगर ओवरऑल फिल्म खींची हुई लगती है। एक्टिंग की बात करें तो मेधा शंकर और अविनाश तिवारी स्क्रीन पर आकर्षक लगते हैं। अविनाश को सनी के रूप में पहली बार ऐसा हल्का-फुल्का किरदार मिला है, लेकिन उनके अभिनय का असर इमोशनल सीन पर ही दिखता है। मेधा भी गिन्नी के रूप में जमती हैं। इनकी जोड़ी में नयापन तो है, लेकिन उनके बीच जोरदार केमिस्ट्री नहीं दिखती। सनी के पिता के रोल में सुधीर पांडे और दोस्त के रूप में रोहित चौधरी जरूर प्रभावित करते हैं। फिल्म का संगीत इसका एक बड़ा कमजोर पहलू है। 'छाप तिलक' के अलावा कोई और गाना थएिटर से बाहर निकलने के बाद याद नहीं रहता। हां, उत्तराखंड की खूबसूरत वादियां जरूर लुभाती हैं।




- ऐक्टर : अविनाश तिवारी, मेधा शंकर, लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, रोहित
- डायरेक्टर : प्रशांत झा

रटिंग-2/5

संक्षेप

## ताबड़तोड़ तीन चोरियों से गांव में दहशत

जौनपुर । मीरगंज थानांतर्गत चौकी खुर्द गांव में 24 घंटे के अंदर तीसरी बड़ी चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है। मछलीशहर वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसे घर को ही चोरों ने बीती रात निशाना बना दिया है। मीरगंज पुलिस मौके पर पहुंच कर मौके की जांच में जुटी है। गांव के बड़े लाल यादव के घर चोरों ने पहले उनकी बिटिया के आंखों में किसी प्रकार का केमिकल डाल कर धक्का दे दिया और घर के अंदर से गहने तथा अन्य सामान समेट ले गये। इससे पूर्व शनिवार - रविवार की रात भी इसी गांव में अवधेश तिवारी के घर चोर 25 लाख के गहने और एक लाख रुपए समेट ले गये थे और शोर मचाने पर फायरिंग करते हुए ले कर भाग गये थे। अवधेश तिवारी से पहले चोरों ने उसी गांव के लालता प्रसाद तिवारी के घर भी दरवाजे की कुंडी तोड़ कर गहनों पर हाथ साफ कर दिया था। रविवार को क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा ने स्वयं आकर इस गांव में मौका मुआयना किया था लेकिन चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अगली रात फिर इसी गांव में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया है। ताबड़तोड़ तीन चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत कायम हो गई है और लोगों में आक्रोश है।

## दूल्हा हत्याकांड में तीन बदमाश दबोचे गये

जौनपुर । दूल्हा हत्याकांड मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में तीनों आरोपी गोली लगने के बाद दबोचे गए। हालांकि मुख्य तीन आरोपी अभी फरार है। चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, तभी संदिग्ध बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से तीनों बदमाश-अमितेश, विकास यादव और कुशल के पैरों में गोली लग गई। घायल हालत में तड़पते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके से हथियार और बाइक भी बरामद की है।अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त वही शातिर अपराधी हैं, जिन्होंने 1 मई की रात एक दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया था। शादी की खुशियों के बीच मातम का साया तब छा गया, जब बारात के लिए निकले दूल्हे आजाद बिंद को रास्ते में अपाची बाइक सवार दो नकाबपोश हमलावरों ने घेर लिया और ताबड़तोड़ चार गोलियां दाग दीं। गंभीर रूप से घायल दूल्हे को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस जघन्य हत्या से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश फैल गया था।

## चोरी की माल के साथ बाल अपचारी पुलिस हिरासत में

दुद्धी, सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (आप0) ऋषभ रुणवाल व क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना दुद्धी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है ।सोमवार को दुद्धी पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तिध्वस्तु की चेकिंग के दौरान खजुरी क्षेत्र में मौजूद थी ।इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि रामनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास सब्जी मंडी की ओर सड़क किनारे मु0अ0सं0 100/2026 से संबंधित व्यक्ति खड़ा है जो कहीं जाने हेतु वाहन का इंतजार कर रहे हैं तथा भागने की फिराक में हैं। प्राप्त सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते 01 बाल अपचारी को पकड़ लिया गया, जिसे विधिक प्रक्रिया के तहत पुलिस हिरासत में लिया गया। कब्जे से लोहे का सब्बल, नगद 564/-रुपये, बोरी में रखा चोरी का नमकीनध्बिस्कुट, कपड़ा धोने का पाउडर, सरसों का तेल, डीजल तेल, राजेश मसाला, मोर मसाला, साबुन (नहानेध्धोने हेतु), रिन साबुन, गुटखा बरामद किया गया ।पिछले महीने एक गुमटी में चोरी हुई थी जिसमें ये बालक आरोपी था जिसके विरुद्ध धारा 238, 305(ए), 317(2) बीएनएस थाना दुद्धी मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस उक्त बाल चोर से लोहे का सब्बल,नगद 564/-रुपयेबोरी में रखा चोरी का नमकीन,बिस्कुट,कपड़ा धोने का पाउडर,सरसों का तेल,डीजल तेल,राजेश मसाला,मोर मसाला साबुन (नहाने/धोने हेतु)रिन साबुन,गुटखा बरामद किया हैं।

# मण्डलायुक्त ने विकास कार्यों का किया व्यापक निरीक्षण



सोनभद्र। मण्डलायुक्त विन्ध्यांचल मण्डल राजेश प्रकाश ने जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा।

मण्डलायुक्त ने 48 आईआर वाहिनी परिसर में टाइप-ए के 16 आवासों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, सामग्री के उपयोग एवं तकनीकी मानकों का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने यूपीआरएनएन उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर इसे पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कार्य में देरी पाई गई तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा। इसके साथ ही मण्डलायुक्त ने नवीन समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण में गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं उपयोगिता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु उन्होंने श्रमिकों की संख्या बढ़ाने तथा संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए ।निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ग्राम पंचायत नई पहुंचे, जहां उन्होंने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पशुओं के रख-रखाव, साफ-सफाई, पेयजल एवं चारे की व्यवस्था का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुओं को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल एवं भूसा उपलब्ध कराया जाए।साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि नेपियर घास की खेती को बढ़ावा देकर हरे चारे की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

## रसोइयों ने समस्याओं को लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन



दुद्धी (सोनभद्र)। खंड शिक्षा क्षेत्र दुद्धी के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में एमडीएम भोजन बना रही रसोइयों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर मोर्चा खोला ,जहा आज सोमवार को भारतीय प्रगतिशील महिला समिति की अध्यक्ष ममता मौर्या के नेतृत्व में रसोइया संघ की अध्यक्ष उषा साहू ने रसोइयों संघ खंड शिक्षा अधिकारी दुद्धी प्रेम शंकर राम को विभिन्न समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपकर समस्या के समाधान हेतु गुहार लगाई।

पत्र के माध्यम से रसोइयों ने प्रशासन पर आर्थिक शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि उनसे एक साल में 11 माह कार्य लिया जाता है, लेकिन मानदेय केवल 10 माह का ही दिया जाता है। एक महीने का मानदेय काटना उनके साथ अन्याय है रसोइयों ने बताया कि सरकार द्वारा अकुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी ?13,690 प्रति माह निर्धारित है, जबकि उन्हें मात्र ?2,000 प्रति माह दिया जाता है, जो कि श्रम नियमों का उल्लंघन है। मानदेय कम होने और समय पर भुगतान न होने से रसोइयों के सामने जीविकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया है। रसोइया संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया और न्यूनतम मजदूरी के अनुसार भुगतान सुनिश्चित नहीं हुआ, तो वे 5 मई 2026 से उग्र आंदोलन और प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगी। इस मौके पर चिंता देवी, अकबरी बानो, मालती देवी ,बिमला देवी, निर्मला, अंजलि , अजमुन निशा, सबीना ,रीना ,राधिका, मीना देवी ,सरस्वती, लीलावती, देवी सहित अन्य महिलाएं मौजूद थी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रचार वाहन को दिखायी हरी झण्डी



आजमगढ़। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायालय, आजमगढ़ तथा समस्त तहसील मुख्यालयों पर 9 मई 2026 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जनपद न्यायालय में स्थित हाल ऑफ जस्टिस में न्यायिक नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत ओम प्रकाश मिश्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारीगण के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

नोडल अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें, साथ ही साथ आम जनमानस से अपील करने के निर्देश दिये गये कि ऐसे वाद जिनका निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर हो सकता है, 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण करा सकते है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिका राजन ने बैठक में उपस्थित समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण को बताया कि लोक अदालत को सफल बनाने के लिए आम नागरिकों को सुलभ एवं शीघ्रता के साथ न्याय दिलाने के उद्देश्य से निरन्तर स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जनपद न्यायालय परिसर में स्थित एडीआर भवन से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर सचिव द्वारा बताया गया कि यह प्रचार वाहन न्यायालय परिसर से चलकर तहसील सदर, कलेक्ट्रेट परिसर, विकास भवन, नगरपालिका, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन होते हुए जनपद में प्रचार प्रसार करेगा।इस प्रचार वाहन का उद्देश्य है कि आम जनमानस को लोक अदालत के बारे में जानकारी हो सके, ताकि वादकारी अपने मुकदमों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से करा सकें। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा बताया गया कि इस लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण करने का लक्ष्य रखा गया है लोक अदालत एक ऐसा वैकल्पिक मंच है जिसमें पक्षकार सुलह समझौते के माध्यम से वादों का निस्तारण कराते हैं।

## बहूभोज में हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, रिश्ते का भाई गिरफ्तार

मीरजापुर। बहूभोज में युवक की गोली लगने से हुई मौत का पुलिस ने खुलासा करते हुए रिश्ते में भाई लगने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार 1 मई 2026 को देहात कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम नारीबारी में बहूभोज कार्यक्रम में एक व्यक्ति को गोली लगने से मौत हो जाने का मामला सामने आया था।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करने के साथ ही युवक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अजय पुत्र भूतनाथ रैदास, 22 वर्ष की मृत्यु बुंदेला पुत्र रघुनाथ निवासीगण राजापुर देहात कोतवाली के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। मृतक अजय के पिता भूतनाथ की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी थी। इस मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने घटना से सम्बन्धित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर मुनेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमें गठित कर प्रभारी निरीक्षक देहात कोतवाली को वांछित आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। बताया गया कि विवेचना के दौरान हत्यारोपी चन्द्रभूषण उर्फ मोछू पुत्र राजनारायण निवासी बरईपुर थाना कोतवाली देहात का नाम प्रकाश में आया। जिसे मुखबिर की सूचना के आधार पर रानीपुर के पास बनी रेलवे लाइन पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसकी निशानदेही पर घटना में 1 तमंचा 12 बोर व 1 अदद खोखा कारतूस फायरशुदा बरामद किया गया।

गिरफ्तार चन्द्रभूषण द्वारा पुलिस की पूछताछ में बताया गया कि अजय (मृतक) उसके दूर की बुआ का लड़का था, 01 मई 2026 को मैं तथा अजय, सूरज के घर बहूभोज में गये थे। मेरे पास एक तमंचा था, जिसे देखने की जिद अजय ने किया। मैं उसे भीड़ से बाहर ले जाकर तमंचा दिखाया तो वह तमंचा लेने की जिद करने लगा। इसी पर मुझे गुस्सा आ गया और मैने उसके सीने में गोली मार दी, जिससे अजय की मौत हो गयी। इसके बाद मैं घबरा गया और उसके शव को खींचकर रेलवे ट्रैक पर ले जा रहा था।

## हर घर को नल से जल योजना की समीक्षा

सोनभद्र। मण्डलायुक्त विन्ध्यांचल मण्डल राजेश प्रकाश ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत संचालित फ्लैगशिप कार्यक्रमों एवं जन शिकायतों के निस्तारण की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। मण्डलायुक्त ने हर घर को नल से जल योजना की समीक्षा करते हुए विशेष रूप से निर्देशित किया कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान जहां-जहां गड्ढे खोदे गए हैं, उनकी मरम्मत संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा प्राथमिकता के आधार पर तत्काल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अधूरे कार्यों एवं सड़कों की खराब स्थिति के कारण आमजन को होने वाली असुविधा को गंभीरता से लिया जाए तथा इसे शीघ्र ठीक कराया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रारंभ हो चुकी है, वहां इसकी गुणवत्ता, नियमितता एवं प्रभावशीलता की जांच के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों की टीम गठित की जाए। यह टीम गांवों का स्थलीय भ्रमण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करेगी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि निरीक्षण के लिए जाने वाली टीम अपने भ्रमण कार्यक्रम की पूर्व सूचना संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवश्य उपलब्ध कराए। मण्डलायुक्त ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जाएगी, जिसमें अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), अधिशासी अभियन्ता जल निगम तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को सम्मिलित किया जाएगा।

## स्वगणना अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित




आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी व जिला जनगणना अधिकारी गम्भीर सिंह एवं जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा जनपद आजमगढ़ के समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक विकास भवन आजमगढ़ में आयोजित की गई। बैठक में आगामी जनगणना-2027 के अंतर्गत चल रहे स्व-गणना कार्यक्रम की प्रगति एवं क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि स्व-गणना अभियान दिनांक 07 से प्रारंभ होकर 21 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न तिथियों पर अलग-अलग समूहों के माध्यम से स्व-गणना कराने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्व-गणना एक स्वैच्छिक एवं अभिनव पहल है, साथ ही यह भारत की पहली डिजिटल जनगणना भी है, जो नागरिकों की सक्रिय सहभागिता पर आधारित है। जिला विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना से संबंधित समस्त कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, अतः निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में स्व-गणना जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत हरिऔध कला केंद्र के ऑडिटोरियम में एनसीसी कैडेट्स, परिवहन रोडवेज आजमगढ़ में अधिकारियोंध्कर्मचारियों एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आजमगढ़ में छात्रों एवं शिक्षकों के मध्य एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कैडेट्स को स्व-गणना के लाभ, इसकी प्रक्रिया तथा आमजन को इसके प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# प्रदूषण बोर्ड के अध्यक्ष ने सीडा का किया निरीक्षण



जौनपुर। अध्यक्ष, उ० प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह द्वारा औद्योगिक क्षेत्र, सीडा, सतहरिया का निरीक्षण करते हुए सीबीडब्ल्यूटी०एफ० मेसर्स आरएसबीएम डब्लयू तथा मेसर्स हॉकिन्स प्रा० लि० का निरीक्षण भी किया गया।

सीबीडब्ल्यूटीएफ कीसमुचित लॉगबुक मेन्टेन न किये जाने तथा पृथक से इसके के संचालन हेतु एकाकी विद्युत मीटर स्थापित न होने के दृष्टिगत पर्यावरणीय अधिनियमों का उल्लंघन बताते हुए समुचित निर्देश जारी किये जाने हेतु क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देशित किया गया। मेसर्स हॉकिन्स प्रा० लि० प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि हॉकिन्स उद्योग का कुल क्षेत्रफल 22 हजार वर्गमीटर है तथा निर्माण लगभग 8 हजार वर्गमीटर में किया गया है। अध्यक्ष महोदय द्वारा उद्योग में प्लांटेशन के क्षेत्रफल की जानकारी चाही गई। तत्कम में वरिष्ठ महा प्रबन्धक श्री सौरभ एवं वरिष्ठ प्रबन्धक चिन्मय द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। तत्क्रम में अध्यक्ष द्वारा मेसर्स हॉकिन्स द्वारा रोपित किये वृक्षारोपड़ का राज्य बोर्ड द्वारा जारी की गई सहमति की वृक्षारोपड़ की शर्त 33 प्रतिशत के सत्यापन हेतु ऑडिट किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। भ्रमण के उपरांत अध्यक्ष द्वारा इंडियन इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, सतहरिया, एवं ईंट भट्ठा निमार्ता संघ, के साथ बैठक कर औद्योगिक इकाईयों द्वारा अधिक से अधिक वृक्षारोपड़ किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा अपील की गई कि किसी भी एनजीओ को संयुक्त रूप से अनुबंधित कर औद्योगिक क्षेत्र में वृक्षारोपड़ का कार्य प्रमुखता से किया जाये। इस अवसर पर निर्देशित किया गया कि प्रत्येक औद्योगिक इकाई के भू-भाग के क्षेत्रफल के 33 प्रतिशत भू-भाग पर वृक्षारोपड़ किया जाना सहमति शर्तों के अन्तर्गत प्राविधानित है। अतः औद्योगिक इकाईयों को सी०एस०आर० के मद से वृक्षारोपड़ का कार्य सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यू०पी०सीडा के सहायक अभियन्ता को रोड साईड की खाली जमीन में प्लानटेशन कराये जाने हेतु सम्बंधित इण्डस्ट्री की जिम्मेदारी तय करते हुए निर्देशित किया गया। क्षेत्रीय अधिकारी, उ० प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वाराणसी, रोहित सिंह, सीडा, सतहरियों, के सहायक अभियन्ता, सादिक, इंडियन इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, सतहरिया, के अध्यक्ष बृजेश यादव एवं ईंट भट्टा निमार्ता संघ, जौनपुर के अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह, सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र के लगभग 50 उद्योग प्रतिनिधि, जनपद-जौनपुर के ईट भट्ठा प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहें।

## अवैध असलहा तस्करी का भंडाफोड़ 2 असलहा तस्कर गिरफ्तार

मीरजापुर। अभी तक तो बिहार से लाकर यूपी में असलहा तस्करी के मामले सुनने में आया करते थे, लेकिन अब इनमें मध्यप्रदेश का भी नाम जुड़ गया है जहां से यूपी के पूर्वांचल में असलहा तस्करी को बढ़ावा मिल रहा है। ऐसे ही एक असलहा तस्करी का मीरजापुर की कछवां थाना पुलिस ने अवैध असलहा तस्करी का भंडाफोड़ कर, पुलिस मुठभेड़ में 2 अन्तर्रजनपदीय असलहा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

इस दौरान इनके कब्जे से 3 पिस्टल मय मैग्जीन, 2 अतिरिक्त मैग्जीन, जिंदा व खोखा कारतूस बरामद किया गया है। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर मुनेन्द्र पाल सिंह, प्रभारी थानाध्यक्ष कछवां के रूप कार्यरत सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षणाधीन कनिष्क आर.जामकर के नेतृत्व में सोमवार को थाना कछवां पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जब पुलिस टीम ने 2 बाइक सवार चार लोग जो भटौली के रास्ते भदोही की तरफ जा रहे थे जो अपने पास अवैध असलहा रखें है। जिन्हें पुलिस टीम द्वारा भटौली पुलिस श्मशान घाट के पास घेराबंदी कर सघन वाहन चेकिंग की गयी। इस दौरान दो बाइक सवार व्यक्ति आते दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया तो पुलिस से स्वयं को घिरता देखकर बाइक सवारों द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा इस दौरान एक बाइक सवार हरिओम पाण्डेय 22 वर्ष पुत्र गोपाल जी पाण्डेय निवासी मड़फा थाना कोरांव जनपद प्रयागराज व बालअपचारी को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से 3 अदद पिस्टल .32 बोर मय मैग्जीन, 2 अदद अतिरिक्त मैग्जीन, 1 अदद जिन्दा व 1 अदद खोखा कारतूस .32 बोर बरामद किया गया, जबकि दूसरी बाइक सवार दो अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहें। मौके से फरार तस्कर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों द्वारा सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

## पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणामः सूरज

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में जीत के बाद आजमगढ़ शहर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्य चैक से तकिया तक विजय जुलूस निकालकर खुशी का इजहार किया और मिठाइयां वितरित कीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चौक स्थित दक्षिण मुखी काली माता मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नितिन नबीन और अमित शाह के दीर्घायु होने की कामना की। इस



अवसर पर भाजपा लालगंज के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और गृह मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति तथा करोड़ों कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को अभेद किला माना जाता था, जिसे भाजपा कार्यकर्ताओं ने भेद दिया है। उन्होंने आगे कहा कि यह जीत देशभर में संदेश देगी कि आने वाले वर्षों में भाजपा का विजय अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी और आजमगढ़ की सभी दसों विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। इस दौरान नगर अध्यक्ष मृगांक शेखर सिन्हा, मयंक कुमार श्रीवास्तव, चंद्रहास राय, राघवेंद्र मिश्रा लड्डू, सुधीर गुप्ता, प्रिंस सिंह मोंटी, अनीता सिंह, आशा वर्मा, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, विनायक सिंह सरदार, विशाल श्रीवास्तव, आकाश गुप्ता, उमेश विश्वकर्मा, महेंद्र मोदनवाल, पंकज मोदनवाल, अनूप श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, गोलू गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पत्रकारों को कवरेज से पुलिस ने रोका

जौनपुर। दुल्हा आजाद बिंद हत्याकांड से जुड़े आरोपियों के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ के बाद घायल अभियुक्तों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे पत्रकारों को अस्पताल परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों ने कवरेज करने से रोक दिया। मौजूद पत्रकारों का आरोप है कि उन्हें न केवल रिपोर्टिंग से रोका गया, बल्कि कुछ पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और अपमानजनक टिप्पणी भी की। इस घटना के बाद मीडिया कर्मियों में नाराजगी देखी जा रही है इसी बीच एक और मामला सामने आया है, जिसमें जिला पुलिस के आधिकारिक मीडिया ग्रुप में घायल आरोपियों की तस्वीरें साझा की गईं। इसे लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं कि जब पत्रकारों को मौके पर कवरेज से रोका गया, तो पुलिस द्वारा खुद तस्वीरें जारी करना किस तरह उचित है। पत्रकार संगठनों ने इस पूरे घटनाक्रम की कड़ी आलोचना करते हुए निष्पक्ष जांच और संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाएं प्रेस की स्वतंत्रता और पारदर्शिता पर सवाल सवाल तो है ही पुलिस अपने करतूतों को छिपाने का प्रयास भी है।

## पश्चिम बंगाल और असम में जीत पर मनाया जश्न

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु और पांडुचेरी एवं केरला में विधानसभा चुनाव में दर्ज जीत पर जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकताओं ने पटाखा फोड़कर जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। खेल और युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु और पांडुचेरी एवं केरला के विधानसभा चुनाव में आए नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और विकासवाद की राजनीति पर अटूट विश्वास है। भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक बहुमत प्राप्त कर 15 वर्षों के कुशासन को समाप्त किया है और असम में विकास की हैट्रिक लगाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए एक



ऐतिहासिक मोड़ है। पश्चिम बंगाल की जनता ने हिंसा और तुष्टिकरण की राजनीति को नकार कर सोनार बांग्ला के संकल्प को चुना है। असम में सुशासन की निरंतरता पर जनता ने मुहर लगाई है। तमिलनाडु और केरल में हमारा बढ़ता जनाधार और पांडुचेरी में एनडीए की निर्णायक बढ़त दर्शाती है कि दक्षिण भारत में भी भाजपा अब एक सशक्त और अनिवार्य शक्ति बन चुकी है यह जीत कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम और प्रधानमंत्री मोदी जी की जनकल्याणकारी नीतियों को समर्पित है ।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने कहा कि यह विजय हर उस कार्यकर्ता की मेहनत का परिणाम है, जिसने बिना रुके, बिना थके पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाया भाजपा जनता के विश्वास पर खरे उतरते हुए ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ण के संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाएंगे हम विश्वास दिलाते हैं कि जिन राज्यों में पार्टी को जनादेश मिला है, वहां विकास की गति को और तेज किया जाएगा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। परविंदर चैहान नीरज मौर्य अमित श्रीवास्तव देवी प्रसाद सिंह राजकेशर पाल धर्मेंद्र मिश्र राजेश गुप्ता दीपक सिंह घनश्याम यादव मेराज हैदर मनीष श्रीवास्तव अनिल गुप्ता पंकज श्रीवास्तव विकास ओझा श्रवण सिंह आदि उपस्थित रहे।

## तीन राज्यों में हुई जीत, भाजपाइयों ने मनाया जश्न



सोनभद्र। भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर कार्यकताओं के साथ पटाका, ढोल नगाड़ा बजाते हुए मिष्ठान खिलाकर खुशियां मनाई गयी ।इस मौके पर जनपद सोनभद्र के पश्चिम बंगाल चुनाव में प्रवासी कार्यकर्ता के रुप में ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, आशीष केशरी का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष द्वारा स्वागत किया गया ।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रचंड जीत हासिल की है ।इस महत्वपूर्ण चुनावी सफलता के बाद देश भर में जश्न का माहौल है. जिला कार्यालय पर जमकर उत्सव मनाया जा रहा है. ये खुशी केवल चुनावी राज्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी गूंज देश के अन्य प्रमुख हिस्सों में भी सुनाई दे रही है। यह सनातन की जीत है. देश में सनातन विरोधी राजनीति अब नहीं चलेगी और जनता ने इसका स्पष्ट संदेश दिया है. उन्होंने यह भी दावा किया कि पश्चिम बंगाल में भाजपा को तीन-चौथाई बहुमत मिल रहा है, जबकि अन्य राज्यों में भी पार्टी का प्रदर्शन मजबूत रहा है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, रुबी प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष अमरेश पटेल, महेश्वर चन्द्रवंशी, संतोष शुक्ला, मनोज सोनकर, प्रमिला जायसवाल, आकाश जायसवाल, रजनीश रघुवंशी, पुष्पा सिंह, गुड़िया त्रिपाठी, विनय श्रीवास्तव, दिलिप चौबे, रामबली मौर्या, बलराम सोनी, बृजेश पाण्डेय, रुबी गुप्ता, कविता यादव, रंजन पाण्डेय, अभिषेक गुप्ता, धीरेन्द्र पाण्डेय, अजय श्रीवास्तव, तारा देवी, वंदना वर्मा, सरोज केशरी, ध्रुवकांत द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### तमंचा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना पचोखरा पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को थाना पचोखरा पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर खास की सुचना पर गढी भूपाल से आगे कच्चे रास्ते पर एक अभियुक्त को एक नाजायज तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस के साथ एक अभियुक्त बबलू पुत्र अशोक कुमार निवासी छिकाऊ थाना पचोखरा को गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पर आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की है।

### बाइक छीनने की झूठी सूचना देने वाले को किया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा डायल-112 पर झूठी सूचना देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को पचोखरा पुलिस ने डायल-112 पर झूठी सूचना देने वाले कॉलर विवेक कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम मौडा थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा डायल 112 पर कॉल करके झूठी सूचना दी कि उसकी मोटर साइकिल को दो व्यक्ति छीन कर ले गये है। उक्त सूचना पर तत्काल प्रभाव से पचोखरा पुलिस द्वारा कार्यवाही की गयी तो तो पाया कि कॉलर द्वारा दी गयी सूचना झूठी हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मथुरा। थाना फरह क्षेत्र अंतर्गत सोमवार सुबह करीब 7 बजे दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जहां एक अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया।मृतक की पहचान 23 वर्षीय रैना पुत्र बिंदु मण्डल के रूप में हुई है। वह बिहार के शिपा थाना क्षेत्र के परसा गांव के निवासी थे और विष्णु मंडल के पुत्र बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार रैना किसी काम से मोटरसाइकिल पर जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही, मृतक के परिजनों को भी इस दुखद घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस फरार वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है।

### समस्याओं के लिए संपर्क करें आपूर्ति निरीक्षक से

मथुरा। छाता क्षेत्र में रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आपूर्ति विभाग पूरी तरह सक्रिय है। आपूर्ति निरीक्षक मोहन प्रकाश उपाध्याय ने जनता को जागरूक करते हुए स्पष्ट किया है ,कि गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें।

निरीक्षक ने कहा कि गैस की आपूर्ति अपने क्षेत्र में सुचारू रूप से जारी है और सभी उपभोक्ताओं को उनके संबंधित क्षेत्रों में समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे निर्धारित सरकारी दर पर ही सिलेंडर लें।

# तीन राज्यों में सरकार बनने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न



जिला संवाददाता

**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों में स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाने पर एवं पश्चिम बंगाल असम में दो तिहाई बहुमत की सरकार बनने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा एटा रोड शिविर कार्यालय पर जीत का जश्न मनाया गया जिसमें पार्टी के कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े बजाकर आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि देश की जनता में केंद्र की कल्याणकारी योजनाएं एवं करिश्माई नेतृत्व और प्रधानमंत्री के द्वारा किए गए देश हित में कार्यों पर मोहर लगाने का कार्य किया है यह जनादेश विपक्ष को जवाब देने वाला है पिछले 12 वर्षों में नीति निर्णय पर भरोसा जताया है, प्रधानमंत्री मोदी देश की जनता के भरोसे के केंद्र बिंदु है आज देश की जनता ने साबित कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है आज फिर से मोदी जी की योजनाएं और नेशन को प्रमाणित करने का काम देश की जनता ने किया है इसके साथ ही साथ इन राज्यों के कार्यकताओं की अथक मेहनत एवं परिश्रम की पराकाष्ठा के कारण भी यह सब संभव हो सका है इसके लिए इन राज्यों के कार्यकर्ता बधाई के पात्र है इस अवसर पर शिव शंकर शर्मा नीलम दिवाकर दिनेश गुप्ता पवनचक महिपाल निषाद जिला सह संयोजक सोशल मीडिया सचिन जैन,पूरन सिंह जी दीपक कनवा अंकित शर्मा गिरवर निषाद विनोद सिंह बंटी सिंह अजीत जूर्ण नितेश शर्मा अनीश व्हाट्सएप आनंद प्रताप सिंह गुल्लू संतपाल सिंह यादव अनुज राघव दिवांशु उपाध्याय कमलेश राजपूत ब्लॉक प्रमुख ब्लॉक प्रमुख टूंडला सत्येंद्र धनगर नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं पूर्व नगर अध्यक्ष रूपेश शुक्ला के स्टेशन रोड स्थित कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर हर्ष व्यक्त किया गया,और मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा अनुसूचित मोर्चा बृजक्षेत्र के सह प्रभारी रामतीर्थ सिंह चक ने बताया कि आज तीन प्रदेशों में भाजपा सरकार बनने टूंडला नगर के भाजपा कार्यालय पर मिष्ठान वितरण किया गया है।पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी और उनके उनके गुंडों के आतंक और उत्पीड़न से परेशान थीं टीएमसी के गुंडे चुनाव के दौरान भी कई भाजपा प्रत्याशियों के साथ मारपीट कर रहे थे। पूर्व नगर अध्यक्ष रूपेश शुक्ला ने कहा समूचे देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर भाजपा के पक्ष में मतदान किया और इसलिए इस बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है।इस दौरान दुष्यन्त जादौन,संजय सिंह परमार,लोकेश जादौन अजीत जुरैल हरिओम शर्मा,शिवदृष्टि रावत रामअवतार शर्मा आदित्य प्रताप,देवांशू प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### मथुरा में मना विजय उत्सव

मथुरा। पश्चिम बंगाल सहित अन्य प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में आज भाजपा जिला कार्यालय ह्लपुष्पांजलिह्व पर ह्यविजय उत्सवह्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एवं मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी अशोक कटारिया, ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष हेमेंद्र शर्मा, सांसद तेजवीर सिंह, विधायक पूरन प्रकाश, जिला महामंत्री सत्यपाल चैधरी, जिला महामंत्री आकाश चैधरी, जिला महामंत्री अमन ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अनिल चैधरी, जिला मंत्री सुरेश तरकर, भानु प्रताप सिंह, रणवीर सिंह,मनीष पाराशर, श्रीमती मुदिता गोस्वामी, भगत सिंह जादौन, विक्रम सिंह, नारायण पांडे सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी एवं देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला प्रभारी अशोक कटारिया ने कहा, ह्लयह जनादेश तुष्टिकरण की राजनीति के अंत का प्रतीक है। बंगाल की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी जी के विकासवाद पर मुहर लगाई है।ह्व उन्होंने आगे कहा कि मथुरा का प्रत्येक कार्यकर्ता इसी ऊर्जा से 2029 के लिए अभी से जुट जाए।

राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह ने कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा, ह्लमोदी जी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है और जनता का विश्वास अटूट है। बंगाल की यह विजय राष्ट्रवाद की जीत है।ह्व उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। विधायक पूरन प्रकाश ने कहा, ह्लबंगाल में कमल खिलना लोकतंत्र की पुनर्स्थापना है। मां-माटी-मानुष अब सुशासन की ओर बढ़ेगा।ह्व उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकताओं की मेहनत से मथुरा में भी आगामी चुनावों में भाजपा और मजबूत होगी। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि यह विजय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व, उनकी जनकल्याणकारी नीतियों तथा पार्टी के करोड़ों कार्यकताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है।

# जैन मंदिर पंचकल्याणक महोत्सव में राज्य सभा सांसद नवीन जैन का स्वागत किया



**टूंडला।** नगर की हाईवे रीजेंसी कॉलोनी स्थित श्री 1008 चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर पंचकल्याणक महोत्सव में कई मनमोहक प्रस्तुति ओर आयोजन किए गए इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद नवीन जैन और मधु बघेल की उपस्थिति मुख्य रूप से रही, आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ने शमोशरण में बैठकर राज्यसभा सांसद नवीन जैन को शास्त्र ओर अपने द्वारा लिखित किताब आशीर्वाद स्वरूप दोनों को भेंट की पंचकल्याण महोत्सव कमेटी व जिला सह संयोजक सोशल मीडिया भाजपा सचिन जैन व साधना जैन द्वारा राज्य सभा सांसद नवीन जैन ओर मधु बघेल का भव्य स्वागत ओर सम्मान पटका माला स्मृति चिन्ह ओर शाल पहनाकर किया इसके बाद पंचकल्याणक जिसमें मुख्य रूप से केवल ज्ञान संस्कार, केवल पटोद्घाटन केवल ज्ञानोत्पत्ति, शमोशरण रचना भगवान की दिव्य ध्वनि केवल ज्ञान पूजा उसके बाद मोक्ष कल्याणक में भगवान आदिनाथ के कैलाश पर्वत पर दर्शन भगवान आदिनाथ का निर्वाण प्राप्ति अग्निकुमार देव द्वारा अग्नि संस्कार और मोक्ष कल्याणक ओर पूजन क्रियाएं होगी इस मौके पर पंचकल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष सर्वेश जैन महामंत्री पाण्डेय जयंत जैन कोषाध्यक्ष विशाल जैन जिला सह संयोजक सोशल मीडिया भाजपा सचिन जैन प्रमोद जैन दिल्ली उपाध्यक्ष दीपक जैन एडवोकेट नगर अध्यक्ष आजाद जैन अजित जैन राजीव जैन,प्रिंस जैन सोनू जैन राजू जैन, अंकित जैन कोटकी पंकज जैन संदीप जैन सरिया समुद्रगुप्त जैन, चंदू जैन अग्रज जैन विपिन जैन कमल जैन दिल्ली मनीष जैन समस्त जैन समाज मौजूद रही।

# अधिक जमीन के अधिग्रहण को लेकर किसानों का दूसरे दिन भी धरना रहा जारी

**शिकोहाबाद।** एनएचआई के द्वारा आरोंज गांव के आसपास के किसानों की जमीन का बिना किसानों की अनुमति के जमीन का अधिग्रहण करने को लेकर दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। इस दौरान किसानों ने प्रशासन, एनएचआई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों का आरोप था कि एनएचआई के वरिष्ठ अधिकारी जानबूझकर नहीं आ रहे है जिससे उनकी पोल न खुल जाए। पैमाईश न होने से नाराज किसान दूसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे। तहसील प्रशासन की ओर से जमीन की पैमाईश करने के लिए राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई लेकिन एनएचआई के वरिष्ठ अधिकारी के स्वास्थ्य खराब होने के चलते वह नहीं आए। जिससे पैमाईश का कार्य मंगलवार को किया जाएगा। इस दौरान किसान नेता सीपी यादव ने कहा कि एनएचआई ने किसानों की बिना सहमति के अधिक जमीन का अधिग्रहण कर लिया। इस दौरान जमीन के मालिकों को एनएचआई ने बताना भी मुनासिब नहीं समझा। 88 किसानों की अधिक जमीन अधिग्रहण कर ली गई है। किसानों की मांग है कि जमीन की पैमाईश कराई जाए। जिन किसानों की अधिक जमीन का अधिग्रहण किया गया है उसका मुआवजा दिलाया जाए। जब तक किसानों की जमीन की पैमाईश नहीं होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। किसानों का शोषण किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस बार में एसडीएम डॉ गजेन्द्र पाल सिंह का कहना है कि किसानों के मामले में कार्यवाही की जा रही है। जांच होने के बाद किसानों को जमीन का मुआवजा दिलाया जाएगा। इस दौरान योगेश यादव धर्मेंद्र यादव अजय कुमार रामवीर सिंह, राजेंद्र सिंह मुल्तान सिंह रविन्द्र कुमार विनीश कुमार, गिरेंद्र सिंह रघुवीर सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

# वृंदावन में आश्रम से 3 वर्षीय मासूम का अपहरण



**मथुरा।** वृंदावन धर्मनगरी के गौरी गोपाल आश्रम के समीप गौडीय मठ से रविवार दोपहर एक तीन वर्षीय बालक के अपहरण की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। आरोप पीड़ित के साथ में ही मजदूरी करने वाले एक युवक पर लगा है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से दमोह (मध्य प्रदेश) निवासी पूजा लोधी अपने पति और बेटे गोपाल के साथ आश्रम में भोजन करने गई थी।

आरोप है कि जब पूजा बर्तन धोने गई, तभी उनके साथ काम करने वाला मजदूर लखन लाल बच्चे को लेकर फरार हो गया। काफी तलाश के बाद पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। प्राप्त सीसीटीवी फुटेज में बच्चा और उसको ले जाने वाला एक दुकान के बाहर साफ दिखाई दे रहा है।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 13 मई को गऊ ग्राम परखम में करेंगे लोकार्पण



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 13 मई को दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र गऊ ग्राम परखम फरह में दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के तत्वावधान में संचालित विभिन्न प्रकल्पों का लोकार्पण करेंगे। रविवार को गऊ ग्राम परखम स्थित अशोक सिंघल सभागार सप्त ऋषि कुटीर में आयोजित बैठक में दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के मंत्री हरिशंकर शर्मा ने बताया है कि 13 मई को हवन, गृह प्रवेश एवं भूमि पूजन कार्यक्रम प्रातः 10:30 से गौ विज्ञान अनुसंधान केंद्र पर होगा। लोकार्पण कार्यक्रम अपरान्ह एक बजे से नवधा सभागार केशव प्रसाद मौर्य उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानन्द गिरि महाराज और अंतराष्ट्रीय कथा मर्मज्ञ विजय कौशल महाराज श्रीधाम वृंदावन का आशीर्वचन प्राप्त होगा। उप मुख्यमंत्री छात्राओं के हॉस्टल, पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सालय, स्टूडियो का लोकार्पण, हर्बल गार्डन का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर कन्वेशन सेंटर और स्टाफ क्वार्टर के भूमि पूजन कर और बुनकर केंद्र में स्थापित नवीन मशीन के पूजन कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम की भोजन व्यवस्था में शिवकुमार शर्मा, जगमोहन पाठक, महिपाल, नत्थीलाल, अमित जैन, पूजन व्यवस्था में राकेश शर्मा, अतिथि आसन व्यवस्था में शशिकांत, विनीत शर्मा, मनोज, राम पाठक रहेंगे। मंच व्यवस्था चंदशेखर एवं मीडिया प्रबंधन मुकेश शर्मा देखेंगे। अन्य व्यवस्थाओं में गोविंद, देवेंद्र प्रताप सिंह, ब्रजेश, नरेंद्र पाठक, उमेश शर्मा,जगदीश रहेंगे। बैठक में अजीत महापात्र संयोजक, अखिल भारतीय गौ सेवा गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, डॉ. अनुराग शर्मा सदस्य गौशाला समिति, डॉ० केएमएल पाठक उपाध्यक्ष अकादमिक समिति, मनोज एवं चंद्रशेखर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**टूंडला।** विधानसभा टूंडला के विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर द्वारा नारखी ब्लॉक के गांव राजपुर पर सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया जिसकी लम्बाई 4.500 किलोमीटर और लागत 940.87 रुपए है। इस दौरान विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर बताया कि उक्त सड़क के निर्माण होने से नारखी ब्लॉक के अनेकों गांव की जनता को लाभ मिलेगा।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में समूचे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसी क्रम में टूंडला विधानसभा की दर्जनों की संख्या में सड़कों का प्रस्ताव पास किए गए हैं और उनके लगातार उक्त सड़कों के भूमि पूजन कर उनका निर्माण कार्य कराया जा रहा है,टूंडला विधानसभा के कुछ गांव एवं मजरों में जो भी सड़कें नहीं बनीं है उनका भी प्रस्ताव बना कर अतिशीघ्र उनका निर्माण कराया जाएगा। एक भी सड़क बिना बनी नहीं रहेगी इस दौरान मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह,नरेन्द्र प्रताप सिंह,रामतीर्थ सिंह,चक योगेश प्रताप सिंह,सुशील पोनियां,अभिषेक प्रताप सिंह,सतेन्द्र प्रताप सिंह,योगेंद्र प्रताप ललित सिंह,अनुज जैन सहित अनेकों भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव ने की विकास कार्य और कानून व्यवस्था की समीक्षा



**फिरोजाबाद।** जनपद की नोडल अधिकारी संयुक्ता समद्दार प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में विकास कार्य एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई, बैठक के दौरान नोडल अधिकारी ने विकास योजनाओं की देरी पर कड़ा रुख अपनाया,अधिकारियों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ-ससमय कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए,नोडल अधिकारी ने सर्वप्रथम जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने हेतु खोदी गई सड़कों को तत्काल दुरुस्त किया जाए, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में कोई असुविधा न हो, इस योजना के तहत 564 गांवों में चल रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर अत्यंत नाराजगी व्यक्त करते हुए, उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्य समय से पूर्ण करने की चेतावनी दी, साथ ही साथ निर्देशित किया कि इन कार्यों का भौतिक सत्यापन जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारी द्वारा एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। विद्युत पर्यटन और वन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए,साथ ही गर्मी के मद्देनजर सभी ट्रांसफार्मरों को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए, जिससे जनता को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो, जनपद को पर्यटन हब के रूप में स्थापित करने के लिए सभी क्रियाशील योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने पर बल दिया गया। कृषि एवं पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए नोडल महोदया को अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 3.3 लाख किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा चुकी है, नोडल अधिकारी ने शेष लक्ष्य को पूर्ण करने के शीघ्र निर्देश दिए।

पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पशुओं का नियमित टीकाकरण हो और चारे की उपलब्धता सुनिश्चित रहे, जनपद की 63 गौशालाओं में से दो बड़ी गौशालाओं में संचालित बायोगैस प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए अन्य गौशालाओं में भी लागू करने हेतु निर्देशित किया, ताकि ग्रामीणों को वैकल्पिक ऊर्जा मिल सके।

चिकित्सा विभाग की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड जितना बनना जरूरी है, उससे ज्यादा इसका लाभ भी मिलना जरूरी है, इसके लिए यह सुनिश्चित करें कि इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ वंचित वर्गों को मिल सके। नोडल अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय में वह जनसुनवाई हेतु 10 से 12 बजे तक प्रत्येक दिन अवश्य बैठे, जिससे जन समस्याओं का समाधान त्वरित गति से हो, कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि बैंकों और एटीएम में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगे हो और उन्हें कंट्रोल रूम से अवश्य जोड़ा जाए, साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि महिला अपराधों से संबंधित मामलों में कार्यवाही तुरंत की जाए।अंत में नोडल अधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी, सभी विभाग पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें, ताकि जनता को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी नमामी गंगे एसपी सिटी मुख्य चिकित्सा अधिकारी परियोजना निदेशक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, आदि अधिकारी उपस्थित रहें। इस दौरान नोडल अधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ कलेक्ट्रेट स्थित परिसर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम और ग्लास म्यूजियम का भी निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था और अधिकारियों को इस परियोजना को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि जनता इसका लाभ उठा सके, इस अवसर पर पर्यटन अधिकारी विशाल श्रीवास्तव भी उपस्थित रहें।

# महिलाओं का फूटा गुस्सा,घर से स्मार्ट मीटर उखाड़े सहजलपुर बिजलीघर पर फेंके

**शिकोहाबाद।** स्मार्ट मीटर का विरोध हर जगह जारी है। कई जिलों में महिलाओं ने घर में लगे स्मार्ट मीटर उखाड़ कर बिजली घर में फेंक कर आक्रोश व्याप्त कर रही हैं। ऐसा ही मामला शिकोहाबाद के बालाजी मंदिर स्थित बनी कॉलोनी देव नगर और बालाजी नगर की करीब एक दर्जन से अधिक महिलाएं अपने-अपने घरों से स्मार्ट मीटर उखाड़कर सिर पर रखकर सहजलपुर विद्युत घर पहुंचीं और वहां मीटर फेंककर विरोध प्रदर्शन किया सूचना पर पहुंची पुलिस महिलाओं को शांत कराकर घर भेज दिया। स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। सोमवार को शिकोहाबाद में महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। बालाजी मंदिर स्थित देव कॉलोनी और बालाजी कॉलोनी की महिलाएं अपने-अपने घरों से स्मार्ट मीटर उखाड़कर सिर पर रखकर सहजलपुर विद्युत घर पहुंचीं और वहां मीटर फेंककर विरोध जताया।महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर बहुत तेज चल रहे हैं, जिससे कुछ ही दिनों में रिचार्ज खत्म हो जाता है और अचानक बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है। उन्होंने पुराने मीटर दोबारा लगाए जाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। हंगामा की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को संध्या बूझकर घर भेज दिया।महिलाओं का कहना है कि जहां पहले 300-400 रुपये महीने का खर्च होता था, अब दो-तीन हजार रुपये खर्च हो रहे हैं। रिजार्च कराने के बाद पता ही नहीं चलता कि रुपये कहां गए, बिजली काट दी जाती है। एसडीओ हरि सिंह का कहना है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों की जांच कर समाधान निकाला जाएगा। हंगामा करने वाली महिलाओं में पिंकी डिम्पल पूजा, सीमा स्वेता कविता शशि नीरज देवी, नीरज यादव रूबी यादव, बेबी यादव कुसुमा देवी फूल माला सहित महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

# पश्चिम बंगाल-असम विजय पर मनाया भव्य उत्सव



मथुरा। सोमवार को पुष्पांजलि स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में न केवल कार्यकताओं को भविष्य की कार्ययोजना के लिए प्रशिक्षित किया गया, बल्कि पश्चिम बंगाल और असम चुनावों में पार्टी की प्रचंड जीत का भव्य उत्सव भी मनाया गया।

कार्यशाला को जिला प्रभारी एवं एमएलसी अशोक कटारिया और राघवेंद्र सिंह ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा भाजपा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 16 और 17 मई को के.एम. मेडिकल यूनिवर्सिटी, पाली डुंगरा में आगामी प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने भी संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रम में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की। राज्यसभा सांसद चैधरी तेजवीर सिंह ने सभी पदाधिकारियों से पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यशाला के बाद कार्यकताओं ने पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत की खुशी में जमकर जश्न मनाया। भाजपा कार्यालय जयघोष से गूँज उठा और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर बधाई दी। जिला प्रभारी अशोक कटारिया ने कहा यह जीत पीएम मोदी के नेतृत्व और कार्यकताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। जनता ने तुष्टिकरण को नकार कर विकास को चुना है। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा देश की जनता अब विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति को अपना पूर्ण समर्थन दे रही है। यह विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, संगठन की मजबूत कार्यशैली और करोड़ों कार्यकताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। मथुरा-वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा यह चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद और सुशासन की विजय है। जनता अब जातिवाद से ऊपर उठ चुकी है। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि भाजपा केवल दल नहीं, राष्ट्रसेवा का माध्यम है। कार्यकताओं की निष्ठा ही हमारी असली शक्ति है। महानगर अध्यक्ष राजू यादव ने कहा यह जीत पूरे राष्ट्र की विजय है, जो भाजपा की विचारधारा में जनता के अटूट विश्वास को दर्शाती है। इस अवसर पर प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी यादवेंद्र, जिला प्रभारी अशोक कटारिया, पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, राज्यसभा सांसद तेजवीर, महापौर विनोद अग्रवाल , विधायक आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में अपराधी घायल



**मथुरा।** बरसाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार एक आरोपित को रविवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से आरोपित घायल हो गया है। उसके कब्जे से तमंचा, दो कारतूस और 220 रुपये नकद बरामद हुआ है। सीओ छाता भूषण वर्मा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है और उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है।थाना बरसाना पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित अपराधी कप्तान पुत्र हेलम किसी बड़ी वारदात की फिराक में है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने ऊँचा गांव-रिठौरा मार्ग पर बम्बे की पटरी के पास घेराबंदी की। रात करीब 11:22 बजे जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, तो अभियुक्त ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त कप्तान (उम्र 19 वर्ष) के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल होकर वहीं गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया और इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। अभियुक्त थाना बरसाना के ग्राम नंगला इमाम खां का निवासी है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियार और कैश बरामद किया है। इस सफल मुठभेड़ को प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार के नेतृत्व में उ.नि. राहुल सिंह, दीपक कुमार, मदन सिंह और उनकी टीम ने अंजाम दिया।

# स्मार्ट मीटर का कांशीराम कॉलोनी की महिलाओं ने किया विरोध

मथुरा। स्मार्ट मीटर का विरोध प्रदेश के अन्य हिस्सों के साथ ही अब वृंदावन में भी शुरू हो चुका है। जहां लगातार बढ़ते बिलों की कीमत से त्रस्त कांशीराम कॉलोनी की महिलाओं ने सोमवार को विद्युत उपकेंद्र पर जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित महिलाओं ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि महज 10 दिनों में 1500 रुपये तक के बिल आ रहे हैं। प्रदर्शनकारी नीरू, शैफाली और राधा ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद उन पर भारी-भरकम बिल थोपे जा रहे हैं और भुगतान न होने पर बिजली काट दी जा रही है। मंजू सैनी ने कहा कि महिलाओं ने स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर दोबारा लगाने की मांग की।

# जनादेश के सबक

जनता पार्टी से अलग होकर 6 अप्रैल 1980 को जनसंघ के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का गठन किया था। भाजपा की अब तक की राजनीतिक यात्रा 46 साल से अधिक की हो चुकी है। इन 46 वर्षों में कई तारीखें ऐसी हैं जो भाजपा की सियासी यात्रा में 'मील के पत्थर' हैं। इन तारीखों में 4 मई 2026 की तारीख भी दर्ज हो गयी, क्योंकि इस दिन भारतीय जनता पार्टी अपने पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म स्थान पं. बंगाल में पहली बार दो तिहाई के प्रचंड बहुमत से विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने में सफल हुई। बंगाल की जीत का महत्व भाजपा के लिए सिर्फ एक राज्य में चुनाव जीतने तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह भाजपा और उसके तमाम पुराने-नये कार्यकर्ताओं, नेताओं के लिए ऐसा भावुक पल है जिसकी प्रतीक्षा संभवतः वे वर्षों से कर रहे थे। आजादी के बाद से ही बंगाल के दरवाजे काफी हद तक जनसंघ, भाजपा के लिए बंद ही रहे। जनसंघ के समय में भी बंगाल में बड़ी सफलता नहीं मिली। भाजपा बनी तो कभी-कभार बंगाल में दो-चार सीटें जीतती रही। कुल मिलाकर भाजपा के लिए बंगाल लगभग चार




दशक तक अबूझ पहेली रहा। लेकिन 2014 में जब पूर्ण बहुमत के साथ केन्द्रीय सत्ता में भाजपा काबिज हुई, तो उसने पूरा फोकस बंगाल पर किया और इसके सुखद परिणाम भी भाजपा को मिले। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी सफलता दर्ज की जब लोकसभा की 18 सीटें जीत लीं। इसी तरह 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का आंकड़ा 3 सीटों से बढ़कर 77 तक पहुंचा। इतना बड़ा जंप मिलने के बाद से ही लगने लगा था कि अब भाजपा एक न एक दिन टीएमसी को सत्ता से बाहर कर देगी। भाजपा ने इन संभावनाओं को कभी हल्के में नहीं लिया और लगातार राज्य में नेताओं, कार्यकर्ताओं को जोड़ती रही। 2026 का विधानसभा चुनाव तो पार्टी ने अभी नहीं, तो कभी नहीं की तर्ज पर लड़ा और हर उस चुनावी दांव को आजमाया जिनसे टीएमसी को उसी की भाषा में जवाब दिया जा सके। मुबाकले को कड़ा बनाने के लिए ममता बनर्जी के सामने फिर शुभेन्दु अधिकारी लड़े और फिर से हराने में सफल हुए। टीएमसी से भाजपा में आये शुभेन्दु ने पहले भी ममता बनर्जी को सीधी चुनौती दी थी और नंदीग्राम में ममता बनर्जी को हराया था। इसका ईनाम भी भाजपा ने उन्हें दिया जब राज्य विधानसभा में उनको विपक्ष का नेता बनाया। इस बार शुभेन्दु भाजपा के सीएम पद के स्वाभाविक दावेदार भी हैं क्योंकि उन्होंने दो बार ममता बनर्जी को सीधी लड़ाई में हराया है। इस बार तो भाजपा दो-तिहाई बहुमत के साथ जीती भी है। पश्चिम बंगाल के साथ ही चार अन्य राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए हैं, वहां भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा है। असम में हिमंता विस्व सरमा के नेतृत्व में भाजपा ने बहुमत के साथ हैट्रिक लगाया है, तो पुडुचेरी में भी गठबंधन के साथ एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसी तरह केरल में तीन सीटें जीतने के साथ ही 11.5 फीसद वोट हासिल कर भाजपा ने दिखा दिया है कि केरल उसके लिए संभवतः अगला ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट बनने जा रहा है। तमिलनाडु में वैसे भाजपा का बड़ा सियासी स्टॉक नहीं था लेकिन फिर भी वह अन्ना द्रमुख के साथ गठबंधन में राज्य में सत्ता की दावेदार थी लेकिन यहां सारे सियासी समीकरण उलट-पुलट गये हैं। सारे सियासी अनुमानों को धता बताते हुए विजय थलापति की पार्टी टीवीके ने जिस तरह सुपर हिट सियासी डेब्यू करने में सफल हुई है उसके सामने तो आन्ध्र में एनटी रामाराव, दिल्ली में केजरीवाल और असम में प्रफुल्ल कुमार महंत की सियासी डेब्यू फीकी पड़ गयी है। दक्षिण भारत में अभिनेताओं की सियासी सफलता का इतिहास रहा है। लेकिन रूपहले पर्दे के नायक सियासी जमीन पर कितना सफल होंगे यह समय बतायेगा। जहां तक पांच राज्यों के जनादेश का सवाल है, तो इसका संदेश स्पष्ट है। क्षेत्रीयता, नकारात्मकता, परिवार वाद और भ्रष्टाचार को मतदाताओं ने नकार दिया है। जनता विकास, राष्ट्रवाद और सुशासन को पसंद करती है, यह स्पष्ट हो गया है।

# जनमन को समझने में सफल रहे एग्जिट पोल



लोकमित्र



पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और केंद्र शासित राज्य पुड्डुचेरी के चुनाव नतीजे हालांकि इन पंक्तियों के लिखे जाने तक अंतिम रूप से तय नहीं हुए थे, लेकिन पांच दौर की मतगणना के बाद दिन में 3 बजकर 35 मिनट के लगभग यह निश्चित हो गया था कि इस समय के जो रुझान हैं। चार, पांच सीटों के कम ज्यादा से अंततः यही रुझान अंतिम रिजल्ट बनने जा रहे हैं और इस समय तक जो नतीजे साफ हुए थे, वह करीब-करीब वैसे ही हैं, जैसे 29 अप्रैल 2026 को पश्चिम बंगाल में दूसरे और अंतिम मतदान के बाद विभिन्न एग्जिट पोल भविष्यवाणी कर रहे थे। अगर बड़े पैमाने पर देखें तो सिर्फ तमिलाडु ही एक ऐसा राज्य है, जहां बहुसंख्यक एग्जिट पोल जो कह रहे थे, वो नहीं हुआ और एक एजेंसी 'एक्ससेस माई इंडिया पोल' जो कह रही थी, वह सही होता नजर आ रहा है, बाकी सभी यानी छह एग्जिट पोल में तमिलनाडु में डीएमके जीत रही थी और अगर पोल्स ऑफ पोल के हिसाब से देखें तो द्रमुक को यहां कम से कम 138 सीटें मिल रही थीं।

सिर्फ एक्सेस माई इंडिया अकेली ऐसी एजेंसी थी, जिसके मुताबिक अभिनेता विजय की नई पार्टी टीवीके को 98 से 120 के बीच में सीटें मिल रही थीं। जब अंतिम रूप से नतीजे सामने आये तो इन पंक्तियों के लिखे जाने तक तमिलनाडु में टीवीके 103 सीटों पर लगभग मजबूत जीत की तरफ बढ़ने वाली बढ़त बना ली थी और जिस डीएमके को सभी एग्जिट पोल औसत 138 सीट दिलवा रहे थे, उसे अपने पूरे गठबंधन के साथ 65 सीटें मिल रही थीं, जो कि पिछले बार से सीधे 94 सीटें कम थीं। यहां तक कि जिस अन्ना द्रमुक ने शुरू में छलांग लगायी थी, उसे भी 3 बजकर 40 मिनट तक आते-आते पिछली बार से भी 21 सीटें कम होकर 54 मिल रही थी। लेकिन रुकिये चाहे अन्नाद्रमुक हो, द्रमुक हो, दोनों ही पार्टियों की ये सीटें उनकी अकेले की नहीं थीं बल्कि ये सीटें इनके अगुवाई वाले गठबंधनों की कुल सीटें थीं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता हैकि तमिलनाडु में न सिर्फ एन्टी इंकम्बेंसी की आंधी आयी बल्कि अन्नाद्रमुक भी इस आंधी में उड़ गई और 6 एग्जिट पोल करने वाली कंपनियों में से जिस एक ने यह भविष्यवाणी की थी कि टीवीके 98 से 120 सीटें जीत रही है और हर कोई जिसे हवाहवाई समझ रहा था, वह 3 बजकर 45 मिनट तक 103 सीटों पर आगे चल रही टीवीके ने इस भविष्यवाणी को 98.50 फीसदी तक सही साबित कर रही थी। कौन जाने, जब अंतिम मतपत्र गिना जाए, तब तक वह सौ फीसदी सही नहीं होगा। बहरहाल जहां तमिलनाडु के अनुमानों में लोग टीवीके के लिए की गई भविष्यवाणी को सच नहीं मान रहे थे, वहीं पश्चिम बंगाल में 7 एजेंसियों के एग्जिट पोल का निचोड़ यह था कि भाजपा को कम से कम 154 सीटें मिलने वाली हैं और टीएमसी 132 तक में सिमट जाएगी। 147 से बहुमत हासिल होने वाली इस विधानसभा के एग्जिट पोल्स पर भी बहुत खुलकर तो नहीं, लेकिन ज्यादातर लोगों को सच होने में आशंका थी।

> **पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव परिणाम**

भाजपा को पश्चिम बंगाल में 7 एजेंसियों में से 6 ने जीतने वाला बहुमत दिया था। मसलन चाणक्य के मुताबिक भाजपा 150 से 160, मेट्राइज के मुताबिक 146 से 161, पी मार्क के मुताबिक 150 से 175, प्रज्ञा पोल के मुताबिक 178 से 208 और पोल डायरी के मुताबिक 142 से 171 सीटें पा रही थी। सिर्फ पीपुल्स पल्स एकमात्र ऐसी एजेंसी थी, जो भाजपा को महज 95 से 110 सीटें दे रही थी और दूसरी तरफ प्रज्ञा पोल अकेली ऐसी एजेंसी थी, जो पश्चिम बंगाल में टीएमसी को 85 से 110 सीटे दे रही थीं। लेकिन 3 बजकर 50 मिनट होते-होते भाजपा कुल 197 सीटें जीत रही थी। जो कि उसकी पिछली बार की सीटों से 120 सीटें ज्यादा थीं। वही टीएमसी इस समय तक 1 सीट जीत चुकी थी और 89 सीटों में आगे थी यानी उसे कुल 90 सीटें मिल रही थीं, जो पिछली बार से 126 सीटें कम थी। सबसे बड़ी बात तो यह है कि लेफ्ट कांग्रेस और अन्य पार्टियां की तो लगभग नाममात्र की मौजूदगी थी। दोपहर में 1:30 बजे तक ऐसा नजारा था कि लेफ्ट बिल्कुल शून्य पर था और कांग्रेस लंबे समय तक शून्य पर और फिर एक पर थी। केरल में भी ऐसा हुआ जैसा पहले नहीं होता रहा। यूडीएफ के जीतने की तो लगभग सभी एजेंसियां भविष्यवाणी कर रही थीं। लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को 90 से ज्यादा सीटें मिल सकती हैं, यह किसी एग्जिट पोल ने नहीं अनुमान लगाया था। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक यानी 3 बजकर 50 मिनट तक केरल में यूडीएफ 97 सीटों पर आगे चल रही थी और एलडीएफ 37 सीटों में सिमटती दिख रही थी। असम में भी ज्यादातर एग्जिट पोल भाजपा को ही जिता रहे थे और ऐसा ही हुआ। शाम 3 बजकर 50 मिनट तक भाजपा यहां 8 सीटें जीत चुकी थी और 92 सीटों पर आगे चल रही थी।

इस तरह वह 100 सीटें जीत रही थीं, जो कि पिछली बार से 25 ज्यादा हैं। जबकि इसी समय तक कांग्रेस 24 सीटों पर आगे थीं। इस तरह वह पछली बार से 26 सीटों में पीछे चल रही थी। जहां तक पुड्डुचेरी की बात है तो शाम 3 बजकर 54 तक यहां भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन 12 सीटें जीतकर और 5 सीटों में आगे था, इस तरह बहुमत के लिए जरूरी 16 सीटों उसके खाते में जाती दिख रही थीं। जबकि कांग्रेस के खाते में कुल 3 सीटें और 5 सीटें अन्य के खाते में जा रही थी, यहां अभी 5 सीटों के रुझान आने शेष हैं। इस तरह अगर देखें तो 5 राज्यों के सम्पन्न विधानसभा चुनाव में नतीजे करीब-करीब वही आये हैं, जिन नतीजों की भविष्यवाणी 29 अप्रैल 2026 की शाम विभिन्न एजेंसियों के एग्जिट पोल्स कर रहे थे। अगर बहुमत में देखें तो अकेला तमिलनाडु ऐसा राज्य है, जहां 7 में से 6 एग्जिट पोल करने वाली कंपनियों के अनुमान पूरी तरीके से गलत निकले, सिर्फ एक एजेंसी के अनुमान करीब-करीब खरी उतरी है। अगर इन पांच राज्यों विधानसभा चुनावों को देखें तो इसमें तीन राज्यों में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल की मौजूद सरकारें हार गई हैं और विपक्ष की दावेदार पार्टियां अब नई सरकार बनायेंगी। सिर्फ दो ऐसे राज्य हैं, जहां पहले से मौजूद सरकारें फिर लौटकर आ रही हैं, इनमें से एक है असम और दूसरा है केंद्र शासित राज्य पुड्डुचेरी।

मजे की बात ये है कि इन दोनों ही राज्यों में एक तरह से भाजपा की सरकार है। असम में जहां उसकी अकेले की सरकार है, वहीं पुड्डुचेरी में एनडीए गठबंधन की और इन पांच राज्यों के चुनावों को अगर पार्टियों की सफलता के लिहाज से देखें तो भाजपा न केवल अपने दो राज्यों को पूरी तरीके से बचा पाने में कामयाब रही है बल्कि पश्चिम बंगाल में उम्मीदों से कहीं आगे का उलटफेर करके सरकार बना रही है। इस तरह देखें तो इन पांच राज्यों के चुनाव में सौ फीसदी कोई पार्टी फायदे में है, तो वह भाजपा है। उसने जहां अपनी सरकारें बचायी हैं, वहीं एक नई सरकार छीन ली है। इस तरह इन चुनाव में उसे सौ फीसदी से कहीं ज्यादा सफलता मिली है। जबकि विपक्ष स्थितियों को भुना पाने में असफल रहा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार भले केरल में बन जायेगी, लेकिन जिस तरीके से कांग्रेस का बंगाल में सूपड़ा साफ हुआ है और असम में भी दूर-दूर तक कहीं सत्ता के करीब नहीं पहुंची। उससे साफ लगता है कि भाजपा के सामने सारी राजनीतिक पार्टियां पस्त हो गई हैं।

> कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार भले केरल में बन जायेगी, लेकिन जिस तरीके से कांग्रेस का बंगाल में सूपड़ा साफ हुआ है और असम में भी दूर-दूर तक कहीं सत्ता के करीब नहीं पहुंची। उससे साफ लगता है कि भाजपा के सामने सारी राजनीतिक पार्टियां पस्त हो गई हैं।

## सोशल मीडिया

प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व व लोक कल्याण की नीति में देशवासियों का अटूट विश्वास है, जो आज विधानसभा चुनावों के ऐतिहासिक परिणाम से पुनः परिलक्षित हुआ है। सीएम योगी.



मोदी सरकार लद्दाख में सहकार से समृद्धि व आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव रख रही है। कारगिल डेयरी प्लांट सहित विभिन्न विकास कार्यों को शुरू किया गया। अमित शाह.



बेहद दुखद समाचार है कि सिद्धार्थनगर में पानी टंकी की सीढ़ी टूटने से एक किशोर की मौत हो गयी। दो किशोर घायल हुए व दो लड़कों को सेना ने बचाया। अखिलेश यादव



## विचार

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंतःकरण से प्रयास करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमे अवश्य होती है।

-स्वेट मॉर्डन.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

-कन्फ्यूशियस.

# क्रोध पर नियंत्रण

अंतर्दृष्टि

मानव के अंदर जितनी भी बुराइयां हैं अगर उन पर प्रभावी नियंत्रण नहीं रखता या उनसे बचने की पहल नहीं करता है, तो इससे उसके व्यक्तित्व का ह्रास होता है। बुइरायों पर विजय प्राप्त करना लक्ष्य सिद्धि के लिए जरूरी है। वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है।

# फोकट में सेकुलर चक्की का आटा

व्यंग्यलोक

पास में पानी रखा हुआ है और मैं उसे पी भी सकता हूं। लेकिन इस इंतजार में बैठा हूं कि कोई भी दल-दल पार्टी का नेता आएगा और चुनावों की इस बेला पे यह घोषणा पत्र जारी कर देगा कि आपको मुफ्त में पानी पिलाने की हमारी जिम्मेदारी है। आप जब भी इशारा करेंगे, तब हम उठकर आएंगे। आप स्वयं को पानी पिला देंगे। अगर ऐसी कोई मुफ्त की घोषणा कोई दल-दल पार्टी कर दे, तो मेरी इच्छा है कि मैं उसका इंतजार करूं। कितनी ही तेज प्यास लग जाए लेकिन जो मजा मुफ्त के पानी में है, वह और कहां? वैसे फिजाओं में चुनावी लहरें ज्वार-भाटा मचा रही है। वहां मुफ्त-मुफ्त की आंधियां चलाई जा रही हैं। एक दल-दल पार्टी कह रही है कि हमें वोट दोगे, तो हमारी पार्टी आपके घर वालों के सारे कपड़े मुफ्त में धोने का काम करेगी। यही नहीं कपड़ों को धोकर सुखाने का काम भी करेगी। आपके पड़ोस में जो चक्की लगी हुई है, वहां से चना-चबीना पीसाकर आपके घर पहुंचा देगी। ये हमारा दावा है। हमारी पार्टी की मुफ्तगीरी का मुफ्तस्य, मुफ्तायाः, मुफ्ताणां मंत्र वाला यह हमारा सदाबहार संकल्प है। दल-दल पार्टी का यह संकल्प गीत सुनकर दल-बदल पार्टी भी बांग दे रही है। हम आपके कपड़े सुखाएंगे भी सही और उन्हें प्रेस करके आपको पहनाएंगे भी सही! आप हमारे नेताजी को वोट देकर तो देखिए! हम पुराने पीपल वाली गली के सेकुलर चक्की से चना-मक्का पिसवाकर आपके घर तक फ्री पहुंचाएंगे। फिर घर के पड़ोस में खड़े होकर खुद जनता छाप रोटियां बेलकर उन्हें दे सकेंगे। फिर अपनी वाली पार्टी के हाथों से आपको मुफ्त में खाना भी खिलाएंगे। ये हमारा दावा है। यही नहीं इन रोटियों को पचाने के लिए हम आपके बदले एक्सरसाइज भी करेंगे। हम जिम जाएंगे, लेकिन आपके स्वास्थ्य के साथ कभी खिलवाड़ नहीं करेंगे। यह हमारी पार्टी का संकल्प पत्र है। चुनावी फिजां में इस प्रकार के संकल्प को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। ये जो मेरे मुंह के आगे मक्खी भिन-भिना रही है और वह मुंह में घुसने की तमाम तिकड़में लगा रही है, तो भी मैं उसे कुछ नहीं कह रहा हूं। इंतजार कर रहा हूं कि कोई पार्टी आएगी और इसे अपना चुनावी मुद्दा बनाएगी। वह संकल्प पत्र जारी करेगी। भौंपू में घुसकर कहेगी कि आप अपने सामने घूमती हुई मक्खी को हरगिज न उड़ाएं। सिर्फ हमारी पार्टी को वोट देकर देखें। फिर आपके सामने किसी भी मक्खी को उड़ने की हरगिज इजाजत नहीं दी जाएगी। मक्खी उड़ाने की ये सब सेवाएं मुफ्त में कर दी जाएंगी। वातावरण में इस तरह के चुनावी संकल्प गूंज रहे हैं। वादे इठला रहे हैं। मैं सामने पड़ा हुआ पानी अभी तक नहीं पी रहा हूं, कि कोई भी दल-खोर पार्टी आएगी और वह मुझे मुफ्त पानी पिलायेगी।



राम विलास जॉगिड़

# अंकुरित अनाज सेहत के लिए है 'कम्पलीट डाइट'



स्वास्थ्य/पोषण

**राजकुमार दिनकर**

भीगे हुए अंकुरित काले चने, उड़द, को भले किसी ने कंप्लीट डाइट न कहा हो, लेकिन यह सेहत के नजरिये से इतना फायदेमंद होता है कि कहना चाहिए कंप्लीट डाइट से भी बढ़कर है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि एनर्जी का पावर हाउस काला चना अकेले रहकर पढ़ने वाले छात्रों, नौकरी करने वाले युवाओं या किसी भी वजह से अकेले रहने वालों की सेहत का तो सबसे बड़ा शुभचिंतक है। रातभर भिगोकर सुबह खाये जाने वाले काले चने के दर्जनों गुण होते हैं। यह हमें भरपूर एनर्जी देता है। वजन को कंट्रोल में रखता है। इसे ब्रेकफास्ट के रूप में तो खाते ही हैं, लंच के रूप में भी खा सकते हैं। यह फाइबर और एंटी- ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, इसलिए भीगे हुए काले चने खाने के बाद घंटों भूख आसपास नहीं फटकती और ऐसा भी नहीं है कि यह महज भूख दूर करने का भ्रम पैदा करता हो।

दरअसल काने चले में इतने अधिक पोषक तत्व होते हैं कि सही मायने में इसे खाने के बाद कुछ समय तक भूख नहीं लगती है और यह शरीर के लिए सभी जरूरी पोषक अहार की पूर्ति करता है। काले चने में भरपूर कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर तथा बहुत से जरूरी तत्व होते हैं। यह हमें एनर्जी तो देता ही है-मधुमेह के रोगियों के लिए उनके रक्त शर्करा के स्तर को संतुलित रखने में बहुत मददगार होता है। नियमित तौर पर भीगे हुए काले चने खाने से बॉडी बनती है, रोजाना खाने से कमजोरी दूर होती है, क्योंकि इसमें प्रोटीन भी अच्छी खासी मात्रा में होता है। यह मांसपेशियों में जान भर देता है। इसलिए जिसे भी बॉडी बनानी हो और मेवे उसकी पहुंच से दूर हों तो काला चना उपयुक्त विकल्प होता है। पानी के बजाय दूध में भिगोकर खाने से यह और भी पौष्टिक हो जाता है। मसलन-

- यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है
- यह शरीर में जमा थुलथुली चर्बी को गलाकर फेंक देता है
- पाचनतंत्र को दुरुस्त रखता है
- हड्डियों को मजबूत बनाता है
- हर समय शरीर में भरपूर ऊर्जा का एहसास देता है।
- कोलेस्ट्रोल कम करता है

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक दूध और काले चने का कॉम्बीनेशन इसलिए बेस्ट होता है, क्योंकि दोनो ही कैल्शियम और प्रोटीन से भरपूर होते हैं। इसके अलावा इन दोनों में ही विटामिन सी और डी भी भरपूर मात्रा में पायी जाती है। इसलिए यह एक कंप्लीट डाइट बन जाता है। दूध में भिगोये चने ब्लड प्रेशर को इसलिए आसानी से कंट्रोल में रखता है, क्योंकि इसमें पोटेशियम और मैग्नीशियम की पारंपरिक मात्रा कुछ बढ़ जाती है। इसलिए यह

> यह फाइबर, एंटी ऑक्सी-डेंट से भरपूर होता है। इसलिए भीगे अंकुरित उड़द, चने, खाने के बाद घंटो भूख नहीं लगती। यह भरपूर एनर्जी देता है और वजन भी कंट्रोल रखता है।

ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखता है।

कुछ लोगों ने काले चने में एक और प्रयोग किया है कि काले चने और किशमिश को साथ में भिगोकर खाते हैं। इसमें भी लगभग वही सारे फायदे मिलते हैं जो कि दूध में भीगे काले चने से मिलते हैं। किशमिश और चना दोनों में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। इसलिए इनको भीगोकर खाने से कभी भी पेट की समस्या नहीं रहती और आजकल जिस चीज की हर किसी को तलाश रहती है, वह है किसी तरीके से वजन घटे और काला चना जब हम किशमिश के साथ या दूध के साथ भिगोकर खाते हैं, तो वजन घटाने की यह पारंपरिक क्षमता काफी बढ़ जाती है। ...तो इस तरह अकेले रहने वालों को रसोई के झंझट से मुक्ति दिलाने वाला काला चना उनकी सेहत पर भरपूर मेहरबान रहता है।

सेहत हमारे लिए सबसे बड़ी संपदा होती है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में जब व्यक्ति अनाव, अनिद्रा आदि के कारण उच्च रक्तचाप, शुगर आदि का शिकार आसानी से हो जा रहा है जब यह जरूरी है कि हम अपने खान-पान, दिनचर्या आदि में सुधार अपनी सेहत को दुरुस्त रखने का प्रयास करें।

## आपकी बात

### मुक्त व्यापार समझौता

हमारी आर्थिक महत्वकांक्षा अब किसी से छिपी नहीं है। हम अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ पर गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी जैसी चुनौतियों से पूरी तरह मुक्त होकर विकसित राष्ट्र बनने का सपना देख रहे हैं और इसे एक संकल्प के रूप में लेकर आगे बढ़ रहे हैं। यह भी कि यह महात्वाकांक्षी लक्ष्य किसी एक पार्टी या सरकार का वायदा नहीं है बल्कि देश का संकल्प है जिसे सामूहिक प्रयासों और वैश्विक विस्तार के साथ ही पूरा किया जा सकता है।

इसलिए यह जरूरी है कि भारत नये-नये व्यापारिक भागीदारों को जोड़े, वैश्विक स्तर पर आर्थिक, कूटनीतिक सहयोग विकसित करे ताकि हम अमरीका या चीन जैसे देशों से अपनी निर्भरता को कम कर पायें और कारोबारी विविधता के बीच नये-नये अवसरों को खोज कर देश की अर्थव्यवस्था को भी गति देते रहें। इस संदर्भ में दुनिया के विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) हमारे कारोबार के वैश्विक विकास में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता करके भारत अमरीकी टैरिफ का कड़ाई से जवाब दे सकता है।

**विवेक कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

### जनाधिक्य चिंताजनक

देश बढ़ती जनसंख्या के बोझ से दब रहा है। इसलिए देश में विवेक पूर्ण जनसंख्या हमारी जरूरत है अन्यथा देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आज देश की जनसंख्या 144 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। हालांकि 2021 में जनगणना नहीं की जा सकी, क्योंकि वह कोरोना महामारी का दौर था। जनगणना 2011 में की गई थी, उसके बाद 13 साल गुजर चुके हैं, लेकिन कोई अधिकृत जनगणना नहीं हुई है। 2011 में हिंदू आबादी 79.80 फीसदी थी, जबकि मुस्लिम आबादी 14.20 फीसदी थी। मुसलमानों की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 25 फीसदी थी, जबकि हिंदुओं की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 17 फीसदी थी। यानी हिंदुओं की तुलना में मुसलमानों की आबादी अधिक तेजी से बढ़ रही है। आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं। ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84.68 फीसदी से घट कर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिंताजनक और विस्फोटक हो सकता है। भारत इंडोनेशिया, मलेशिया, सूडान, सर्बिया आदि देशों में आबादी के असंतुलन के कारण विभाजन देख चुका है। देश दो फाड़ हुए हैं और नए देश बने हैं। इंडोनेशिया कभी हिंदू, बौद्ध बहुल देश था, लेकिन आज दुनिया के सबसे अधिक मुसलमान इंडोनेशिया में ही रहते हैं और बौद्ध अल्प संख्यक हो गए हैं। भारत में मुसलमान आबादी में वे शामिल नहीं हैं, जो जनगणना जैसे अभियानों का बहिष्कार करते रहे हैं। इस लिहाज से मुस्लिम आबादी की बढ़ोतरी अधिक हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं के साथ-साथ जैन और पारसी की आबादी भी घटी है। मुसलमानों के अलावा सिख, बौद्ध, ईसाई की आबादी बढ़ी है।

**प्रवीण कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से भैंसे की मौत

मिल्कीपुर-अयोध्या ।विकासखंड मिल्कीपुर की ग्राम पंचायत खजुरी मिजार्पुर में सोमवार दोपहर तेज आंधी और बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंसे की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, सोमवार को अचानक मौसम में बदलाव आया। आसमान में काले बादल छा गए और तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान गरज-चमक के साथ एक पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरी। जिस पेड़ पर बिजली गिरी, उसके नीचे गांव के दीपक कुमार नट पुत्र राजकुमार नट का भैंसा बंधा हुआ था। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से भैंसे की मौके पर ही मौत हो गई। आकाशीय बिजली गिरने और भैंस की मौत की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। घटना की जानकारी क्षेत्रीय प्रशासन को भी दे दी गई है। पीड़ित राज कुमार के अनुसार उसके भैंसे की कीमत 80000 रुपए थी एवं इस दुर्घटना से उसे बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचा है।

# बंगाल व असम की जीत पर जयश्रीराम से गूंजा भाजपा कार्यालय



- बांटे गये जीत के लड्डू, आतिशबाजी व ढोल नगाड़ो के बीच बना उत्सव का माहौल
- बंगाल व असम की प्रचंड जीत पर सहादतगंज भाजपा कार्यालय में मना जश्न

**अयोध्या।** बंगाल व असम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जमकर जश्न मनाया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी के बीच जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की। कार्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देर तक बना रहा। इस दौरान जय श्री राम , भारत माता की जय, वंदे मातरम्क, के जय घोष से परिवेश गुंजायमान हो गया। इस दौरान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह विजय केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि देश में राष्ट्रवादी विचारधारा और विकास मॉडल की स्वीकार्यता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह अब स्थिर, पारदर्शी और विकासोन्मुखी सरकार चाहती है। बंगाल की जनता ने वर्षों से चली आ रही अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को नकारते हुए भाजपा के सुशासन को स्वीकार किया है। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि बंगाल और असम की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार बनने जा रही है, जो सुशासन और विकास की नई दिशा तय करेगी। जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि पार्टी के कार्यकताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती का परिणाम है कि भाजपा को ऐतिहासिक सफलता मिली है। उन्होंने इसे राष्ट्रवाद और विकास की विचारधारा की विजय बताते हुए कहा कि जनता ने तुष्टिकरण की राजनीति को नकार दिया है ।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह जीत भाजपा की नीतियों, कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण की विजय है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओंकृगरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित और युवाओं के लिए रोजगार के अवसरकृको जनता ने सराहा है। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्य, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, रवि सिंह, शिवम् शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अखण्ड सिंह डिम्पल, कृष्ण कुमार पांडेय जिला महामंत्री राघवेंद्र पांडेय, शिवम सिंह,अशोक कसौधन, करुणाकर पांडेय, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, बाल कृष्ण वैश्य, हरभजन गौड़, अरविंद सिंह, मनोज बर्मा, सुशील मिश्रा, अमित कुमार मिश्र, रवि सोनकर, शशि प्रताप सिंह, हेमंत जायसवाल, सर्वज्ञ सिंह, बब्लू मिश्र, जेपी श्रीवास्तव, ओमिश अग्रहरि सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## केरल की प्रचंड जीत पर कांग्रेसियों ने जताया हर्ष

अयोध्या ।केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की प्रचंड जीत पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर कांग्रेस कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया। कांग्रेस कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि यह जीत आम जनता के विश्वास और कांग्रेस की नीतियों की जीत है। केरल की जनता ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर विकास और जनकल्याण के पक्ष में मतदान किया है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि यह सफलता कार्यकताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती का परिणाम है, जो भविष्य में और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि केरल की जनता ने विकास, भाईचारे और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता देकर एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। पीसीसी सदस्य राम अवध पासी ने कहा जहां एक ओर केरल में कांग्रेस की विजय के बाद खुशी और उत्सव का माहौल है, वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिकता के बढ़ते प्रभाव के कारण हिंसा की घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा सैनिक प्रक्मांडे, कविंद्र साहनी, पूर्व सभासद जनार्दन मिश्रा, चंचल सोनकर विशाल दुबे आदि उपस्थित रहे।

## पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी चुनावों में भाजपा की जीत पर भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने जनता का जताया आभार



- पीएमनरेंद्र मोदी के नेतृत्व व भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत: राकेश कर्रा

**बाराबंकी।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर भाजपा वरिष्ठ नेता राकेश वर्मा कर्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि यह विजय देश की जनता के विश्वास, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति को समर्थन देकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि देश अब स्थिर और विकासोन्मुख नेतृत्व चाहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और जनता के बीच निरंतर संवाद का ही परिणाम है कि पार्टी को विभिन्न राज्यों में व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ है। यह जीत आने वाले समय में देश की राजनीति को नई दिशा देने का कार्य करेगी। वरिष्ठ नेता श्री कर्रा ने सभी विजयी प्रत्याशियों और पार्टी कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा और जनसेवा के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करता रहेगा।

## खेतों तक पानी पहुंचाने वाली नालियों को मिट्टी खनन माफिया कर रहे क्षतिग्रस्त



**टिकैतनगर, बाराबंकी।** परमिशन की आड़ में खनन माफिया अवैध मिट्टी खनन कर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने वाली सरकारी नहरों और नालियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रतिष्ठित मिट्टी खनन ठेकेदार मोबीन पर ग्राम खमौली में माइनर के किनारे खेतों से मिट्टी निकालने का आरोप लगाते हुये स्थानीय किसानों ने बताया कि मिट्टी खनन ठेकेदारों पर जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। मिलीभगत या लापरवाही के कारण सड़कों पर मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बेरोकटोक दौड़ती रहती हैं, जिससे अवैध खनन का कारोबार लगातार जारी है। इस संबंध में रामसनेहीघाट नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## गांजा बरामद, 2 गिरफ्तार



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय, श्री आयुष विक्रम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर महोदय, श्री नारायण दत्त मिश्रा के पर्यवेक्षण में प्रभारी कोतवाली देहात, के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली सफलता, थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अपराध एवं अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को 2 किलो 515 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है ।थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा त्रिमोहानी नानपारा बाईपास के पास सघन चेकिंग/गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर नियमानुसार तलाशी ली गई, जिसमें उसके कब्जे से लगभग 02 किलो 515 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 164/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## 133 वाहनों का चालान



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला पुलिस एवं यातायात पुलिस के द्वारा नियम विरुद्ध संचालित होने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान में * दिनाँक 03.05.2026 को वाहनों के विरुद्ध यातायात अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी ( जिसमें मोटरसाइकिल,आटो, वैन, मैक्स तथा कामर्शियल वाहन ) 940 वाहनों का यातायात नियमों के उल्लंघन में ई-चालान की कार्यवाही की गयी। अभियान के अंतर्गत *ट्रिपल सवारी वाहन-142,बीना हेलमेट-637,बिना नम्बर प्लेट-27,प्रेशर हॉर्न-05,मोडिफाइड सायलेंसर-06,अन्य-133 वाहनों को मिलाकर कुल 940 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल-1186500/-धनराशि * का ई-चालान किया गया।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समयाएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय नगर श्री आयुष विक्रम सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहें।

# नैक के लिए साक्ष्यों के अपडेटेड व प्रमाणित डेटा तैयार करें सभी संयोजकः डॉ. बिजेंद्र सिंह



अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में नैक मूल्यांकन कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। बैठक का उद्देश्य में नैक मूल्यांकन के दृष्टिगत चल रही तैयारी की प्रगति पर एट्रीब्यूट (मानदंड) एक से लेकर एट्रीब्यूट ग्यारह तक के विभिन्न बिन्दुओं का सघन परीक्षण कुलपति द्वारा किया गया। इसमें प्रमुख रूप से रिसर्च पब्लिकेशन, रिसर्च क्वालिटी, फोटोग्राफ कैप्शन युक्त, रिसर्च फैलोशिप, विभिन्न संस्थाओं के साथ किए गए एमओयू, उन्नत भारत अभियान, एनआईआरएफ, आईपीआर, ग्रीन ऑडिट एवं शोध गतिविधियों जैसे प्रमुख बिंदुओं का परीक्षण किया गया। आवश्यक निर्देश के क्रम में साक्ष्यों के लिए प्रमाणित पैटर्न अपनाए जाने के लिए कुलपति ने टीम के संयोजकों एवं सदस्यों को निर्देशित किया। कुलपति ने कहा कि उच्चतम स्कोर के लिए नैक मूल्यांकन के सभी मानदंडों का सघन परीक्षण एवं निरीक्षण आवश्यक है।

परिसर को क्लीन एवं ग्रीन कैंपस के लिए संबंधित को निर्देशित किया। कुलपति ने एट्रीब्यूट के सभी संयोजकों को 10 मई तक फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने नैक मूल्यांकन टीम के सभी संयोजकों को मानकों के अनुसार डेटा तैयार कर उन्हें प्रमाणित प्रपत्रों के साथ संलग्न करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो. एस एस मिश्र, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, प्रो. सी के मिश्र, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. अनुप कुमार, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो. शैलेंद्र कुमार, डॉ. पी के द्विवेदी, डॉ. अवध नारायण, डॉ. विनोद कुमार चैधरी, डॉ. नवीन वर्मा, डॉ. अनुराग सिंह, डॉ. महिमा चैरसिया, ई. शांभवी शुक्ला, ई. शोभित श्रीवास्तव, डॉ मनीषा यादव, गिरीश पंत सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्रशासन से अनुमति न मिलने पर बूढ़े बाबा दरगाह पर नहीं लगेगा पारंपरिक मेला



**सतरिख बाराबंकी।** राष्ट्रीय एकता एंव सौहार्द की प्रतीक दरगाह शरीफ हजरत सैयद सालार साहू गाजी ( रह0 ) बूढ़े बाबा स्थित कस्बा सतरिख जयेष्ठ माह में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मेला 6 मई से 10 मई 2026 तक प्रशासनिक अनुमति न मिलने के कारण स्थगित कर दिया गया है। उक्त जानकारी देते हुये प्रबन्ध कमेटी के सचिव चैधरी कलीम उद्दीन उस्मानी ने बताया कि उप जिला मजिस्ट्रेट तहसील नवाबगंज द्वारा परम्परागत वार्षिक मेला जो की सैकड़ो वर्षो से होता आ रहा था। उसकी अनुमति निरस्त कर दी है। जिसके कारण वक्फ प्रबंध समित्ति दरगाह शरीफ हजरत सैयद सालार साहू गाजी ( रह0 ) बूढ़े बाबा का मेला नहीं करा पायेगी। मेले की स्थगित की जानकारी श्रद्धालुओं तक पहुंचाने के लिए प्रेस विज्ञप्ति और वीडियो के माध्यम से सूचना जारी की जा रही है।

### जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी शिकायतें

अयोध्या। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने प्रतिदिन की भांति सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में फरियादी अपनी-अपनी समस्याएं लेकर उपस्थित हुए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पेंशन, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, सुरक्षा व्यवस्था, रसोई गैस, जमीनी विवाद सहित अन्य जनसमस्याओं से संबंधित प्रकरण प्रमुख रूप से सामने आए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही यह भी कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें।

# कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने महिला और पुरुष जिला अस्पताल का किया और निरीक्षण



- जलभराव, गंदगी, खराब व्यवस्था और ट्रामा सेंटर की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त कर सुधार के दिये निर्देश

**बाराबंकी।** जनपद प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही ने जिला महिला चिकित्सालय व जिला चिकित्सालय पुरुष का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला चिकित्सालय मे प्रभारी मंत्री ने ओपीडी कक्ष, मॉडल इम्यूनाइजेशन सेंटर, अल्ट्रासाउंड कक्ष, वार्डों, रसोईघर में पहुंच भोजन की गुणवत्ता सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया। तथा मरीजो उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं एंव भर्ती मरीजों पूनम एवं संध्या से भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता की जानकारी ली।

राज्यमंत्री ने महिला अस्पताल के मुख्य गेट पर जलभराव व बदहाल साफ सफाई की समस्या देखते हुये नाराजगी व्यक्त की। तथा सम्बधितो को तत्काल सुधार कराये जाने के आवश्यक निर्देश दिये। इसके उपरांत राज्यमंत्री श्री राही ने जिला पुरुष चिकित्सालय के दवा काउंटर पर दवा ले रहे मरीजों से बातचीत कर फीडबैक लिया। तथा ओपीडी में लगने वाले समय एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुये आयुष्मान मित्र कक्ष का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान ओपीडी के शौचालय में गंदगी मिलने पर राज्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये फटकार लगाई। तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ रखने के सख्त निर्देश दिए। इसके उपरान्त जनपद प्रभारी ने नगर पालिका परिषद नवाबगंज में कल्याण मंडप के समीप पुनर्गठन पेयजल योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन पानी की टंकी के कार्यों व जिला कारागार मे सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं स्वच्छता की स्थिति का भी जायजा लेते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया ।इस अवसर पर एमएलसी अंगद सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा राम सिंह वर्मा, चिकित्सालयों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर एसीजेएम/डीएलएसए सचिव ने की प्रेस वार्ता



- आम जनता को सुलभ, सस्ता एवं त्वरित न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम है लोक अदालत: उज्जवल उपाध्याय

**बाराबंकी।** आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर एसीजेएम व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव उज्जवल उपाध्याय ने सिविल कोर्ट स्थित एडीआर भवन मे प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता मे सचिव श्री उपाध्याय ने मीड़िया कर्मियो से रुबरु होते हुये बताया कि जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार आगामी 9 मई राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रिलिटीगेशन स्तर के विवाद धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम एनआई एक्ट, बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव न्यायालय में लम्बित वाद जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम एनआई एक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाये, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल अशमनीय छोड़कर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबंधित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय और मा0 उच्च न्यायालय में लम्बित हों व अन्य सिविल वाद किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद आदि का आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। जोकि आम जनता को सुलभ, सस्ता एवं त्वरित न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम है।

## प्रोन्नत कर्मियों को लगाया रैंक प्रतीक चिन्ह

अयोध्या। जनपद के पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक और आरक्षी पद से प्रोन्नत कर्मियों को सोमवार को रैंक प्रतीक चिन्ह लगाया और प्रोन्नति पर बधाई दी। पुलिस कार्यालय की ओर से बताया गया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा गौरव ग्रोवर व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत कुमार चैधरी ने उपनिरीक्षक से प्रोन्नत होकर निरीक्षक बने अजय कुमार द्विवेदी और आरक्षी से मुख्य आरक्षी बने ।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को डीएम व सीडीओ ने किया सम्मानित





**बहराइच ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा-2026 में जनपद में शीर्ष 10 स्थान प्राप्त कराने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा सीडीओ सुनील कुमार धनवंता, ज्वाईण्ट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी सदर आलोक प्रसाद, डीआईओएस सर्वदानन्द के साथ विभिन्न विद्यालयों के 36 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज की हाईस्कूल परीक्षा-2026 में बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इ.का. की सजल श्रीवास्तव को प्रथम, पं. त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला इ.का. मटेरा कला की अनामिका वर्मा व अब्दुल कादिर इ.का. अलियाबुल-बुल की जरीना अनवार को द्वितीय, राम प्रकाश इ.का. सुहेलवा के सूर्याश शुक्ला व मॉ पार्वती देवी इ.का. बरदहा के सुधीर कुमार यादव को तृतीय, आर.डी. बाजपेयी इ.का. महसी की श्रेया बाजपेयी को चतुर्थ, सरस्वती विद्या मन्दिर इ.का. माधवपुरी के विनायक शुक्ला व महिला इ.का. गोकुलपुर की रिद्धिमा सिंह को पंचम, मौलवी अयाज अहमद इ.का. भौखारामाफी के सदफ खान को छठा, चौधरी सियाराम इ.का. फखरपुर के आकाश पाल, राम प्रकाश इ.का. सुहेलवा की आस्था मौर्या व कल्लूराम बाके बिहारी उ.मा. वि. बदरखा के किशन शुक्ला को सातंवा, सर्वोदय इ.का. मिहींपुरवा की शिवानी, सिटी मा. इ.का. बहराइच की के अमित कुमार मौर्या, के.बी. इ.का. पयागपुर की साइका, मॉ पार्वती देवी इ.का. बरदहा के शिवम वर्मा व राजकीय हाईस्कूल सेमरौना के अनुराग द्विवेदी को आठंवा, सिटी मा. इ.का. बहराइच के आशुतोष मिश्रा, सरस्वती विद्या मन्दिर इ.का. माधवपुरी के प्रथम यज्ञसैनी, विजय उ.मा.वि. कन्छर की अनामिका व माधवराज चौरसिया उ.मा.वि. बड़ागांव के अखिलेन्द्र प्रताप चौरसिया को नवां तथा आचार्य रमेश चन्द्र गर्ल्स इ.का. रूपईडीहा की मिष्ठी अग्रवाल को दसवां स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति-पत्र, मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया ।इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज की इण्टर मीडिएट परीक्षा-2026 में सरदार पटेल इ.का. कैसरगंज के हरीकेष शर्मा को प्रथम, सरस्वती विद्या मन्दिर इ.का. माधवपुरी के आदेश श्रीवास्तव व किसान इ.का. कालेज लहडौरा के अरमान अली को द्वितीय, रामबिहारी शुक्ल इ.का. बनकटा के विकास यादव को तृतीय, चौधरी सियाराम इ.का. फखरपुर के सुमित श्रीवास्तव व आर.पी.एस. मार्डन पब्लिक इ.का. जरवलरोड के रतन को चतुर्थ, महात्मा बुद्ध विद्यापीठ इ.का. कैलाश नगर के धनीराम यादव व सम्राट अशोक महान के.पी. इ.का. पुरैना बाजार की सिद्धी शुक्ला को पंचम, बलभद्र सिंह इ.का. ऐरिया की इरम सिद्दीकी व महिमा महिला इ.का. गोकुलपुर की आनिया शाह को आदि है।

# 3 एजेडों पर बार सभागार में आमसभा संपन्न





जिला संवाददाता

- एल्डर्स कमेटी से वार्ता पश चाता चुनाव तिथियों पर लगेगी मोहर

**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन सभागार में 3 एजेड़ो पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे आम सभा सम्पन्न हुई। प्रस्तुत आय व्यय व पूर्व हाऊस कार्यवाहियो सहित चुनाव तिथियो पर चर्चा की गई। एल्डर्स कमेटी से वार्ता पश्चात चुनाव प्रक्रिया की तिथियो को अंतिम रुप दिया जायेगा।

आज सभागार मे हुई आम सभा मे प्रस्तुत आय व्यय मे कई गंभीर अनियमिताये पाई गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया कि सामान्य सभा मे तत्कालीन अध्यक्ष को उनके विधि विरुद्ध रवैये के चलते व महामंत्री को आमदनी खर्चे का हिसाब ऑडिट हेतु कैबिनेट को देने के निर्देश जारी किए गए थे। जिसके बाद नोटिस बोर्ड पर आय व्यय का प्रपत्र चस्पा किया गया है। 10 महीनो मे 6 लाख रुपयों से अधिक की राशि खर्च के रुप मे अंकित की गई है। जिस पर उपस्थित आमसभा मे वक्ताओ ने कई बिन्दुओ पर सवाल उठाये। कैबिनेट से पारदर्शिता न बरतने को भी संवैधानिक व्यवस्था का हनन बताते हुए उपस्थित अधिवक्ताओ एंव मौजूद वक्ताओ ने अपनी नाराजगी जाहिर की। साथ ही चुनाव में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा महिला आरक्षण को लागू करते समय भी आम अधिवक्ताओं से चर्चा न किए जाने को भी लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना बताया। जबकि अधिवक्ताओ का कहना था कि ऐसे किसी महत्वपूर्ण निर्णय अथवा सर्कुलर के आने पर आमसभा बुलाकर सभी को अवगत कराये जाने की परंपरा रही है। किंतु महिला आरक्षण जैसे जरूरी मुद्दे को बैठक से पहले किसी को बताना आवश्यक नहीं समझा गया। बैठक मे देवराम यादव, पवन कुमार मिश्र, मनोज सिंह, अनुराग शुक्ला, नवीन रस्तोगी, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अमरीश श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष राम गोपाल शुक्ल, महेंद्र प्रताप सिंह, हरीश अग्निहोत्री, योगेंद्र सिंह वर्मा, हिसाल बारी किदवाई, कौशल किशोर त्रिपाठी, राजेंद्र मिश्रा, सुनीत अवस्थी, दिलीप गुप्ता, नरेश सिंह, सी0बी0सिंह, गोपाल कृष्ण वैश्य, वीरेंद्र तिवारी, संजय मिश्रा, रजनी सिंह, संजीव तिवारी, महेंद्र सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, सहदेव मौर्या, गुरुमुख लाल श्रीवास्तव, अशोक चतुर्वेदी, सचिन सिंह, श्रीओम मिश्र, अशोक द्विवेदी, गुड्डू यादव, अभिषेक सोनी, खुर्शीद खान, अनूप सिंह, अनुज निगम आशीष श्रीवास्तव, दिवाकर सिंह, रजनीश शुक्ल, राहुल मिश्र, संजय गांधी, पुरषोत्तम मिश्र, रामकुमार वर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### वी-गार्ड ने लॉन्च किया जिवार्डो 100 एयर कूलर

नयी दिल्ली। जैसे-जैसे भारत में गर्मी और तेज होती जा रही है और घरों का आकार बड़ा होता जा रहा है, उच्च-प्रदर्शन और भरोसेमंद कूलिंग समाधानों की जरूरत पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इसी मांग को पूरा करते हुए, वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने जिवार्डो 100 को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह अगली पीढ़ी का एयर कूलर बड़े स्थानों के लिए शक्तिशाली कूलिंग देने के लिए बनाया गया है, जो आधुनिक घरों की सुंदरता के साथ पूरी तरह मेल खाता है। रूप और कार्यक्षमता के बेहतरीन संगम के रूप में डिजाइन किया गया, जिवार्डो 100 अपनी श्रेणी में एक क्रांतिकारी इनोवेशन के रूप में उभर रहा है। यह भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप मजबूत प्रदर्शन, प्रीमियम डिजाइन और दीर्घकालिक विश्वसनीयता प्रदान करता है। जिवार्डो 100 एक बड़ी क्षमता वाले एयर कूलर की परिभाषा को बदल देता है।

### निसान ग्रेवाइट सीएनजी ने ट्विन-सिलेंडर रेट्रोफिटमेंट किट के साथ रखा कदम

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट के लिए सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट लॉन्च करने का एलान किया। सेगमेंट में पहली बार स्मार्ट ट्विन-सिलेंडर टेक्नोलॉजी पेश की गई है, जिससे 7-सीटर मॉड्यूलैरिटी और यूजएबिलिटी दोनों बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसे 16 राज्यों में 82,999 रुपये की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रेवाइट सीएनजी को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे ग्राहकों को ज्यादा स्मार्ट, ज्यादा किफायती और पर्यावरण के दृष्टिकोण से ज्यादा बेहतर समाधान मिलेगा। साथ ही इस किट के लगने के बाद भी तीसरी पंक्ति में पर्याप्त जगह रहेगी, जिससे कम्फर्ट और रोजाना की गतिविधियों की व्यावहारिकता बनी रहेगी। व्यावहारिक और भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार ग्रेवाइट सीएनजी में स्मार्ट पावर को स्मार्ट सेविंग्स के साथ मिलाया गया है, जिससे बेहतरीन मॉड्यूलैरिटी, कम्फर्ट और रोजाना की गतिविधियों को बनाए रखने के साथ-साथ प्रति किलोमीटर पर कम खर्च होगा।

### मेटा ने की विराट से साझेदारी

नयी दिल्ली। चल रहे क्रिकेट सीजन के बीच, ओकली और मेटा ने आज क्रिकेट आइकन विराट कोहली के साथ साझेदारी की घोषणा की। इसके तहत कोहली भारत में ओकली मेटा परफॉर्मेंस एआई ग्लासेस का चेहरा होंगे। यह पहल दिखाती है कि एआई से चलने वाले वेअरेबल्स किस तरह खेल में 'एथलेटिक इंटेलीजेंस' लेकर आते हैं और खिलाड़ियों की ट्रेनिंग, कंटेंट क्रिएशन और शेयरिंग को बेहतर बनाते हैं। इस साझेदारी के तहत दर्शकों को विराट कोहली की दुनिया को उनके नजरिए से देखने का मौका मिलेगा – ट्रेनिंग सेशन, मैच की तैयारी और कुछ खास पर्दे के पीछे के पल। ओकली मेटा परफॉर्मेंस एआई ग्लासेस में हैंड्स-फ्री एआई दिया गया है, जो खेल के दौरान बेहतरीन शॉट कैप्चर करने, ट्रेनिंग के समय पर्सनल इनसाइट्स देने और एक्शन के बीच बिना रुकावट कंटेंट रिकॉर्ड करने में मदद करता है। हैंड्स-फ्री कैप्चर और तुरंत शेयरिंग के साथ, ये ग्लासेस मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह अहम पलों को आसान और स्मार्ट तरीके से रिकॉर्ड करने का अनुभव देते हैं। यह साझेदारी 'एथलेटिक इंटेलीजेंस' की हमारी सोच को सामने लाती है।

### एयू स्मॉल बैंक ने की जीरो फॉरेक्स मार्जिन रेमिटेंस शुरू

नयी दिल्ली। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अंतरराष्ट्रीय फंड ट्रांसफर में छिपे शुल्कों को खत्म करने के उद्देश्य से एक ग्राहक-केंद्रित फॉरेक्स पहल की शुरूआत की है। इस पेशकश के साथ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक निजी क्षेत्र में इनवर्ड और आउटवर्ड, दोनों प्रकार की रेमिटेंस पर जीरो फॉरेक्स मार्जिन और जीरो बैंक चार्ज प्रदान करने वाला भारत का एकमात्र बैंक बन गया है। इससे ग्राहक बिना किसी छिपे मार्क-अप के, वास्तविक और पारदर्शी विनिमय दरों पर भारत से और भारत में धन हस्तांतरित कर सकते हैं।

### एग्जिट पोल में अव्वल रहा प्रजा पोल

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के परिणामों ने भाजपा की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत की पुष्टि कर दी है। यह परिणाम 'प्रजा पोल एनालिटिक्स' द्वारा जारी किए गए शुरूआती एग्जिट पोल अनुमानों के बिल्कुल अनुरूप रहे हैं। भाजपा द्वारा 200 सीटों का आंकड़ा पार करने के साथ ही, प्रजा पोल इस बड़े संरचनात्मक बदलाव की सटीक भविष्यवाणी करने वाली पहली पोलिंग एजेंसी बन गई है।

# सेंसेक्स में 356 अंकों की उछाल



मुंबई। प्रमुख कंपनियों में लिवाली आने और पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 356 अंक की मजबूती रही जबकि निफ्टी 122 अंक चढ़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 355.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 77,269.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 997.25 अंक उछलकर 77,910.75 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 121.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,119.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल और मारुति सुजुकी के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और आईटीसी के शेयर नुकसान में रहे। पश्चिम एशिया से जुड़े जोखिमों को नजरअंदाज करते हुए पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों के अनुकूल रुझान और चौथी तिमाही के बेहतर नतीजों से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.79 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.75 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड, सेवा, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक खंड एक प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, आईटी और बैंक खंड में गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध शेयरों में से 2,607 शेयर बढ़कर बंद हुए जबकि 1,735 शेयरों में गिरावट रही और 216 अन्य अपरिवर्तित रहे। बाजार में आगे भी बढ़त का रुख बने रहने की उम्मीद है। यह कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, मजबूत घरेलू आंकड़े और पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद राजनीतिक स्पष्टता पर आधारित रहेगा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.48 प्रतिशत बढ़कर 109.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 8,047.86 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,487.10 करोड़ रुपये की खरीदारी की। घरेलू शेयर बाजार महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बंद थे। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 582.86 अंक गिरकर 76,913.50 और निफ्टी 180.10 अंक घटकर 23,997.55 अंक पर बंद हुए थे।

# रुपया 39 पैसे टूटकर अब तक के निचले स्तर 95.23 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया सोमवार को 39 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.23 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में अस्थिरता, तेल की कीमतों में उछाल और मुद्रास्फीति और आर्थिक नरमी की आशंकाएं बढ़ने से घरेलू मुद्रा दबाव में है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ब्रेंट तेल की कीमत 110 डॉलर के आसपास बनी हुई है जिससे भारत जैसी तेल आयात करने वाली अर्थव्यवस्थाएं दबाव में हैं। इसके अलावा, वैश्विक अनिश्चितताओं में वृद्धि के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी जैसे कारकों ने निवेशकों के विश्वास को और भी कमजोर किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.95 पर खुला। कारोबार के दौरान इसमें गिरावट जारी रही और अंत में 95.23 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव से 39 पैसे की गिरावट है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.84 पर बंद हुआ था। महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शेयर बाजार और मुद्रा बाजार बंद थे। डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भारतीय रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। तेल की कीमतों में लगातार हो रही इस वृद्धि और विदेशी पूंजी की निकासी से भारत के व्यापार संतुलन एवं कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था पर स्पष्ट दबाव पड़ रहा है। डॉलर की निरंतर मांग से अल्पावधि में रुपये पर दबाव बने रहने के आसार हैं जिससे डॉलर के मुकाबले रुपया 95.35 से 95.70 के स्तर के बीच रह सकता हे। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.26 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 355.90 अंक की बढ़त के साथ 77,269.40 पर जबकि निफ्टी 121.75 अंक चढ़कर 24,119.30 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.37 प्रतिशत बढ़त के साथ 109.65 डॉलर प्रति बैरल रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे।

## कच्चे तेल के वायदा भाव में तेजी

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में सोमवार को कच्चे तेल की कीमत लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 9,821 रुपये रही। अमेरिका-ईरान तनाव से जुड़े आपूर्ति जोखिमों और वैश्विक आपूर्ति पर उनके असर पड़ने की आशंका के बीच मजबूत वैश्विक रुख के साथ कच्चे तेल में तेजी आई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में मई डिलीवरी के लिए कच्चे तेल की कीमत 156 रुपये यानी 1.61 प्रतिशत बढ़कर 9,821 रुपये प्रति बैरल हो गई। इसमें 16,361 लॉट का कारोबार हुआ। शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने बताया कि सोमवार को कच्चे तेल की कीमत लगभग 9,800 रुपये प्रति बैरल के आसपास रही। अमेरिका-ईरान तनाव से जुड़े आपूर्ति जोखिमों और वैश्विक आपूर्ति पर उनके असर पड़ने की आशंका के बीच मजबूत वैश्विक रुख के साथ कच्चे तेल में तेजी आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, जुलाई अनुबंध वाले ब्रेंट कच्चातेल 1.53 प्रतिशत बढ़कर 109.82 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जबकि न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) एक प्रतिशत बढ़कर 102.89 डॉलर प्रति बैरल रहा।

सिक्योरिटीज में जिंस शोध विभाग के एवीपी, कायनात चैनवाला ने कहा कि सोमवार को डब्ल्यूटीआई और ब्रेंट क्रूड क्रमशः 105 और 111 डॉलर प्रति बैरल पर रहे। बाजारों में होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी तनाव के बीच कूटनीतिक प्रगति से कुछ सकारात्मक असर पड़ा। दोनों मानक पिछले सप्ताह के चार साल के उच्चतम स्तर से नीचे रहे।

## विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में अप्रैल में मामूली सुधार

नयी दिल्ली। देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में नए कारोबार की शुरुआत और उत्पादन में वृद्धि के मामले में अप्रैल में मामूली सुधार देखने को मिला, लेकिन वृद्धि दर लगभग चार वर्ष में दूसरे सबसे कमजोर स्तर से बढ़ी। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मार्च के 53.9 के मुकाबले अप्रैल में 54.7 पर रहा। यह करीब चार साल में समग्र परिचालन परिस्थितियों में दूसरे सबसे धीमे सुधार को दर्शाता है।

यह सूचकांक नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, आपूर्तिकर्ताओं की आपूर्ति के समय और खरीद भंडार जैसे मानकों के आधार पर समग्र स्थिति को दर्शाता है। पीएमआई की भाषा में सूचकांक का 50 से ऊपर होने का मतलब विस्तार है जबकि 50 से नीचे होना संकुचन को दर्शाता है। पीएमआई के दो सबसे बड़े घटक नए ऑर्डर और उत्पादन मार्च की तुलना में बढ़े, लेकिन पिछले साढ़े तीन साल के स्तर से पीछे रहे। भारत का विनिर्माण पीएमआई अप्रैल में 53.9 से बढ़कर 54.7 हो गया, लेकिन यह अब भी लगभग चार साल में परिचालन स्थितियों में दूसरी सबसे धीमी सुधार दर को दर्शाता है। विज्ञापन एवं मांग की मजबूती ने बिक्री और उत्पादन को सहारा दिया लेकिन प्रतिस्पर्धा की स्थिति, पश्चिम एशिया में युद्ध और ग्राहकों द्वारा लंबित कोटेशन मंजूर करने में हिचक के कारण वृद्धि प्रभावित हुई। उत्पादन, नए ऑर्डर (निर्यात सहित) और रोजगार में हालांकि मध्यम वृद्धि दर्ज हुई जो विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती को दर्शाती है। वहीं, चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली (जनवरी-मार्च) तिमाही की शुरुआत में नए निर्यात ऑर्डर तेजी से बढ़े और वृद्धि की रफ्तार सात महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। कंपनियों ने ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जापान, केन्या, मुख्य भूमि चीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन जैसे देशों से बेहतर मांग की जानकारी दी। कीमतों के मोर्चे पर कंपनियों ने संकेत दिया कि पश्चिम एशिया में युद्ध से महंगाई पर ऊपर की ओर दबाव बना हुआ है। कच्चे माल की लागत और तैयार माल की कीमतें कीमतें क्रमशः 44 महीने और छह महीने में सबसे तेज दर से बढ़ीं।

## यूपीआई के जरिये अप्रैल में हुए 22.35 अरब लेनदेन

नयी दिल्ली। यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के जरिये लेनदेन इस साल अप्रैल सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 22.35 अरब रहा। वित्तीय सेवा विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पिछले वर्ष अप्रैल में यूपीआई के जरिये 17.89 अरब लेनदेन हुए थे। मार्च 2026 में यूपीआई लेनदेन की संख्या 22.64 अरब के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, वहीं फरवरी में यह 20.39 अरब रहा था। वित्तीय सेवा विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अप्रैल 2026 में यूपीआई के जरिये 22.35 अरब लेनदेन हुए। यूपीआई के उपयोग में आसानी के साथ मजबूत सुरक्षा व्यवस्था भी है। इसके तहत भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दो-स्तरीय प्रमाणीकरण नियम है। इसमें पहला स्तर उपयोगकर्ता के बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर और दूसरा यूपीआई पिन होता है, जिससे लेनदेन तेज और सुरक्षित बनते हैं। वर्तमान में भारत में कुल डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी लगभग 85 प्रतिशत है। इसका प्रभाव देश की सीमाओं से आगे बढ़कर वैश्विक स्तर पर वास्तविक समय पर डिजिटल भुगतान में करीब 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यूपीआई संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित आठ देशों में सक्रिय है।

# पर्यवेक्षण को औपचारिक अनुपालन से आगे देखना चाहिए



नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे. ने कहा कि हल्के नियमन वाली प्रणाली कुछ समय तक कम लागत और तेज वृद्धि के कारण असरदार दिख सकती है लेकिन वृद्धि के कमजोर कॉरपोरेट गवर्नेंस, खराब ऋण मानकों या छिपे जोखिमों पर आधारित होने पर इसकी कीमत जमाकर्ताओं और व्यापक अर्थव्यवस्था दोनों को चुकानी पड़ती है। इसके साथ ही उन्होंने पर्यवेक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि संस्थानों एवं कंपनियों को केवल दिए गए आंकड़ों के आधार पर नहीं समझा जा सकता है। उन्होंने हाल में दिए एक व्याख्यान में कहा कि पर्यवेक्षण को औपचारिक अनुपालन से आगे देखना चाहिए। अनुपालन यह पूछता है कि नियम का पालन हुआ या नहीं। वहीं, पर्यवेक्षण यह पूछता है कि क्या अंतर्निहित जोखिम को समझा और संबोधित किया गया है। स्वामीनाथन ने इस बात पर जोर दिया कि संस्थानों और कंपनियों को केवल रिपोर्ट किए गए आंकड़ों से नहीं समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों के पीछे के कारणों को भी समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऑडिट किए गए बही-खाते और सूचना उपयोगी हैं, लेकिन वे खुद व्यवसाय नहीं होते। असली कारोबार कारखाना, उत्पादन स्थल, बाजार, आपूर्ति शृंखला, प्रबंधन की गुणवत्ता और लिए गए निर्णयों में दिखता है। इसलिए बैंकर का काम संदेहपूर्ण होने का नहीं, बल्कि जिज्ञासु होने का है। स्वामीनाथन ने 30 अप्रैल को चेन्नई स्थित मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में लर्निंग, जजमेंट एंड पब्लिक पर्पजलेसन्स फ्रॉम बैंकिंग विषय पर 12वां जी रामचंद्रन स्मृति व्याख्यान दिया था। यह व्याख्यान सोमवार को आरबीआई की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि हल्के पर्यवेक्षण वाली प्रणाली कुछ समय तक कुशल दिख सकती है, क्योंकि लागत कम होती है और वृद्धि तेज हो सकती है। हालांकि यदि यह वृद्धि कमजोर कॉरपोरेट शासन, खराब ऋण मानकों या छिपे जोखिमों पर आधारित है, तो आखिरकार इसकी कीमत न केवल शेयरधारकों या प्रबंधन बल्कि जमाकर्ताओं, उधारकर्ताओं, करदाताओं और व्यापक अर्थव्यवस्था को चुकानी पड़ती है। पर्यवेक्षण का वास्तविक मूल्य ऐसे परिणामों की संभावना और गंभीरता को कम करने में है। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बैंकिंग अधिक डिजिटल, अधिक डेटा-आधारित और अधिक परस्पर संबद्ध होता जा रहा है।

# एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों को साथ मिलकर विकास पर करना होगा कामः एडीबी अध्यक्ष



उजबेकिस्तान। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष ने जुझारू एवं समावेशी आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों से आपसी सहयोग बढ़ाने और मजबूत सीमापार संपर्क विकसित करने का आह्वान किया।

एडीबी की यहां आयोजित 59वीं वार्षिक बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, इस नए दौर में लिए जाने वाले निर्णय अगली पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित करेंगे। खंडित वैश्विक परिदृश्य में पारंपरिक और अलग-थलग वृद्धि रणनीतियां कारगर नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बाजार, आपूर्ति शृंखला और डिजिटल नेटवर्क के माध्यम से झटके तेजी से सीमाओं के पार फैलते हैं और कमजोर समुदायों को अधिक प्रभावित करते हैं। ऐसे में इन चुनौतियों से निपटने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर समन्वित समाधान जरूरी हैं। एडीबी प्रमुख ने कहा कि बैंक इस दिशा में निवेश बढ़ा रहा है और ऐसे सुधार लागू कर रहा है, जिससे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, बाजारों और संस्थानों का एकीकरण हो सके। एशियाई विकास बैंक ने पिछले वर्ष एशिया-प्रशांत क्षेत्र को 29.3 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता दी थी। एडीबी ने 70 अरब डॉलर का एक नया कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें 50 अरब डॉलर की पैन-एशिया बिजली ग्रिड परियोजना और 20 अरब डॉलर की सीमापार डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ाने की पहल शामिल है। इसका उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करना, उत्सर्जन कम करना और डिजिटल अंतर को पाटना है। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण इस साल एशिया-प्रशांत क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 4.7 प्रतिशत रह सकती है, जो पिछले वर्ष 5.4 प्रतिशत थी। वहीं मुद्रास्फीति दर 3.0 प्रतिशत से बढ़कर 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यदि यह संघर्ष आगे बढ़ता है और तेल कीमतें ऊंची बनी रहती हैं तो वृद्धि दर और भी नीचे गिरकर 4.2 प्रतिशत तक आ सकती है।

## पेज एक का शेष

### बंगाल और

पर भरोसे का दिन है, (जनता के लिए) काम करने की राजनीति पर भरोसे का दिन है, स्थिरता के संकल्प पर भरोसे का दिन है, और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना पर भरोसे का दिन है। उन्होंने विजय समारोह में कहा, मैं पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और केरल की जनता को नमन करता हूं। उन्होंने कहा, और आज, पश्चिम बंगाल में जीत के साथ, गंगोत्री (उत्तराखंड) से गंगा सागर (पश्चिम बंगाल) तक कमल ही कमल खिला हुआ है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल-- मां गंगा के किनारे बसे इन सभी राज्यों में अब भाजपा-राजग की सरकारें हैं।

इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को जारी मतगणना के बीच अपने पार्टी उम्मीदवारों और एजेंटों से मतगणना केंद्र छोड़कर नहीं जाने की अपील की। बनर्जी ने मतगणना के बीच जारी एक वीडियो संदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं से सतर्क रहने और मनोबल नहीं गिराने की अपील की। उन्होंने कहा, मैं सभी से अपील करती हूं कि तृणमूल उम्मीदवार और मतगणना एजेंट मतगणना केंद्र छोड़कर नहीं जाएं।

### गंगोत्री से

हूं। समारोह में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित पार्टी के अन्य नेता उपस्थित थे। पिछले साल 14 नवंबर को, जब बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए थे, मोदी ने इसी स्थान से भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि गंगा बिहार से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर तक बहती है। उन्होंने कहा और आज, पश्चिम बंगाल में जीत के साथ, गंगोत्री (उत्तराखंड) से गंगा सागर (पश्चिम बंगाल) तक कमल ही कमल खिला हुआ है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल, मां गंगा के किनारे बसे इन सभी राज्यों में अब भाजपा-राजग की सरकारें हैं। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र के इस उत्सव में भय नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीत हुई है।

### भवानीपुर सीट

के खिलाफ भाबानीपुर विधानसभा सीट पर भारी जीत हासिल करने के बाद अपना जीत का प्रमाण पत्र दिखाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण था। ममता बनर्जी को हराना बेहद जरूरी था। यह ममता बनर्जी की राजनीति से विदाई है, इस बार भी वह 15,000 से अधिक वोटों से हार गईं। मुसलमानों ने खुलकर उनके पक्ष में मतदान किया। वार्ड नंबर 77 में मतदान करने आए सभी मुसलमानों ने ममता को वोट दिया, और हिंदुओं, सिखों, जैनों और बौद्धों ने मुझे आशीर्वाद दिया और मुझे जीत दिलाई। यह जीत हिंदुत्व की जीत है... सीपीएम के सभी मजबूत समर्थकों ने मुझे वोट दिया। भवानीपुर में सीपीएम के 13,000 वोट थे, और उनमें से कम से कम 10,000 वोट मुझे मिले। मैं वहां के सीपीएम मतदाताओं का भी आभार व्यक्त करता हूं। सभी बंगाली हिंदुओं ने खुलकर मेरे पक्ष में मतदान किया।

### जालौन : खड़े

ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने कहा कि घटना में मरने वालों की पहचान स्वामी प्रसाद तिवारी (68), देशराम नामदेव (38), शशिकांत तिवारी (49), मनोज भोडले (39), उमेश तिवारी (23) और कृष्णकांत नायक (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि चार घायलों हरिओम (39), अंशुल (38), सजीवानंद (39) और भूषण तिवारी (40) हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना उस वक्त हुई जब कानपुर की ओर से आ रही एसयूवी ने नियंत्रण खो दिया और सड़क के किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई।

### नयी तबादला

समूह ग व घ के कार्मिकों के स्थानांतरण संवर्गवार कार्यरत कुल कार्मिकों की संख्या के अधिकतम 10% की सीमा तक किए जा सकेंगे। समूह ख व ग के ट्रांसफर यथासंभव मेरिट आधारित ऑनलाइन प्रणाली से होंगे तथा समूह ग में पटल/क्षेत्र परिवर्तन के नियमों का कड़ाई से पालन होगा। दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को सुविधा अनुसार तैनाती, आकांक्षी जनपदों में प्राथमिकता पोस्टिंग और स्थानांतरण सत्र के बाद समूह क व ख के ट्रांसफर हेतु मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य जैसे प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में कार्यों की गुणवत्ता सुधारने और अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा पर रोक लगाने के लिए कैबिनेट ने निविदा निस्तारण की नई प्रक्रिया को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए एसबीडी और 5 करोड़ रुपये से कम के कार्यों के लिए टी-1 व टी-2 प्रणाली लागू होगी। कम दर पर टेंडर लेने वाले निविदादाताओं से अतिरिक्त परफॉर्मेंस सिक्योरिटी अनिवार्य की गई है। 15% से अधिक कम दर वाले ठेकेदारों के चयन से पहले उनके निर्माणाधीन और पूर्ण कार्यों की गुणवत्ता की जांच होगी, जबकि 15% से कम दर पर बोली लगाने वाले ऐसे ठेकेदार जिनका प्रदेश में कोई कार्य नहीं चल रहा या पिछले दो वर्षों में कोई कार्य पूरा नहीं किया है, उनसे भी अतिरिक्त सिक्योरिटी ली जाएगी। इस व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी और गुणवत्ता से समझौता करने वाले ठेकेदारों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित होगा। संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क योजना के तहत प्रदेश में 10 टेक्सटाइल पार्कों का विकास किया जाना है। इसके लिए बंद पड़ी कताई मिलों की जमीन का उपयोग किया जाएगा। कैबिनेट ने 4 कताई मिलों की 251.8 एकड़ भूमि का हस्तकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग के पक्ष में निशुल्क हस्तांतरण की मंजूरी दी। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। राजधानी लखनऊ में आउटर रिंग रोड के रैथा अंडरपास से पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क तक 6 लेन के निर्माण तथा आईआईएम से रैथा अंडरपास मार्ग का 2 लेन में चौड़ाकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 546.51 करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी गई है।

### अल-फलाह

देखते हुए इस स्तर पर जमानत के लिए कोई आधार नहीं बनता है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट में कथित वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के लिए फरवरी में सिद्दीकी को गिरफ्तार किया था। मार्च में ईडी ने उन्हें जेल से अपनी हिरासत में ले लिया था। अदालत ने दो मई के अपने आदेश में कहा, "सभी तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, चूंकि याचिकाकर्ता आरोपी के खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के हैं, इस स्तर पर जमानत का कोई आधार नहीं बनता है। नतीजतन, जवाद अहमद सिद्दीकी की जमानत अर्जी खारिज की जाती है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया साक्ष्यों से साबित होता है कि सिद्दीकी का अपराध की उक्त आय से सीधे तौर पर या किसी न किसी तरीके से संबंध हो सकता है। उसने कहा, "यह स्पष्ट है कि अल-फलाह विश्वविद्यालयाट्रस्टाकॉलेज से उत्पन्न प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट (पीओसी) उन पक्षों के माध्यम से भेजे गए थे... जिनका स्वामित्व सिद्दीकी की पत्नी, बच्चों और भरोसेमंद कर्मचारियों के पास था, लेकिन अंततः इन पर नियंत्रण उन्हीं (सिद्दीकी) का था।

### संयम व सेवा

सहानुभूति रखने वाली जनता ने उसे छलावे के तौर पर लिया था और इस चुनाव में उसने साबित कर दिया कि मतदाताओं की लाठी में आवाज नहीं होती मगर वह जहां भी पड़ती है, अहसास जरूर करा देती है। ममता बनर्जी ने इस चुनाव में भी बाहरी और भीतरी का अपना चिर परिचित दांव चला। यहां तक कह दिया कि बंगाल में भाजपा जीती तो पश्चिम बंगाल के लोगोंको मछली भात नहीं खाने देगी लेकिन उनका यह दांव उलटा पड़ गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान झालमूड़ी खाकर बंगाल की जनता को यह सीधा संदेश दे दिया कि हम बाहरी नहीं, बल्कि बंगाल की संस्कृति, सभ्यता, उसके रहन-सहन और खान-पान से प्रेम करते हैं। कई भाजपा नेताओं ने बंगाल के लोगों के साथ बैठकर मछली खाई और उनके दिल में जगह बनाने की सफल कोशिश की। ममता बनर्जी की ईमानदारी पर शायद ही किसी को संदेह हो लेकिन टीएमसी के शातिर और भ्रष्ट नेताओं को उनका खुलेआम समर्थन उनकी नाव डुबाने में सहायक बना। राज्य में अनेक अवसर आये जब उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री के प्रोटोकॉल को फालो करने की बजाय टीएमसी की राजनीति को वरीयता दी। भ्रष्टाचार में लिप्त नेताओं और अधिकारियों के समर्थन में खड़ी हुई और सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनीं। सरकारी कामकाज में बाधा डाला और कई बार तो महत्वपूर्ण कागजात भी उनके हाथ से छीनकर चलती बनीं। उनकी इस तुनकमिजाजी और पूर्वाग्रही आचरण ने भी बंगाल में केंद्रीय योजनाओं का लाभआमजन तकपहुंचने नहीं दिया।

पश्चिम बंगाल में अपनी पार्टी की करारी हार के बाद ममता बनर्जी को यह तो समझ में आ ही गया होगा कि उनसे बंगाल के लोग कितने नाराज थे। भले ही वे एसआईआर और ईडी-सीबीआई को अपनी हार की वजह बताएं लेकिन सच तो यह है कि अब उन्हें आत्ममंथन जरूर करना चाहिए। इस चुनावी इम्तिहान में तो एक्जिट पोल करने वाली संस्थाएं भी मात खा गई हैं। उनके पूर्वानुमान में भाजपा की जीत तो शामिल थी लेकिन इस तरह की प्रचंड और अप्रत्याशित जीत होगी, इसकी कल्पना तो उन्होंने भी नहीं की होगी। खुद भाजपा भी अचंभित है कि पश्चिम बंगाल की जनता ने उन्हें सिर-आंखों पर बिठा लिया है। उसने तो 160 से अधिक सीटें जीतने की ही कल्पना की थी लेकिन यहां तो उसकी जीत का शतक ही डबल हो गया।

पश्चिम बंगाल में भाजपा कोजहां मां गंगा का साथ मिला है, वहां उसकी प्रचंड बहुमत से जीत हुई है, वहीं असम में ब्रह्मपुत्र नदी के आशीर्वाद ने भाजपा की लगातार तीसरी बार शानदार जीत हुई है। तमिलनाडु में फिल्म अभिनेता थलपति विजय का करिश्मा देखते ही बन रहा है। उनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम सरकार बनाने के नजदीक तक पहुंच गई है। मतलब सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। स्टालिन को हार का सामना करना पड़ा है। सनातन की आलोचना और हिंदी का निरादर उन पर भारी पड़ा है। लोकसभा में नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम को गिराने का खामियाजा भी कांग्रेस, द्रमुक, टीएमसी को भुगतना पड़ा है। केरलम में पिनराई विजयन को सत्ता से हाथ धोना पड़ा है जबकि कांग्रेस का यूडीएफ गठबंधन वहां सरकार बनाने की स्थिति में आ गया है। पश्चिम बंगाल में वर्ष 2021 के चुनावों में तृणमूल ने 220 तो भाजपा ने 71 सीटें जीती थी। तमिलनाडु में पिछले चुनाव में द्रमुक गठबंधन को 158 जबकि अन्नाद्रमुक गठबंधन को 69 सीटें मिली थी। असम विधानसभा की 126 सीटों में पिछले चुनावों में राजग को 74, कांग्रेस गठबंधन को 28 तथा एयूडीएफ को 15 सीटें मिली थी। जबकि केरलम में विगत चुनाव में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा को 94 और संयुक्त मोर्चा को 42 सीट मिली थी। इस चुनाव में जनता ने ममता, स्टालिन और विजयन को राजनीतिक आईना दिखाने का मौका अपने हाथ से जाने नहीं दिया है। भाजपा और उसकी नीतियों पर अपनी सहमति की मुहर लगाई है लेकिन यह मुहर उसके लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम भी नहीं है।

### प्रीपेड मीटर

के अंदर बिजली नहीं काटी जाएगी। साथ ही यह भी कहा है कि पिछला बकाया हो तो उपभोक्ता दस किश्तों में भरने की सुविधा प्रदान की जाय, पुराने मीटरों को स्मार्ट-प्रीपेड मीटर से बदलने का कार्य स्थगित किया गया है फिर भी हाल में लगे स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों का समाधान हमारी प्राथमिकता है। गर्मी के दिनों में लोगों को विद्युत संबंधी कोई तकलीफ न पड़े इसके लिए शक्ति भवन में मीटिंग कर विभाग को सोमवार को फिर हिदायत दिया है।




# मुंबई ने लखनऊ को 6 विकेट से हराया

## सुपर जाइंट्स की ओर से निकोलस पूरन ने 63 जबकि मिचेल मार्श ने 44 रन बनाये



**मुंबई।** रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन की शानदार साझेदारी की मदद से मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपरजाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया है। लखनऊ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 228 रन बनाए। जवाब में मुंबई के लिए रोहित और रिकेल्टन ने अर्धशतक लगाए जिससे टीम ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 229 रन बनाकर मैच जीता। मुंबई को लगातार तीन हार के बाद जीत मिली है, लेकिन वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर मौजूद है। मुंबई के लिए रोहित ने 44 गेंदों पर छह चौकों और सात छक्कों की मदद से 84 रन और रिकेल्टन 32 गेंदों पर छह चौकों और आठ छक्कों की मदद से 83 रन बनाकर आउट हुए। रिकेल्टन और रोहित के बीच पहले विकेट के लिए 143 रनों की साझेदारी हुई। लखनऊ के लिए मणिमरन सिद्धार्थ ने दो विकेट झटके, जबकि मोहम्मद शमी और मोहसिन खान को एक-एक विकेट मिले।

निकोलस पूरन के तूफानी अर्धशतक से लखनऊसुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पांच विकेट पर 228 रन बनाए। पूरन (63 रन, 21 गेंद, आठ छक्के, एक चौका) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (44 रन, 25 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़कर सुपर जाइंट्स को ठोस मंच प्रदान किया। हिम्मत सिंह (नाबाद 40, 31 गेंद, दो चौके, दो छक्के) और एडेन मारक्रम (नाबाद 31, 25 गेंद, एक छक्का, एक चौका) ने अंत में छठे विकेट के लिए 49 गेंद में 68 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया लेकिन दोनों रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहे। मुंबई की ओर से कोर्बिन बॉश सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। अल्लाह गजनफर (50 रन पर एक विकेट), विल जैक्स (34 रन पर एक विकेट) और रघु शर्मा (36 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया।

टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम ने तीसरे ओवर में ही जोस इंग्लिस (13) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने स्पिनर गजनफर की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच थमाया। उन्होंने इससे पहले इस स्पिनर पर लगातार दो चौके मारे। मार्श ने दीपक चाहर की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके से शुरुआती की और फिर जसप्रीत बुमराह की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके मारे। पूरन ने विल जैक्स पर तीन छक्कों के साथ फॉर्म में वापसी के संकेत दिए। उन्होंने गजनफर पर भी दो छक्के और एक चौका जड़ा। सुपर जाइंट्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 90 रन बनाए।

# महिला हॉकी टीम की गोलकीपर ने विलियमसन के मार्गदर्शन में विशेष शिविर में हिस्सा लिया



बेंगलुरु। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपरों सविता, बिचू देवी खारिबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किंडो ने आयरलैंड के डेविड विलियमसन द्वारा आयोजित एक विशेष गोलकीपिंग शिविर में हिस्सा लिया। यह शिविर मुख्य कोच शोर्ड मारिन की देखरेख में आयोजित किया गया था और दो मई को यहां साइ (भारतीय खेलप्राधिकरण) केंद्र में समाप्त हुआ। कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन के आनंदना के सहयोग से आयोजित यह 11 दिवसीय शिविर 22 अप्रैल को शुरू हुआ था जिसमें गोलकीपरों को केंद्रित और उच्च-प्रदर्शन वाला प्रशिक्षण दिया गया।

विलियमसन उत्तरी आयरलैंड के एक अत्यंत अनुभवी फील्ड हॉकी कोच और पूर्व खिलाड़ी हैं। वह एक जाने-माने गोलकीपिंग विशेषज्ञ हैं जिन्होंने अमेरिकी महिला राष्ट्रीय टीम के साथ बड़े पैमाने पर काम किया है। सीनियर गोलकीपरों सविता, बंसरी और माधुरी ने इन सत्र में भाग लिया जिससे उन्हें तकनीकी बुनियादी बातों, निर्णय लेने की क्षमता, रक्षात्मक पहलुओं और मैच की स्थितियों में रणनीतिक जागरूकता पर गहनता से ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिला। यह ऐसे समय में हुआ जब टीम आगामी अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रही है। एक गोलकीपर होने के नाते मैंने हमेशा यह अनुभव किया है कि इस तरह के शिविर आपको बहुत कुछ सीखने में मदद करते हैं।

## संघर्षों को पीछे छोड़ शोएब ने 20 साल के सूखे को किया खत्म

नयी दिल्ली। पाकिस्तान के नये टेनिस सितारे मुहम्मद शोएब के लिए एक समय ऐसा भी था जब वह चप्पलों में और सलवार-कमीज़ पहनकर टेनिस का अभ्यास करते थे, क्योंकि जूते और टेनिस किट खरीदने की उनकी आर्थिक स्थिति नहीं थी।कई बार उनके पुराने जूतों के तलवे फटने की वजह से पैरों में छाले पड़ते और खून तक निकल आता, लेकिन उनका हौसला नहीं डिगा और उन्होंने खेलना जारी रखा। पेशावर क्लब के कोर्ट पर अभ्यास के लिए उन्हें दोपहर की भीषण गर्मी का इंतजार करना पड़ता, क्योंकि उसी समय वहां भीड़ कम होती थी। बीस साल का यह खिलाड़ी संघर्षों को धता बताकर रविवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान का नया टेनिस चैंपियन बनकर उभरा। वह देश के इतिहास में इस उपलब्धि को हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले ऐसाम-उल-हक़ कुरैशी और अकील खान ने यह उपलब्धि हासिल की थी। शोएब की आईटीएफ फ्यूचर्स खिताबी जीत ने न केवल उनका निजी सपना पूरा किया, बल्कि पाकिस्तान के लिए 20 वर्षों से चले आ रहे सिंगल्स खिताब के सूखे को भी खत्म किया।

**संक्षेप**

## वॉशिंगटन की पारी ने गुजरात की मध्यम क्रम से जुड़ी समस्या को दूर किया

अहमदाबाद। पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि पंजाब किंग्स के खिलाफ वाशिंगटन सुंदर की मैच जिताने वाली पारी से गुजरात टाइटन्स के मध्य क्रम की कमजोरी को लेकर उठ रही कुछ शंकाओं का समाधान जरूर हो जाएगा। वाशिंगटन पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और उन्होंने पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 23 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाए जिससे गुजरात इस मैच में पंजाब किंग्स को हराने में सफल रहा। वाशिंगटन सुंदर की पारी बेहद महत्वपूर्ण थी क्योंकि इससे गुजरात टाइटन्स के मध्य क्रम से जुड़े सवालों का जवाब मिल गया। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन ने जिस तरह से मैच का सकारात्मक अंत करने के लिए जरूरी धैर्य दिखाया वह काबिले तारीफ है। अश्विन ने कहा, गुजरात की टीम के अधिकतर रन उसके शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज बनाते हैं लेकिन वाशिंगटन के इस तरह के योगदान से उनकी बल्लेबाजी की गहराई का पता चलता है। उन्होंने दबाव का अच्छी तरह से सामना किया और टीम की जीत सुनिश्चित की। अश्विन ने कहा, यह देखने में भले ही आकर्षक न हो, लेकिन टीम को जीत दिलाने के लिए यह बहुत ही संयमित और बेहतरीन प्रयास था। गुजरात ने फिर से लक्ष्य का पीछा करते हुए संयम दिखाया। उनकी टीम में भले विस्फोटक बल्लेबाज नहीं हों लेकिन उनकी टीम काफी संतुलित है।

## चोटिल फिल साल्ट स्कैन के लिए स्वदेश लौटे

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट पिछले महीने उंगली में लगी चोट का स्कैन कराने के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं। इस चोट के कारण साल्ट आरसीबी के पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह उनके हमवतन जैकब बेथेल ने विराट कोहली के साथ पारी का आगाज किया। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी 18 अप्रैल को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते समय चोटिल हो गया था। उनकी बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) से अनुबंधित साल्ट इंग्लैंड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और उनकी उंगली का स्कैन किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार आरसीबी और साल्ट दोनों को उम्मीद है कि वह जल्द फिट हो जाएंगे और वह इस महीने बाद में भारत लौट सकते हैं। साल्ट ने मौजूदा आईपीएल में छह पारियों में 168.33 के स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए थे।

# एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में जापान की कड़ी चुनौती के लिए भारत तैयार



सुझोऊ (चीन)। भारत को मंगलवार को एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप 2026 फुटबॉल टूर्नामेंट में जापान की मजबूत टीम के रूप में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। भारत अपनी शुरुआती हार से उबरकर टूर्नामेंट में वापसी की उम्मीद कर रहा है। भारतीय टीम ग्रुप बी के अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से 0-2 से हार गई थी। अब वे ऐसी स्थिति में हैं जहां हर गोल मायने रखेगा, विशेषकर तब जब जापान ने लेबनान को 13-0 से हराकर तीन अंक हासिल कर लिए हैं। महिला फुटबॉल की तकनीकी रूप से सबसे बेहतरीन टीम में से एक है जापान इस मुकाबले में अपना शानदार इतिहास लेकर उतर रहा है। उसने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के नौ टूर्नामेंट में सात बार फाइनल में जगह बनाई है और चार बार खिताब जीता है। इस एशियाई दिग्गज टीम ने 2014 में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप का खिताब जीतकर वैश्विक स्तर पर भी अपना दबदबा साबित किया था। जापान को इस मुकाबले में जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है लेकिन फिर भी भारत का मनोबल कम नहीं हुआ है। मुख्य कोच पामेला कोंटी ने जोर देकर कहा है कि उनकी खिलाड़ी पूरी तरह से स्पष्ट और एकाग्र मानसिकता के साथ मैदान पर उतरेंगी। कोंटी ने कहा कि हमने अभी-अभी अपना अभ्यास सत्र खत्म किया है और हम काफी उत्साहित हैं क्योंकि हम दुनिया की सबसे मजबूत टीम में से एक के खिलाफ खेलने जा रहे हैं। एक कोच के तौर पर मेरा और खिलाड़ियों का भी यही मानना है कि अगर हमें जीतना है तो हमें एक बेहतरीन मैच खेलना होगा। लेकिन उससे भी बढ़कर वहां मौजूद रहना, उस अनुभव को जीना और खेल का आनंद लेना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मैं निश्चित रूप से इसका आनंद लूंगी। भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए ठोस तैयारी की है जिसमें तीन महीने से अधिक का कड़ा अभ्यास शामिल है।

# एशियाई खेलों से पहले भारतीय तीरंदाजों के सामने शंघाई विश्व कप में कड़ी चुनौती




शंघाई। भारतीय तीरंदाज मंगलवार से यहां शुरू होने वाले विश्व कप के दूसरे चरण में खराब योजना, दिशाहीनता और पूर्णकालिक विदेशी कोच की अनुपस्थिति से घिरे माहौल में उतर रही है।

इस विश्व कप में मजबूत टीमों की मौजूदगी और इस साल होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए भारत की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेल तेजी से नजदीक आ रहे हैं, लेकिन भारत की तैयारी बिल्कुल भी भरोसेमंद नहीं दिख रही है। सत्र की शुरुआत मेक्सिको में हुए विश्व कप के पहले चरण से हुई, जहां भारतीयों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारत के लिए एकमात्र सकारात्मक पहलू महिलाओं की कंपाउंड टीम का स्वर्ण पदक था। दक्षिण कोरिया जैसी दिग्गज टीम की अनुपस्थिति के बावजूद भारतीय रिकर्व तीरंदाज उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। यह प्रदर्शन हकीकत का आईना साबित हुआ, जहां तरुणदीप राय, अतनु दास, धीरज बोम्मादेवरा, दीपिका कुमारी और अंकिता भकत जैसे बड़े नाम भी पदक दौर तक नहीं पहुंच सके। पुरुष रिकर्व टीम पहले ही दौर में बाहर हो गई। महिला टीम ने शुरुआती मुकाबला जीता, लेकिन क्वार्टर फाइनल में तुर्की से हार गई। व्यक्तिगत स्पर्धा में देश की सबसे सफल तीरंदाज दीपिका कुमारी दूसरे दौर में ही बाहर हो गईं, जबकि अंकिता, सिमरनजीत कौर और कुमकुम मोहोड़ तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ सकीं। निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद भारतीय तीरंदाजी महासंघ ने शुरुआती विश्व कप के इस चरण के लिए भी वही टीम बरकरार रखी है। एशियाई खेलों और आगामी विश्व कप चरणों के लिए चयन ट्रायल 15 मई से सोनीपत में प्रस्तावित हैं। शंघाई में एक बार फिर भारत को अनुभवी लेकिन फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ियों पर निर्भर रहना होगा। दक्षिण कोरिया की टीम में ओलंपिक के पांच स्वर्ण पदक विजेताओं की मौजूदगी में मजबूत प्रतिस्पर्धा को देखते हुए रिकर्व वर्ग में पदक की उम्मीद बेहद कम नजर आती है। एशियाई खेलों को ध्यान में रखते हुए किर्गिस्तान, उजबेकिस्तान और सऊदी अरब जैसी टीमें भी अनुभव हासिल करने के लिए यहां पहुंची हैं। युआनशेन स्पोर्ट्स सेंटर में कुल 320 तीरंदाज भाग लेंगे, जो पिछले वर्ष से 48 अधिक हैं। भारत की सबसे बड़ी चिंता मैदान के बाहर की स्थिति है। एशियाई खेलों में चार महीने से भी कम समय बचा है, लेकिन टीम के पास अब तक स्थायी मुख्य कोच नहीं है। खिलाड़ी अपने निजी कोचों के साथ तैयारी कर रहे हैं और ट्रायल में शीर्ष पर रहने वाला खिलाड़ी ही सपोर्ट स्टाफ तय करता है। यह व्यवस्था स्पष्ट रूप से दीर्घकालिक योजना की कमी को दर्शाती है।ऐसे हालात में रिकर्व वर्ग से पदक की उम्मीद करना मुश्किल नजर आता है। भारत की उम्मीदें एक बार फिर कंपाउंड तीरंदाजों पर टिकी होंगी। महिला टीम की अगुवाई ज्योति सुरेखा वेन्नम करेंगी, जिन्हें अदिति स्वामी और मधुरा धमांगांवकर का साथ मिलेगा।

## अच्छा प्रदर्शन न करने पर भी दो अंक हासिल करने में सफल रहे हैं: होल्डर

अहमदाबाद। जेसन होल्डर का मानना है कि गुजरात टाइटन्स ने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन इसके बावजूद वह मैच जीत रहा है और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।

होल्डर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट लेकर गुजरात की पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि टीम व्यक्तिगत प्रदर्शन के बजाय सामूहिक प्रयास से जीत हासिल कर रही है। होल्डर में मैच के बाद पत्रकारों से कहा कि हम जिस तरह से खेल रहे हैं उसकी खूबसूरती यह है कि हम किसी भी मैच में केवल एक खिलाड़ी के प्रदर्शन पर निर्भर नहीं हैं और अलग-अलग दिनों में अलग-अलग खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमने अभी तक शायद अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं खेला है, लेकिन इसकी खूबसूरती यह है कि हम तब भी जीत हासिल करके दो अंक हासिल कर रहे हैं। गुजरात इस मैच में बड़ी जीत हासिल कर सकता था लेकिन उसने एक गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल किया। होल्डर ने हालांकि नेट रन-रेट को लेकर चिंतित होने के बजाय दो अंक हासिल करने पर जोर दिया। मुझे लगता है कि पहली प्राथमिकता हमेशा मैच जीतना होती है। अगर हम ऐसी स्थिति में होते हैं जहां परिस्थितियां अनुकूल हों तो हम नेट रन-रेट के बारे में सोच सकते हैं। मुझे लगता है कि हम ऐसा करेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि हमारी पहली प्राथमिकता हर मैच में दो अंक हासिल करना और अपनी लय बनाए रखना है। हम लगातार तीन जीत के साथ अच्छे फॉर्म में हैं। इसलिए हमें बस अपनी निरंतरता बनाए रखनी है। मुझे लगता है कि रन रेट और इस तरह की चीजें अपने आप ठीक हो जाएंगी। होल्डर ने चार मैचों में सात विकेट लिए हैं, लेकिन उन्होंने पावरप्ले में लगातार विकेट लेने के लिए तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज को काफी श्रेय दिया। केजी (रबाडा) और सिराज दोनों को श्रेय जाता है। मुझे लगता है कि उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में पावरप्ले में दबदबा बनाए रखा है और विपक्षी टीम के बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। यह उनकी प्रतिभा का प्रमाण है। मेरे कहने मतलब है कि मैंने बहुत कम ही देखा है कि दो गेंदबाज पावरप्ले में लगातार तीन ओवर फेंकें। इससे उनकी क्षमता का पता चलता है। मुझे लगता है कि जब वे शुरुआत करते हैं तो यह तय कर देते हैं कि किसी खास विकेट पर किस लेंथ की गेंदबाजी कारगर रहेगी। इसके बाद बाकी गेंदबाजों को बस उनका अनुसरण करना होता है।

# घरेलू मैदान पर अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का प्रयास करेगी दिल्ली कैपिटल्स



नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स को अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन हार झेलने के सिलसिले को खत्म करने के लिए मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले मैच में खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

दिल्ली और चेन्नई दोनों टीम के नौ मैचों में आठ-आठ अंक हैं। अब जबकि उनके पांच मैच बचे हुए हैं तब छोटी सी गलती भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार तीन हार के बाद शुक्रवार को जयपुर में खेले गए मैच में महत्वपूर्ण जीत हासिल की। उसने इससे पहले जो तीन मैच गंवाए थे उनमें से दो हार उसे घरेलू मैदान पर मिलीं थी। कोटला में पंजाब किंग्स के खिलाफ उसकी टीम 264 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाई थी जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। इससे पहले दिल्ली को कोटला में गुजरात टाइटंस से भी एक रन से हार का सामना करना पड़ा था। सीएसके के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी लय में आ गए हैं। केएल राहुल अच्छी फॉर्म में हैं, जबकि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के आने से उसका गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। जयपुर में अपने आखिरी ओवर में तीन छक्के खाने के बाद कुलदीप यादव अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। वह अभी तक टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने नौ मैचों में केवल सात विकेट लिए हैं और प्रति ओवर 10.26 रन लुटाए हैं। डेथ ओवरों के विशेषज्ञ टी नटराजन का भी इकोनॉमी रेट अच्छा नहीं है। उन्होंने नौ मैचों में केवल पांच विकेट लिए हैं। उतार-चढ़ाव भरे दौर के बावजूद कप्तान अक्षर पटेल शांत और व्यावहारिक बने रहने में कामयाब रहे हैं। अक्षर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के बाद कहा था, आपको हर दिन अभ्यास करते रहना होगा। आप हमेशा परिस्थितियों को बदल सकते हैं। इसलिए मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से मैं खुश हूं। सत्र के अपने 10वें मैच से पहले सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने पीटीआई को पुष्टि की कि महेंद्र सिंह धोनी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं जिसके कारण वह कोटला में होने वाले मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। दिल्ली की तरह सीएसके भी नाजुक स्थिति में है और अगर वे इस मैच में जीत हासिल नहीं कर पाते हैं तो फिर उनका प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होना तय हो जाएगा। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ सत्र के शुरू में रन बनाने के लिए जूझ रहे थे जिससे टीम को काफी नुकसान हुआ। ऐसे में संजू सैमसन ने अकेले ही सारा भार संभाला। लेकिन गायकवाड अब फॉर्म में लौट आए हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में अर्धशतक लगाए। चोटिल आयुष म्हात्रे के हटने के बाद उर्विल पटेल ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की। मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेली गई उनकी 12 गेंदों में 14 रन की पारी उनके आत्मविश्वास के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी। यही बात कार्तिक शर्मा पर भी लागू होती है, जिन्होंने शनिवार रात को अपना पहला अर्धशतक लगाया। सीएसके ने अपनी चार जीत में से दो जीत मुंबई इंडियंस की टीम के खिलाफ हासिल की है जो इस सत्र में संघर्ष कर रही है। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चेन्नई में खेले गए मैच में जीत हासिल की थी और वह उससे प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। टीम इस प्रकार हैं:

**दिल्ली कैपिटल्स:** अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिज़वी, ट्रिस्टिन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, साहिल पारख, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, अजय जादव मंडल, करुण नायर, टी नटराजन।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, अमन खान।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# न्यायपूर्ण विश्व के निर्माण में योगदान दे

## भारत-जमैका संबंधों में निरंतरता और परिवर्तन जैसी विशेषता है: विदेश मंत्री जयशंकर

किंग्सटन। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और जमैका के बीच संबंध निरंतरता और बदलाव से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि यह संबंध साझा इतिहास पर आधारित हैं जो वर्तमान सहयोग से मजबूत हो रहा है और भविष्य में अधिक संभावनाओं की ओर अग्रसर है।

जमैकन ग्लीनर अखबार में रविवार को प्रकाशित एक लेख में जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों देशों को एक गहरी और अधिक लचीली साझेदारी बनाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखना चाहिए जो दोनों देशों के लोगों के लिए काम करे और एक अधिक न्यायपूर्ण विश्व के निर्माण में योगदान दे। भारत और जमैका के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयशंकर को कैरेबियाई देश की अपनी पहली यात्रा पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी समुदाय का जमैका के साथ 180 वर्षों से संबंध है। उन्होंने कहा, भारतीय प्रवासी समुदाय का यही रिश्ता हमारे संबंधों को एक विशेष रंग प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि कई भारतीयों के लिए जमैका का नाम सुनते ही माइकल होल्डिंग और क्रिस गेल का क्रिकेट, बॉब मार्ले और जिमी क्लिफ का संगीत, उसेन बोल्ट और एलेन थॉम्पसन-हेराह का



एथलेटिक्स तथा सांस्कृतिक हस्ती मिस लू के लेखन की याद आ जाती है। जयशंकर ने कहा कि ये संबंध दोनों देशों के बीच गहरे जुड़ाव को दर्शाते हैं, जिसमें ग्लोबल साउथ और राष्ट्रमंडल की सदस्यता शामिल है। उन्होंने कहा, भारत और जमैका दोनों बहुलवादी समाज, राजनीतिक लोकतंत्र और बाजार आधारित अर्थव्यवस्थाएं हैं। उन्होंने कहा, यह रिश्ता अंततः निरंतरता और परिवर्तन की एक कहानी है, जो एक साझा अतीत में निहित है, वर्तमान सहयोग से प्रगाढ़ हो रहा है और भविष्य में अधिक संभावनाओं की ओर उन्मुख है। भारत और जमैका के संबंधों की कहानी 19वीं और 20वीं शताब्दी के आरंभिक वर्षों में भारतीय गिरमिटिया श्रमिकों की इस भूमि की यात्रा से शुरू हुई। उन्होंने कहा कि 1845 में ब्लंडेल हंटर जहाज पर सवार होकर भारतीयों का पहली बार ओल्ड हार्बर बे में उतरना इस यात्रा की शुरुआत थी। उन्होंने कहा कि आज, लगभग 70,000 भारतीय मूल के लोगों का एक समुदाय दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु का काम करता है। जयशंकर ने कहा, भारतीय-जमैका समुदाय एक सक्रिय और गतिशील शक्ति है जो दोनों देशों के संबंधों को आधार प्रदान करती है और आगे बढ़ाती है। जब दोनों देशों के बीच 1962 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए तो हमने उस चीज को औपचारिक रूप दिया जिसकी नींव दोनों देशों के लोग पहले ही डाल चुके थे। रविवार को उन्होंने ओल्ड हार्बर का दौरा किया, जहां 180 साल से भी पहले भारतीय पहली बार जमैका पहुंचे थे। उन्होंने कहा, उनका (भारतीयों का) योगदान जमैका के सामाजिक और आर्थिक जीवन को लगातार आकार दे रहा है।

# स्वास्थ्य केंद्रों में आग की घटनाओं से निपटने के लिए दिशानिर्देशों में बदलाव



नयी दिल्ली। बिजली सर्किट पर अधिक भार और ऑक्सीजन से भरपूर वातावरण के कारण अस्पताल आग लगने की घटनाओं के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं, ऐसे में सरकार ने स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो आपात स्थितियों के दौरान मरीजों की सुरक्षा और गंभीर रूप से बीमार एवं चलने-फिरने में असमर्थ रोगियों की जरूरतों के अनुरूप चरणबद्ध निकासी रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में आग और जीवन सुरक्षा संबंधी राष्ट्रीय दिशानिर्देश (2026) अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा तैयारियों में महत्वपूर्ण सुधार को दर्शाते हैं। उसने कहा कि इन दिशानिर्देशों में आईसीयू (गहन देखभाल इकाई), एनआईसीयू (नवजात गहन देखभाल इकाई), पीआईसीयू (बाल चिकित्सा गहन देखभाल इकाई) और ऑपरेशन थिएटर में भर्ती मरीजों सहित उच्च जोखिम वाले समूहों के लिए विशेष प्रोटोकॉल के साथ निकासी योजना का विस्तार किया गया है। संशोधित दिशानिर्देश 2020 में जारी दिशानिर्देशों का अद्यतन संस्करण हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड महानिदेशालय, भारतीय मानक ब्यूरो, योजना एवं वास्तुकला विद्यालय और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञों से परामर्श के बाद इन्हें तैयार किया है।

अधिकारियों ने बताया कि बिजली सर्किट पर अधिक भार, ऑक्सीजन की अधिक सांद्रता वाले वातावरण और जटिल चिकित्सा उपकरणों की मौजूदगी के चलते अस्पताल आग लगने की घटनाओं के प्रति खासतौर पर संवेदनशील बने रहते हैं, जिसके मद्देनजर अधिक मजबूत और मानकीकृत सुरक्षा दृष्टिकोण की जरूरत है। उन्होंने बताया कि संशोधित दिशानिर्देशों में एक व्यापक जोखिम-आधारित रणनीति अपनाई गई है, जिसमें लक्षित हस्तक्षेपों के लिए गहन देखभाल इकाइ सुविधाओं और बिजली प्रतिष्ठानों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई है।

# अमेरिका ने नौसैन्य पोत पर ईरानी हमले के दावों को खारिज किया

दुबई। अमेरिकी सेना ने सोमवार को उन दावों को खारिज कर दिया कि ईरान ने उसके नौसैन्य पोत पर हमला किया है। अमेरिका फारस की खाड़ी के निकटवर्ती क्षेत्र में सक्रिय है और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को रास्ता देने तथा ईरान द्वारा उन जहाजों पर नाकेबंदी को हटाने की पेशकश कर रहा है जिन्हें नौवहन की अनुमति प्राप्त नहीं है। ईरानी समाचार एजेंसियों ने दावा किया कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के दक्षिण-पूर्व में अमेरिकी नौसेना के एक पोत पर हमला किया, और उस पर समुद्री सुरक्षा और नौवहन मानदंडों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। वहीं संयुक्त अरब अमीरात में अधिकारियों ने संभावित मिसाइल हमले का आपातकालीन सायरन बजाकर लोगों से तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने का आग्रह किया है।

# भारत-कनाडा ने एफटीए पर वार्ता के दूसरे दौर की शुरुआत की

नयी दिल्ली। भारत और कनाडा ने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता का दूसरा दौर सोमवार को शुरू किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते को आधिकारिक रूप से व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इस वार्ता में वस्तुओं, सेवाओं तथा अन्य पारस्परिक रूप से सहमत नीतिगत क्षेत्रों में व्यापार पर चर्चा की जाएगी। अधिकारी ने कहा, पांच दिवसीय वार्ता चार मई से यहां शुरू हुई। वार्ता का पहला दौर मार्च में आयोजित किया गया था। यह दौर महत्वपूर्ण है क्योंकि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस माह के अंत तक वार्ता को गति देने के लिए कनाडा की यात्रा करेंगे। यह वार्ता प्रक्रिया फिर से शुरू होने का संकेत भी है क्योंकि कनाडा ने 2023 में




वार्ता को रोक दिया था। हालांकि अब दोनों ने पिछले दो वर्ष में वैश्विक व्यापार परिदृश्य में आए बदलावों को देखते हुए बातचीत को नए सिरे से शुरू करने का निर्णय लिया है। यह वार्ता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों पक्षों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। 2024-25 में यह 8.66 अरब अमेरिकी डॉलर (4.22 अरब डॉलर निर्यात और 4.44 अरब डॉलर आयात) रहा। कनाडा क्रय शक्ति समता के आधार पर कनाडा 4.165 करोड़ लोगों (2025) के बाजार और 2340 अरब अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का प्रतिनिधित्व करता है। भारत से कनाडा को प्रमुख निर्यात में दवाइयां, लोहा एवं इस्पात, समुद्री उत्पाद, सूती परिधान, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रसायन शामिल हैं। वहीं प्रमुख आयात में दालें, मोती एवं अर्ध-कीमती पत्थर, कोयला, कागज तथा कच्चा पेट्रोलियम शामिल हैं।

# गौरी शुक्ला का धमाका, जीते दोहरे खिताब

लखनऊ। गौरी शुक्ला ने स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) द्वारा आयोजित लखनऊ जिला ओपन टेबल टेनिस प्रतियोगिता में दमदार खेल दिखाते हुए महिला एकल व अंडर-19 बालिका वर्ग के फाइनल में जीत के साथ दोहरे खिताब अपने नाम किए। वहीं पुरुष एकल में आकाश द्विवेदी विजेता बने। एसएनआई टेबल टेनिस एकेडमी, एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस, मॉडर्न अकादमी, विनय खंड-2, गोमतीनगर में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबलों में बालक अंडर-19 में अमर मणि शुक्ला और अंडर-11 आयु वर्ग में अमायरा सिंह व विराज ने खिताब जीते।




समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. प्रसून शमसेरी (ऑथोर्पेडिक सर्जन, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ) ने विशिष्ट अतिथि खेल प्रमोटर सत्येंद्र त्रिपाठी की गरिमामयी मौजूदगी में विजेताओं को पुरस्कृत किया। समारोह की अध्यक्षता स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने की जबकि अंत में आयोजन सचिव सुनील जोशी ने आभार जताया। पुरुष एकल के फाइनल में आकाश द्विवेदी ने अंकित वर्मा को 11-8, 8-11, 11-7, 11-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। महिला एकल में एसएनआई टेबल टेनिस अकादमी की गौरी शुक्ला ने ताश्वी रस्तोगी को 7-11, 11-4, 12-10, 8-11, 11-6 से पराजित किया। बालिका अंडर-19 वर्ग में भी गौरी शुक्ला ने ताश्वी रस्तोगी को 8-11, 10-12, 11-7, 11-9, 11-6 से हराकर दूसरा खिताब जीता। बालिका अंडर-11 वर्ग में एसएनआई की अमायरा सिंह ने एसएनआई की ही आराध्या वर्मा को 8-11, 11-4, 11-9 से हराया। बालक अंडर-11 वर्ग में विराज सिंह ने वर्चस्व के खिलाफ खिताबी जीत दर्ज की। दूसरी ओर बालक अंडर-19 फाइनल में अमर मणि शुक्ला ने विनायक को 11-8, 11-7, 11-9 से शिकस्त दी।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K